भोपाल

सोमवार, 23 फरवरी 2026

फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-06

वर्ष : 12, अंक : 324

पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **

मौसम

अधि. 30

न्यून. 17

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मुख्यमंत्री ने राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की प्रतिमा का किया अनावरण, मिलीं कई सौगात

## महूगांव में 100 बिस्तरों का अस्पताल बनेगा, मिलेगा नगरपालिका का 'दर्जा'

महू विधानसभा क्षेत्र में कई विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन



हल भेंटकर सीएम का अभिनंदन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मप्र सरकार विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में क्षेत्र में और तेजी से विकास कार्य किए जाएंगे। उन्होंने जनजातीय नायक टंट्या मामा के सम्मान में किए जा रहे कार्यों का भी उल्लेख किया और भगोरिया ▶▶ शेष पेज 6 पर

### प्रदेश में चहुंओर तेज गति से विकास हो रहा है

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में चहुंओर तेज गति से विकास हो रहा है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के संतुलित विकास से ही हम मप्र को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी से ▶▶ शेष पेज 6 पर

# जबलपुर-भोपाल एनएच-45 पर आरओबी का एक हिस्सा 'ढहा'

## 400 करोड़ की लागत से चार साल में तैयार हुआ था ब्रिज आवागमन बंद, उठे सवाल

हादसा उस वक्त हुआ जब पुल के एक तरफ मरम्मत कार्य चल रहा था दूसरी ओर से वाहनों का आवागमन चल रहा था, लेकिन दूसरी ओर का हिस्सा गिर गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

जबलपुर और भोपाल को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-45 (एनएच-45) पर रविवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया। शहपुरा-भिटोनी क्षेत्र में बना रेल ओवर ब्रिज मरम्मत के दौरान अचानक ढह गया, जिसके बाद इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया। गनीमत रही कि हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

यह वही पुल है जिसे जबलपुर-भोपाल मार्ग की जीवनरेखा कहा जाता है। कुछ वर्ष पहले ही करोड़ों की लागत से ▶▶ शेष पेज 6 पर

### कंपनी को किया ब्लैकलिस्ट



क्षतिग्रस्त पुल



रात का दृश्य

### हरिभूमि ने पहले ही किया था आगाह

बता दें कि हरिभूमि ने 19 दिसंबर 2025 के अंक में 'एक ओर से धंसा जबलपुर-भोपाल नेशनल हाइवे 45 का ओवर ब्रिज' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। जिसमें इस पुल के बारे में बताया गया था कि ▶▶ शेष पेज 6 पर


हरिभूमि
एक ओर से धंसा जबलपुर-भोपाल नेशनल हाइवे 45 का ओवर ब्रिज

### कांग्रेस का आरोपः यह भ्रष्टाचार का नतीजा

घटना के बाद कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि कुछ साल में ही पुल का गिर जाना साफ तौर पर घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार को दिखाता है। स्थानीय लोगों की शिकायतों को नजरअंदाज किया गया। कांग्रेस ने स्वतंत्र जांच और निर्माण एजेंसी पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।


क्या सुनने में कठिनाई होती है

सिल्वर जुबली ऑफर

• कान/सुनने की मशीन पर विशेष छूट

•सुनने की जांच •स्पीच थैरेपी

Sinha Ph. 0755-2760853 9243703712

सिन्हा स्पीच एंड हियरिंग सेंटर

पता : सरिता कॉम्पलेक्स, ब्लॉक नं. 3 शिवाजी नगर भोपाल

समय : सुबह 10.00 से 1.00 तक शाम 5.00 बजे से रात 8.00 तक

क्या धन का अभाव है ?

क्या व्यापार में ग्राहक नहीं आ रहे है?

क्या इंडस्ट्री बंद हो रही है ?

क्या आपके भवन का वास्तु सही है?

VASTUVID SATYENDRA SINGH

Call Now 9171295733

वास्तु शास्त्री, एस्ट्रोलॉजर, न्यूमरोलॉजिस्ट, ऊर्जा स्कैनिंग एक्सपर्ट

ADD.: VASTU SADAN, D-7 TRIBHUVAN COLONY, BHOPAL

inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


भारत-यूएस ट्रेड डील पर ब्रेक: ट्रंप के नए टैरिफ और कोर्ट के फैसले ने फंसाया पेंच!

# ट्रेड डील पर फिलहाल 'वेट एंड वॉच', टैरिफ के नए गणित को सुलझाने में जुटे भारत-अमेरिका

*अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने सभी ग्लोबल टैरिफ रद्द कर दिए थे। फिर ट्रंप ने दुनियाभर पर पहले 10% टैरिफ लगाया, फिर 24 घंटे के अंदर ही उसे बढ़ाकर 15% कर दिया था*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भारत और वॉशिंगटन ने अंतरिम ट्रेड एग्रीमेंट पर होने वाली बैठक को रीशेड्यूल करने का फैसला किया है। इसके चलते फिलहाल आज यानी सोमवार 23 से 26 फरवरी तक वॉशिंगटन में होने वाली बैठक को टाल दिया गया है। अब दोनों पक्ष अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के असर पर गहराई से गौर कर सकेंगे। वाणिज्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव दर्पण जैन इस समझौते के लिए भारत के लिए मुख्य वार्ताकार हैं। अब दोनों देशों ने इस बैठक को बाद में करने का फैसला किया है।

बता दें कि दरअसल समझौते में भारत को 18% टैरिफ देना था, लेकिन शुक्रवार को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने सभी ग्लोबल टैरिफ रद्द कर दिए थे। जिसके बाद ट्रंप ने शुक्रवार को ही दुनियाभर पर पहले 10% टैरिफ लगाया, फिर 24 घंटे के अंदर ही उसे बढ़ाकर 15% कर दिया। अब ट्रंप का 15% ग्लोबल टैरिफ लागू हो रहा है, जो डील वाले 18% से कम है। इसके कारण दोनों पक्षों ▶▶ शेष पेज 6 पर

अगले महीने होने थे ट्रेड डील पर हस्ताक्षर आपसी सहमति से टाली गई बैठक




एआई फोटो

दोनों पक्षों ने तय किया कि बदलावों की समीक्षा के बाद बैठक की नई तारीख तय की जाएगी

### डील से भारत को मिलेंगे 7 प्रमुख फायदे

1. **अमेरिकी टैरिफ में कमीः** भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के टैरिफ को 18 प्रतिशत तक घटाया गया है, जिससे भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में बेहतर पहुंच मिलेगी।
2. **चुनिंदा उत्पादों पर जीरो टैरिफः** जेनेरिक दवाएं, रत्न और हीरे और विमान पार्ट्स पर पूरी तरह टैरिफ खत्म किया जाएगा, जिससे इन क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।
3. **30 ट्रिलियन डॉलर के बाजार तक पहुंचः** भारतीय एमएसएमई, किसान, मछुआरे, महिलाओं और युवा उद्यमियों के लिए अमेरिकी बाजार में प्रवेश।
4. **निर्यात क्षेत्रों में बढ़ावाः** टेक्सटाइल, चमड़ा और फुटवियर, प्लास्टिक और रबर उत्पाद, ऑर्गेनिक केमिकल्स, होम डेकोर, हस्तशिल्प और कुछ मशीनरी में नए अवसर।
5. **सेक्शन 232 छूटः** विमान पार्ट्स पर अमेरिकी सेक्शन 232 के तहत छूट मिलेगी।
6. **ऑटो पार्ट्स पर टैरिफ रेट कोटाः** कुछ ऑटो कंपोनेंट्स के लिए अमेरिका में विशेष पहुंच मिलेगी।
7. **जेनेरिक दवाओं पर बेहतर शर्तेंः** भारतीय जेनेरिक फार्मास्यूटिकल्स के लिए टैरिफ और नियामक नियमों में सुधार।

### टैरिफ बदलाव से भारत अमेरिकी ट्रेड डील संकट में

भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर सहमति बन गई थी और इसे लेकर फ्रेमवर्क जारी हो चुका है। दोनों देशों ने कहा था कि इस फ्रेमवर्क को जल्द लागू किया जाएगा और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की दिशा में बातचीत आगे बढ़ेगी। भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान के मुताबिक, यह फ्रेमवर्क 13 फरवरी 2025 को शुरू हुई ▶▶ शेष पेज 6 पर

### भारत ने अपने कृषि और डेयरी सेक्टर सुरक्षित रखे थे

भारत और अमेरिका के बीच कृषि और डेयरी सेक्टर के कारण ट्रेड डील रुका हुआ था। हालांकि, फरवरी में जारी फ्रेमवर्क में भारत ने अपने कृषि और डेयरी सेक्टर को पूरी तरह सुरक्षित रखा। मंत्री पीयूष गोयल ने बताया था कि भारत ने मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पोल्ट्री, दूध, पनीर, एथेनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियों और मांस जैसे कृषि और डेयरी उत्पादों को पूरी तरह संरक्षित रखा है। इन उत्पादों पर ▶▶ शेष पेज 6 पर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाते हुए

'नमो भारत रैपिड रेल' के फुल स्ट्रेच को पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी

## दिल्ली से मेरठ 82 किमी का सफर अब महज 55 मिनट में पूरा होगा

यह भारत की सबसे तेज सेमी-हाई स्पीड रीजनल रैपिड ट्रेन

इस ट्रेन में करीब 80 प्रतिशत ट्रेन ऑपरेटर महिलाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल के फुल स्ट्रेच और मेरठ मेट्रो का उद्घाटन कर दिया। दिल्ली के सराय काले खां से मेरठ के मोदीपुरम तक 82 किलोमीटर का सफर अब महज 55 मिनट में पूरा होगा। इसे भारत की सबसे तेज सेमी-हाई स्पीड रीजनल रैपिड ट्रेन कहा जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने मेरठ मेट्रो का उद्घाटन करने के बाद उसमें सफर भी किया। इस दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों और कॉलेज के छात्रों से बातचीत की। रिपोर्ट के मुताबिक, नमो भारत रैपिड रेल के संचालन में ▶▶ शेष पेज 6 पर

### यह है खासियत

नमो भारत कॉरिडोर की खास बात यह है कि इसमें लगभग 70 किमी हिस्सा एलिवेटेड है। जबकि करीब 12 किलोमीटर हिस्सा अंडरग्राउंड है। नमो भारत स्टेशनों का निर्माण मल्टी-मॉडल इंटीग्रेशन के तहत किया जा रहा है, ताकि यात्रियों को अन्य परिवहन साधनों से बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके।

### खबर संक्षेप

#### पिपरिया-छिंदवाड़ा मार्ग पर बस दुर्घटनाग्रस्त ,15 घायल



**पिपरिया।** रविवार को पिपरिया से छिंदवाड़ा जा रही महाकाल बस झिरपा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्टेयरिंग फंसने के कारण बस अनियंत्रित होकर रानीखेड़ा के पास एक पेड़ से टकरा गई। हादसे में बस चालक और कंडक्टर सहित करीब 15 लोग घायल हो गए।

#### रायसेन-उज्जैन में प्रेमी जोड़े ने एक साथ की आत्महत्या



**रायसेन।** प्रेम प्रसंग के चलते एक प्रेमी जोड़े ने आत्महत्या कर ली। युवती ने रायसेन के उदयपुरा में फांसी लगाई। वहीं,युवक उज्जैन जिले के पवासा थाना क्षेत्र में उसी समय फांसी पर लटककर खुदकुशी कर ली। रविवार को पता चला कि दोनों प्रेमी-प्रेमिका थे।

बाल यौन शोषण के आरोप

## अविमुक्तेश्वरानंद और शिष्य पर एफआईआर

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज



■ जिला न्यायालय की पॉक्सो कोर्ट ने दिए थे आदेश

ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी के खिलाफ झूंसी थाने में एफआईआर दर्ज हो गई है। यह केस बच्चों के साथ यौन शोषण करने के आरोप में दर्ज किया गया है। इसमें दो तीन अन्य को भी नामजद किया गया है। यह एफआईआर स्पेशल कोर्ट पॉक्सो एक्ट विनोद ▶▶ शेष पेज 6 पर

कस्टम विभाग ने तस्कर को पकड़ा

## 135 ग्राम सोना निगलकर आया, अहमदाबाद में पकड़ाया

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद



■ मलत्याग के जरिए निकलवाया गया सोना

अहमदाबाद कस्टम्स विभाग ने अबू धाबी से आए एक यात्री को पकड़ा। इसने 24 कैरेट का 135 ग्राम से अधिक सोना निगल रखा था। अस्पताल में मलत्याग के जरिए गोल्ड निकलवाया गया। जब्त किए गए सोने की अनुमानित बाजार कीमत करीब 21.89 लाख रुपए आंकी गई है। अहमदाबाद कस्टम्स विभाग द्वारा जारी बयान में बताया ▶▶ शेष पेज 6 पर

नशे में धुत चालक का कहर

## आधा दर्जन वाहन हुए क्षतिग्रस्त, पांच घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर



■ पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर कार जब्त की

शहर के ओमती थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात तेज रफ्तार और नशे में धुत एक कार चालक ने जमकर उत्पात मचाया। इनकम टैक्स चौक के पास हुई इस घटना में एक पुलिसकर्मी सहित पांच लोग घायल हो गए, जबकि करीब आधा दर्जन वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने तत्परता ▶▶ शेष पेज 6 पर

## बेटियों का जलवा... भारतीय टीम बनी चैंपियन

फाइनल में बांग्लादेश को 46 रन से दी शिकस्त



### टीम इंडिया ने जीता एशिया कप राइजिंग स्टार्स

*नई दिल्ली। भारतीय जूनियर महिला टीम ने वुमेंस एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 का खिताब जीत लिया है। पहले खेलते हुए इस मैच में भारतीय टीम 7 विकेट पर 134 रन ही बना पाई थी। जवाब में इस टूर्नामेंट में फाइनल तक अजेय रही बांग्लादेश की टीम 88 रन ही बना पाई और ढेर हो गई। इस* ▶▶ शेष पेज 6 पर

जनगोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम में आरएसएस प्रमुख डॉ. भागवत बोले

## देश की मजबूत सुरक्षा के लिए जरूरीः सशक्त व्यक्ति से ही सशक्त समाज और राष्ट्र का निर्माण

एजेंसी ▶▶ देहरादून



डॉ. मोहन भागवत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि संघ एक सशक्त समाज और राष्ट्र के निर्माण के लिए व्यक्ति निर्माण की दिशा में काम कर रहा है। संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यहां 'संघ यात्रा- नए क्षितिज, नए आयाम' विषय पर आयोजित एक जनगोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम में भागवत ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण है, क्योंकि सशक्त व्यक्ति से ही सशक्त समाज और राष्ट्र का निर्माण होता है। संघ की किसी संगठन से प्रतिस्पर्धा नहीं है, अगर राष्ट्र सशक्त होगा तो राष्ट्रवासी भी सशक्त होंगे। यदि राष्ट्र दुर्बल होगा तो व्यक्ति अपने ही देश में सुरक्षित नहीं रह पाएगा। भागवत ने कहा कि बाहर से देखकर संघ की वास्तविकता को नहीं समझा जा सकता।

***बाहर से देखकर संघ की वास्तविकता को नहीं समझा जा सकता***

उन्होंने कहा कि पथ संचालन देखकर कुछ लोग संघ को अर्धसैनिक संगठन समझ लेते हैं, राष्ट्रप्रेम के गीत सुनकर संगीत मंडली मान लेते हैं, सेवा कार्य देखकर सेवा क्षेत्र का संगठन समझ लेते हैं किंतु संघ इन सीमाओं से परे एक व्यापक ▶▶ शेष पेज 6 पर

लिव-इन में रह रही पुलिस अधिकारी की 19 साल की बेटी से हुई दरिंदगी

## पार्टनर ने जमकर पीटा, सैनिटाइजर डालकर प्राइवेट पार्ट में लगा दी आग, यूरिन भी पिलाया

आशंका है कि भविष्य में पीड़िता न मां बन पाएगी और न ही चल पाएगी

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

हरियाणा के गुरुग्राम में 19 साल की लिव-इन पार्टनर टॉर्चर केस में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि युवती बीएससी की छात्रा है और उसकी मां त्रिपुरा में पुलिस अधिकारी है। आरोपी शिवम ने लिव-इन में रहते हुए उसके प्राइवेट पार्ट को सैनिटाइजर डालकर लाइटर से आग लगाई। साथ ही मारपीट कर वीडियो भी बनाया। एक पुलिस अधिकारी का कहना है कि कस्टडी में आरोपी से पूछताछ में पता चला है कि वो छात्रा के साथ फिजिकल रिलेशन बना रहा था। तभी उसके साथ लगातार ▶▶ शेष पेज 6 पर

ऑनलाइन एप से दोस्ती कर दिया शादी का झांसा, दोनों गुरुग्राम के होस्टल में लिव इन में रह रहे थे, आरोपी चरित्र पर शक करता था



आरोपी शिवम पुलिस की गिरफ्त में

### न्यूड वीडियो रिकॉर्ड करने का आरोप

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि शिवम ने लिव-इन पार्टनर के पैरों पर चाकू से हमला किया। उसका न्यूड वीडियो रिकॉर्ड कर उसके साथ मारपीट की। उसके सिर पर स्टील की बोटल से हमला किया, सिर पकड़कर दीवार पर पटक दिया। ▶▶ शेष पेज 6 पर

### बेटी ने फोन कर कहा मुझे जान से मार देगा

पीड़िता की मां के मुताबिक 16 फरवरी रात करीब 10 बजे बेटी का फोन आया था। उसने बताया था कि- मेरे पास समय नहीं है, मुझे मार दिया जाएगा। शिवम पिछले 3 दिनों से मुझे पीट रहा है, जलाया है, आज जान से मार देगा। पीड़िता की मां ने आगे बताया कि बेटी ने कॉल पर बताया कि शिवम ने उसे तीन दिनों तक कमरे ▶▶ शेष पेज 6 पर






# पारा फिर 32 डिग्री पार, दिन में गर्मी, रात में मौसम नॉर्मल

## तीन से चार दिन मौसम साफ रहेगा, तापमान में मामूली बढ़त होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में रविवार से मौसम साफ हो गया है। शहर में दिन का पारा 2.4 डिग्री बढ़कर तीन दिन बाद फिर से 32 डिग्री को पार कर गया। रात का पारा 14 डिग्री पर थमा रहा, जिससे दिन में गर्मी और रात में मौसम सामान्य रहा है। इससे पहले भोपाल में 18 फरवरी को दिन का पारा 31.4 डिग्री रहा था। बादल छंटते ही अब प्रदेशभर में दिन के पारे में बढ़त जारी है, जबकि रात में मामूली कमी रही है। मौसम केंद्र के अनुसार अभी मौसम में कोई बदलाव की उम्मीद नहीं है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अगले तीन से चार दिन मौसम साफ रहने के साथ ही दिन के तापमान में मामूली बढ़त होगी, जबकि रात में कुछ कमी आएगी।

### शाम को तेजी से घटी नमी, गर्मी बढ़ी

शहर की हवा में रविवार को सुबह 8:30 बजे तक नमी की मात्रा 92 फीसदी रही, जबकि शाम 5:30 बजे यह 24 प्रतिशत दर्ज की गई। शुक्रवार से शनिवार के बीच यहां सुबह की हवा में 95 प्रतिशत और शाम को 80 फीसदी तक नमी रही है। दो दिन में शाम की हवा में करीब 55 प्रतिशत की कमी से शाम को भी सर्दी का अहसास कम हुआ है।

### अभी खाड़ी में बना सकुर्लेशन

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार रविवार को बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक लो प्रेशर एरिया बना है। इससे संबंधित एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन भी है। यह सोमवार तक पश्चिमी उत्तर की ओर बढ़ेगा। इसके बाद मंगलवार को फिर वापस दक्षिण पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के ऊपर पूर्व की ओर बढ़ेगा। इसके लगातार आगे बढने से आने वाले दिनों में प्रदेश में हवाएं बदल सकती हैं। इससे मौसम में भी कुछ बदलाव की उम्मीद है। यह मध्य महाराष्ट्र, तमिलनाडु और कर्नाटक होते हुए आगे बढ़ेगा। जिससे प्रदेश में हवाएं बदल सकती हैं। फिलहाल तीन दिन बाद स्थिति और स्पष्ट होगी।

---

## खबर संक्षेप

### कमला नगर में सीएंडडी वेस्ट फैलाने पर पांच हजार का किया जुर्माना

**भोपाल।** निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने रविवार को कोटरा सुल्तानाबाद स्थित कमला नगर में सीएंडडी वेस्ट पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाई की और पांच हजार रुपए स्पॉट फाइन किया।

### निगम अमले ने पकड़े 58 स्ट्रीट डॉग, नसबंदी के बाद 71 वापस छोड़े



प्रतीकात्मक चित्र

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा स्ट्रीट डॉग को पकड़कर नसबंदी व एंटीरैबीज टीकाकरण की कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत रविवार को डॉग स्क्वाड के दलों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 58 स्ट्रीट डॉग को पकड़कर नसबंदी केन्द्रों में भेजा। इसके बाद निगम अमले ने नसबंदी के बाद 71 को वापस छोड़ा। निगम के कजलीखेड़ा एबीसी सेंटर में 18, आदमपुर में 19 और अरवलिया एबीसी सेंटर में 21 स्ट्रीट डॉग भेजे गए। नसबंदी केन्द्रों में नसबंदी के बाद 71 को वापस छोड़ा गया।

---

### जेपी अस्पताल की नई बिल्डिंग के हैंडओवर से पहले हुआ खुलासा

# गजब इंजीनियरिंग... 26 करोड़ की बिल्डिंग में फायर सेफ्टी, सीवेज ट्रीटमेंट बनाना भूले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के मॉडल अस्पताल में 26 करोड़ की लागत से बन रहे नए भवन में बड़ी इंजीनियरिंग चूक सामले आई है। दरअसल, इस भवन का निर्माण पूरा हो चुका है और हैंडओवर से ठीक पहले याद आया कि अस्पताल में फायर सेफ्टी सिस्टम, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), इंफ्लूऐंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) तो बनाना ही भूल गए।

इतना ही नहीं, अधिकारी बिल्डिंग के लिए फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट तक लेना भूल गए। अब निर्माण एजेंसी ने इस कमी को पूरा करने के लिए पांच करोड़ रुपए मांगे हैं। मालूम हो कि 90 डिग्री ब्रिज के अलावा भी शहर में कई और मामले सामने आ चुके हैं, जिसमें निर्माण में लापरवाही सामने आई हो।

*ऐशबाग के 90 डिग्री ब्रिज के बाद इंजीनियरों का एक और नमूना*

*निर्माण एजेंसी ने यह कमी पूरी करने के लिए मांगे 5 करोड़ रु.*

**चार बार बढ़ी डेडलाइन, अब दिसंबर से पहले हैंडओवर पूरा होना मुमकिन नहीं**



जयप्रकाश अस्पताल परिसर में तैयार हुई अस्पताल की नई बिल्डिंग।

अब तक चार बार इस भवन की डेडलाइन बढ़ चुकी है। इसे अक्टूबर 2025 में हेंडओवर किया जाना था, लेकिन काम पूरा ना होने पर उसे बढ़ाकर मार्च 2026 कर दिया गया था। हालांकि अब इन तीनों काम को पूरा करने में एक साल लग सकता है। ऐसे में निर्माण कार्य दिसंबर 2026 से पहले पूरा होना मुमकिन नहीं है।

### महत्वपूर्ण हैं तीनों सुविधाएं

- **फायर सेफ्टी :** अस्पताल में आग से बचाव के इंतजाम- फायर अलार्म, स्प्रिंकलर, फायर एक्जिट आदि को फायर सेफ्टी कहते हैं। इसके न होने से आग लगने पर मरीजों, स्टाफ और उपकरणों को भारी नुकसान और जान का खतरा होता है।
- **सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट** अस्पताल से निकलने वाले गंदे पानी (सीवेज) को साफ करने की व्यवस्था को एसटीपी कहते हैं। इसके न होने से गंदा पानी खुले में जाएगा, जिससे संक्रमण, बदबू और पर्यावरण प्रदूषण बढ़ेगा।
- **इन्फ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट** केमिकल और लैब वेस्ट वाले पानी को ट्रीट करने की प्रक्रिया को ईटीपी कहते हैं। इसके बिना जहरीले रसायन नालों में मिलेंगे, जिससे पानी, मिट्टी और इंसानों की सेहत को गंभीर नुकसान होगा।

**पहले इंटरलिंक कनेक्टिविटी बनाना भूल गए थे**

इससे पहले नई बिल्डिंग को पुराने हॉस्पिटल बिल्डिंग से जोड़ने के लिए इंटरलिंक कनेक्टिविटी बनाना ही भूल गए थे। इस गलती के कारण अब दोनों भवनों को जोड़ने के लिए अलग से एक ब्रिज बनाना पड़ेगा। इसके निर्माण में भी अतिरिक्त समय लगेगा।

### बजट मिलते ही शुरू होगा काम

नई बिल्डिंग के बचे हुए काम के लिए एंजेसी ने शासन से पांच करोड़ रुपए मांगे गए हैं। बजट मिलते ही एटीपी, एसटीपी और फायर सेफ्टी का काम पूरा होगा।
**डॉ. संजय जैन, अधीक्षक, जेपी अस्पताल**

---

### नगर निगम ने दिखाई सख्ती

# पानी का बिल जमा नहीं करने वाले 40 हजार उपभोक्ताओं के कटेंगे नल कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम प्रशासन ने राजस्व वसूली को लेकर संपत्तिकर के बकायादारों की संपित्त कुर्क करने की कार्रवाई के साथ जल दर की राशि जमा न करने पर घरों के नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई शुरू कर दी है। शहरभर में करीब 40 हजार ऐसे उपभोक्ता हैं जिन्होंने राशि जमा नहीं की थी। जबकि बीते साल सवा लाख लोगों ने जल दर की राशि का भुगतान नहीं किया था।

शहर के 85 वार्डों में 40 हजार से ज्यादा पानी के उपभोक्ताओं पर जल दर की राशि बकाया है। अधिक राजस्व वसूली को देखते हुए ऐसे उपभोक्ताओं को चिन्हित कर नोटिस देने और उसके बाद नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है। निगम प्रशासन ने ऐसे उपभोक्ताओं को परेशानी से बचने राशि वार्ड कार्यालय में जमा करने को कहा है। शनिवार को पुराने शहर में कई स्थानों पर नल कनेक्शन काटे गए। सोमवार से प्रत्येक जोन और वार्ड स्तर पर यह कार्रवाई बड़े पैमाने पर की जाएगी। इस संबंध में निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि संपत्तिकर और जल दर के अलावा अन्य मदों के बकायादारों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। लोगों को परेशानी से बचने के लिए शिविर भी लगाए जा रहे हैं। जो लोग राशि का भुगतान नहीं करेंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई हो रही है।




### 829 कॉलोनियों में निजी कनेक्शन देगा निगम

राजधानी में 1500 से ज्यादा कॉलोनियां हैं। 829 कॉलोनियां ऐसी हैं जहां बल्क कनेक्शन हैं। नगर निगम अब इन कॉलोनियों में रहने वाले परिवारों को व्यक्तिगत कनेक्शन देगा। इस प्रस्ताव को महापौर परिषद ने पहले ही अनुमति दे दी थी। अब निगम ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। शहर में जल प्रदाय व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अवैध नल कनेक्शनों की पहचान के लिए निगम सर्वे करेगा। इस तरह के कनेक्शन पुराने शहर में अधिक बताए जा रहे हैं। जबकि संत नगर, कोलार, बैरसिया रोड और भेल क्षेत्र से लगे स्लम इलाकों में भी अवैध नल कनेक्शनों की भरमार बताई जा रही है। निगम ऐसे कनेक्शनों की पहचान करके उन्हें वैध करने की प्रक्रिया करेगा।

---

### एनजीटी की दिल्ली में प्रिंसिपल बैंच के सामने 25 फरवरी को होना है सुनवाई

# 836.91 करोड़ के प्रोजेक्ट को लेकर मुश्किल में एनएचएआई काम में हुई देरी तो बढ़ेगी लागत, दो प्वाइंट पर काम किया तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या बायपास रोड को 10 लेन करने 836.91 करोड़ के प्रोजेक्ट को लेकर एनएचएआई मुश्किल में पड़ गया है। दअरसल पेडों की कटाई के मामले में एनजीटी ने रोक लगा रखी है। मामला नई दिल्ली की प्रिंसिपल बैंच के सामने है जहां 25 फरवरी को सुनवाई होना है। इसके पहले ही उक्त रोड पर तीन प्रस्तावित ओवरब्रिज का निर्माण कार्य तेज कर दिया गया है। जबकि जहां से आनन-फानन में पेड़ों की कटाई की गई थी वहां रोड चौडीकरण भी हो रहा है। करोंद से नई जेल और अयोध्या चौराहे पर ओवरब्रिज के लिए पिलर तैयार हो रहे हैं। इसके लिए रूट डायवर्ट किया गया है। एनएचएआई प्रशासन का मानना है कि निर्माण कार्यों में अगर देरी हुई तो प्रोजेक्ट की लागत काफी बढ़ जाएगी। इसलिए पेड़ों को बचाते हुए काम जारी रखने के आदेश को ध्यान में रखते हुए काम की गति बढाई गई है।

16 किमी लंबे रोड पर अयोध्या नगर, भानपुर के पास और करोंद जेल के पास निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। जिन स्थानों से पेड़ों की कटाई हुई है उस जगह को समतल कर रोड को चौड़ा करने का काम चल रहा है। जेल के पास गांधी नगर से पहले रोड के बीचों बीच पिलर बनाने के लिए गहरा गड्ढों खोदा गया है। एनएचएआई उक्त रोड पर तीन ओवरब्रिज को सबसे पहले तैयार करने की मंशा से काम कर रहा है ताकि एनजीटी का निर्णय जब तक आए तो काम की गति न रुके।

**12 दिसंबर-25 को पेड़ काटने की मिली थी अनुमति**




*12 दिसंबर-25 को एनजीटी द्वारा बनाई गई हाई लेवल कमेटी ने एनएचएआई को 7 हजार 871 पेड़ काटने की अनुमति दे दी थी। 19 दिसंबर से नगर निगम की टीमों ने आसाराम तिराहा, करोंद और भानपुर में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई शुरू कर दी थी। यह मामला एनवायरमेंट एक्टीविस्ट की नजर में आया तो विरोध शुरू हो गया। एनजीटी में याचिका दी गई। इस पर 8 जनवरी-26 तक पेड़ों की कटाई पर रोक लगा दी। अब यह केस नई दिल्ली की प्रिंसिपल बैंच के सामने है जहां सुनवाई होना है।*

**40 हजार वाहन रोज गुजरते हैं**

यहां की यातायात वहन क्षमता करीब 40,000 वाहन प्रतिदिन है, जबकि इस मार्ग पर अभी ही करीब 45,000 वाहन आवागमन कर रहे हैं। वहीं कॉलोनियों से वाहनों सीधे मुख्य मार्ग पर आने से यातायात दबाव बढ़ता जा रहा है। इस मार्ग पर तीन ब्लैक स्पॉट्स भी चिन्हित किए हैं।

**सुनवाई के बाद काम में आएगी तेजी**

*एनएचएआई प्रोजेक्ट डायरेक्टर देवांश नुवल का कहना है कि अभी काम की गति धीमी है। एनजीटी की प्रिंसिपल बैंच में सुनवाई होना है। उसके बाद ही काम गति पकड़ेगा। प्रोजेक्ट लागत न बढे इसलिए प्लान में बदलाव करते हुए निर्माण कार्य शुरू कर दिया है।*

---

### जबलपुर फर्जी पासपोर्ट कांड

# एटीएस ने फरार आरोपियों को पश्चिम बंगाल से किया गिरफ्तार, कोर्ट में पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

विगत वर्ष जुलाई में एंटी टेररिस्ट स्क्वाड जबलपुर द्वारा उजागर किए गए फर्जी पासपोर्ट मामले में जांच तेज करते हुए एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। अफगानी नागरिकों को भारतीय दस्तावेज दिलाकर पासपोर्ट बनवाने वाले गिरोह के अन्य सदस्यों को भी पश्चिम बंगाल धर दबोचा है। इस प्रकरण में पहले अफगानी नागरिक सोबत खान के साथ उसके सहयोगी दिनेश गर्ग, चंदन सिंह ठाकुर, महेंद्र सुखदान तथा कोलकाता से अफगानी नागरिक इकबाल और अकबर खान को गिरफ्तार किया था। अब एटीएस ने फरार सैयद अहमद, जियाउल रहमान, जफर खान, रज़ा खान और सुल्तान मोहम्मद को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है।

जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर जबलपुर के पते से पासपोर्ट बनवाए। एटीएस पूछताछ कर पता लगा रही है कि इस नेटवर्क में और कितने लोग शामिल हैं। मामले में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े पहलुओं को भी ध्यान में रखकर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

### 25 तक की मिली रिमांड

एटीएस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया जहां पर अदालत ने 25 फरवरी तक की रिमांड मंजूर की है अब आरोपियों से पूछताछ के बाद एटीएस बड़ा खुलासा कर सकती है।

---

### दिल्ली-भोपाल मेट्रो के बीच दिसंबर-25 में हुआ था एमओयू

# भोपाल मेट्रो के स्टेशनों पर मार्च से शुरू होगी एएफसी सिस्टम की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में प्रायोरिटी कॉरिडोर में संचालित हो रही मेट्रो को भले ही यात्री नहीं मिल रहे हों, लेकिन स्टेशनों पर ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम (एएफसी) इंस्टाल करने का काम तेजी से चल रहा है। मार्च माह के अंत तक यह सुविधा शुरू हो जाएगी। इनके लगने से लोगों को टिकट लेने के लिए कतार में नहीं लगना पड़ेगा। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की विशेषज्ञों की टीम ने ऑटो मैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम को इंस्टाल करने का काम शुरू कर दिया है। इस सिस्टम को



फाइल फोटो

इंस्टाल करने के लिए भोपाल और दिल्ली मेट्रो कारपोरेशन के बीच दिसंबर-25 में एमओयू हुआ था।

समझौते के तहत विशेषज्ञों की टीम स्टेशनों पर गेट्स और फेयर सिस्टम इंस्टाल करने का काम कर रही है। तकनीकी काम पूरा होने के बाद इसकी टेस्टिंग की जाएगी। ताकि यात्रियों को खराबी का सामना न करना पड़े।

### भविष्य में यात्रियों को यह होगा फायदा

वर्तमान में एम्स से सुभाष नगर तक मेट्रो का संचालन हो रहा है, लेकिन यात्रियों की संख्या बेहद कम है, लेकिन भविष्य में यात्रियों की संख्या बढने पर इस सिस्टम के लगने से यात्रियों को टिकट के लिए खिड़की पर खड़े होने की जरूरत नहीं होगी। स्मार्ट कार्ड और क्यूआर कोड के जरिए गेट पर टच करते ही एंट्री मिल जाएगी।

---

### एडीजी राव ने अफसरों को लिखा पत्र, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

# सख्ती...दुष्कर्म और पॉक्सो मामलों में डीएनए टेस्ट अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में दुष्कर्म और पॉक्सो मामलों की जांच को लेकर पुलिस मुख्यालय ने सख्त रुख अपना लिया है। गंभीर लैंगिक अपराधों में अब डीएनए परीक्षण कराना अनिवार्य होगा। पुलिस मुख्यालय के परिपत्र में स्पष्टा है कि यदि किसी मामले में विवेचक (आईओ) डीएनए टेस्ट कराने में लापरवाही बरतते हैं तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश विशेष रूप से दुष्कर्म, पॉक्सो और अन्य गंभीर लैंगिक अपराधों के मामलों पर लागू होंगे। परिपत्र में हाईकोर्ट के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा गया है कि वैज्ञानिक साक्ष्य के अभाव में अभियोजन कमजोर पड़ जाता है, जिससे न्याय प्रक्रिया प्रभावित होती है।

पुलिस मुख्यालय ने निर्देश दिया है कि हर संवेदनशील प्रकरण में डीएनए सैंपलिंग अनिवार्य रूप से की जाए, साक्ष्यों का सुरक्षित संरक्षण सुनिश्चित किया जाए और उन्हें समयबद्ध तरीके से एफएसएल भेजा जाए।

परिपत्र में यह भी उल्लेख है कि कई मामलों में तकनीकी साक्ष्य के अभाव में आरोपी को संदेह का लाभ मिल जाता है। ऐसे में डीएनए रिपोर्ट केस को निर्णायक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसलिए विवेचना के दौरान वैज्ञानिक आधार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।




### साक्ष्य से छेड़छाड़ पर रोक

परिपत्र में स्पष्ट किया गया है कि एफएसएल रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर संबंधित विवेचक और पर्यवेक्षण अधिकारी को तत्काल अलर्ट जारी किया जाएगा। इससे केस डायरी में आवश्यक प्रविष्टि कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। एमएलसी और पीएम फॉर्म में साक्ष्य सुरक्षित करने का उल्लेख करना होगा। थाने पर सैंपल प्राप्त होने के बाद जब्ती पंचनामा तैयार किया जाएगा।

### कलर-कोडिंग व्यवस्था लागू

गंभीर मामलों की शीघ्र जांच सुनिश्चित करने एफएसएल में प्रदर्शों की कलर-कोडिंग प्रणाली लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहतः पॉक्सो, हत्या और बलात्कार जैसे जघन्य मामलों के पैकेट पर लाल रंग की मार्किंग होगी। मर्ग के उन मामलों में, जहां जहर की पुष्टि हो, नारंगी रंग का उपयोग किया जाएगा। अन्य धनात्मक रिपोर्ट वाले मामलों के लिए पीले रंग की पहचान तय की गई है।

### मालखाने की समीक्षा अनिवार्य

एसपी स्तर पर हर महीने लंबित एफएसएल रिपोर्ट और मालखाने में रखे प्रदर्शों की समीक्षा करना अनिवार्य किया गया है। इससे लंबित मामलों की निगरानी मजबूत होगी और देरी की स्थिति में जवाबदेही तय की जा सकेगी। स्पष्ट है कि लैंगिक अपराधों की विवेचना में ढिलाई की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। केस मजबूत बनाने और पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने सख्त रुख अपनाया है।

## खबर संक्षेप



### कजलीखेड़ा से गिरफ्तार 5 साल से फरार बदमाश

**भोपाल।** कोलार थाना पुलिस ने पांच साल से फरार इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी पर पांच हजार रुपए का इनाम घोषित था। उसके खिलाफ न्यायालय से स्थाई वारंट भी जारी थे। जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि कोलार थाने के तीन अपराधों और दो स्थाई वारंटों में फरार चल रहा कुख्यात अपराधी रोहित खरे भोपाल आया हुआ है कि कजलीखेड़ा इलाके में घूम रहा है। प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर तो बताए हुलिया का एक व्यक्ति दिखा, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रोहित खरे उर्फ बटलर उर्फ रॉकी निवासी कजलीखेड़ा बताया।

### सेवा सदनः नेत्र शिविर में 191 रोगियों की जांच



**संतनगर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से समाज सेवी सुमित केड़िया ने रविवार को भोपाल के जहांगीराबाद स्थित निरंकारी मंडल भवन में निर्धन नेत्र रोगियों के लिए निःशुल्क नेत्र रोग निदान और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगवाया। केड़िया द्वारा प्रतिवर्ष अपनी स्व. माता सुमित्रा केड़िया की पुण्य स्मृति में यह शिविर लगवाया जाता है। इस नेत्र शिविर का शुभारंभ परिवार के सदस्यों एवं सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के ट्रस्टी सुरेश आवतरामानी ने दीप प्रज्वलन कर किया। शिविर में 191 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिसमें 26 मरीजों में मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई। जिन्हें सेवा सदन की एंबुलेस के माध्यम से आपरेषन में भर्ती कराया गया।



### जल संरक्षण के लिए की तालाब किनारे की सफाई

**संतनगर।** जल प्रकृति का अमूल्य उपहार है, जीवन की आधारशिला और मानव सभ्यता की जीवनरेखा। जब यह जल स्वच्छ और संरक्षित रहता है, तो केवल पर्यावरण ही नहीं, समाज का सामूहिक स्वास्थ्य और संतुलन भी सुदृढ़ होता है। इसी तारतम्य में भोपाल ब्रांच द्वारा रविवार को खटलापुरा मंदिर से करिश्मा पार्क छोटा तालाब के किनारे और बैरागढ़ ब्रांच द्वारा झूलेलाल विर्सजन घाट के सामने गुलाब उद्यान के समीप तालाब किनारे साफ-सफाई की गई। इसके पश्चात सफाई स्थलों पर ही सत्संग कार्यक्रम हुआ।

---

कांग्रेस विधायक अजय सिंह के सवाल पर लिखित जवाब में सरकार ने दी जानकारी

# 10 साल में 28 बाघ समेत 341 वन्यजीवों की करंट से मौत, सिर्फ 10 को मिली सजा

*इन घटनाओं में 420 किसानों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए गए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में फसलों की सुरक्षा के नाम पर खेतों में अवैध रूप से करंट बिछाने की घटनाएं वन्यजीवों के लिए जानलेवा साबित हो रही हैं। पिछले 10 वर्षों में करंट की चपेट में आकर 341 वन्य प्राणियों की मौत हुई है। इनमें 28 बाघ, 36 तेंदुए और 23 भालू शामिल हैं। सरकार ने यह जानकारी कांग्रेस विधायक अजय सिंह के सवाल के लिखित जवाब में दी। जवाब में बताया गया कि इन घटनाओं में 420 किसानों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए गए, लेकिन अब तक केवल 10 मामलों में ही सजा हो सकी है, जबकि 320 मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं। जानकारी के अनुसार, कई किसानों द्वारा जंगली जानवरों से फसल बचाने के लिए खेतों के चारों ओर बिजली का करंट प्रवाहित कर दिया जाता है। यह तरीका न केवल गैरकानूनी है, बल्कि वन्यजीवों और कई बार मानव जीवन के लिए भी घातक साबित होता है।

### शहडोल रेंज में सर्वाधिक मौतें

विशेषज्ञों का मानना है कि यह समस्या मानव-वन्यजीव संघर्ष वाले इलाकों में अधिक गंभीर है, जहां खेत वन क्षेत्रों से सटे हुए हैं। ऐसे क्षेत्रों में पर्याप्त निगरानी और वैकल्पिक सुरक्षा उपायों की कमी भी सामने आई है।

भौगोलिक पैटर्न पर नजर डालें तो वन क्षेत्रों से सटे जिलों में करंट से मौत के मामले अधिक दर्ज हुए हैं। शहडोल रेंज में बीते 10 वर्षों में 91 वन्यजीवों की मौत दर्ज की गई, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। यहां 11 बाघ, 6 तेंदुए, 13 भालू, 6 नीलगाय, कई जंगली सुअर और 22 तोते तक करंट की चपेट में आकर मारे गए। एक हाथी की मौत भी करंट लगने से हुई है। यह आंकड़ा संकेत देता है कि वन्यजीव गलियारों और कृषि क्षेत्रों के बीच टकराव लगातार बढ़ रहा है।

### वन्यजीवों की मौत का आंकड़ा (10 वर्ष)

- तेंदुए - 36
- बाघ - 28
- नीलगाय - 27
- भालू - 23
- चीतल - 9
- हाथी - 1

### वन्यजीव की मौत के आंकड़ों से उठे सवाल

**मुआवजा नीति पर भी सवालः** सरकार ने अपने जवाब में यह भी स्पष्ट किया कि 25 प्रतिशत से अधिक फसल नुकसान होने पर ही मुआवजा दिया जाता है। इससे कम नुकसान की भरपाई का फिलहाल कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

विपक्ष का तर्क है कि आंशिक नुकसान की स्थिति में किसान खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं और अवैध तरीके अपनाने को मजबूर हो जाते हैं। 420 प्रकरण दर्ज होने के बावजूद केवल 10 मामलों में सजा होना कानून के प्रभावी क्रियान्वयन पर सवाल खड़े करता है।

वन्यजीव संरक्षण कानूनों के बावजूद दोष सिद्धि दर बेहद कम है, जिससे निवारक प्रभाव कमजोर पड़ता है।

---

# शहर के पार्कों पर बने ओपन जिम में लगेंगी नई मशीनें

*7 साल पहले लगे दो दर्जन से ज्यादा उपकरण हो गए कबाड़*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के विभिन्न पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर नगर निगम द्वारा बनाए गए ओपन जिम में कबाड़ हो चुकी मशीनें जल्द बदली जाएंगी। सात साल पहले नगर निगम ने इन्हें बनाया था। देखरेख और मेंटेनेंस नहीं होने के कारण अधिकांश स्थानों पर यह जिम बदहाल हो गए थे।

महंगी मशीनों में जंग लगने और सामान चोरी जाने की घटनाएं भी हुई थीं। यह जिम केवल उन्हीं जगह सही तरीके से संचालित हुए जहां स्थानीय रहवासियों की निगरानी तय थी। निगम के स्पोर्टस सेल ने ओपन जिम में नए उपकरण लगाने और सुरक्षा के इंतजाम करने के लिए प्लान को मंजूरी दी है।

इसके तहत करीब दो दर्जन पार्कों में बने ओपन जिम में नई मशीनों के लिए 30 लाख रुपए से ज्यादा मंजूर किए गए हैं। इसके तहत पांच प्रकार की मशीनें जिनमें बॉडी शेपर, लेग और थाई एक्सेसराइज़र, एयर स्विंग, लेग प्रेस और साइकिल की 25-25 मशीनें खरीदी जाएंगी। स्पोर्टस सेल के अधिकारियों का कहना है कि मार्च माह में ओपन जिम के मशीनों को बदलने का काम शुरू हो जाएगा।

---

बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित सीटीओ कॉलोनी का मामला

# पत्नी से कहासुनी के बाद युवक ने घर में फांसी लगाकर की खुदकुशी

पत्नी से मंगलसूत्र छीनकर कहा- अब तू हो गई है विधवा

कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर लगा ली फांसी

विशाल का पत्नी से अक्सर होता रहता था विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित सीटीओ में शनिवार देर रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फांसी लगाने से पहले उसका पत्नी से विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर दोनों में झूमाझटकी हुई और उसने पत्नी का मंगलसूत्र झपट लिया। साथ ही चूड़ियां उतरवाकर कहा कि तू आज से विधवा हो गई। इसके बाद वह कमरे में गया और पत्नी की साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली।

पुलिस के अनुसार मुबारकपुर परवलिया सड़क निवासी विशाल अहिरवार पुत्र प्रताप सिंह (25) करीब तीन माह से सीटीओ बैरागढ़ में किराए का मकान लेकर रह रहा था और बैरागढ़ की एक कपड़े की दुकान पर सेल्समैन का काम कर रहा था। उसकी पत्नी सीटीओ में किसी दुकान पर काम कर रही थी। उनका एक डेढ़ साल का बच्चा है। विशाल की शराब पीने की लत के कारण अक्सर उसका पत्नी से विवाद होता था। शनिवार रात करीब नौ बजे पत्नी काम करके घर लौटी, तब विशाल घर पर ही था। वह शराब के नशे में



विशाल अहिरवार, मृतक

धुत था। पत्नी ने उसे शराब न पीने की समझाइश दी। उसने कहा कि मैं भी बीमार रहती हूं और आजकल बच्चा भी बीमार रहने लगा है। इसके बावजूद तुम शराब पीना नहीं छोड़ रहे। दोनों के बीच विवाद होने लगा। विवाद बढ़ने पर विशाल ने पत्नी को कमरे से बाहर कर दिया और उसके गले से मंगलसूत्र व हाथ से चूड़ियां छीनते हुए कहा कि आज से तेरा सुहाग नहीं रहेगा। इसके बाद खुद को कमरे में बंद कर विशाल ने पत्नी की साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।

पत्नी का शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और किसी तरह दरवाजा खोला। तब तक विशाल की मौत हो चुकी थी। हालांकि उसे फंदे से उतारकर नजदीक के अस्पताल ले गए थे।

आत्महत्या के कारणों का नहीं हो सका खुलासा

## चूहामार जहर खाकर सैलून संचालक ने दे दी जान



**भोपाल।** छोला नगर थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर फेस थ्री में शनिवार रात सैलून संचालक ने चूहामार जहर खाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारण का खुलासा नहीं हो सका है। मृतक के बेटे का कहना है कि उसके पिता ने काफी दिनों से शराब छोड़ रखी थी। शनिवार रात वह शराब के नशे में घर पहुंचे। उनकी तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल ले जाने पर उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

डॉक्टर का कहना है कि मौत चूहामार दवा खाने से हुई है। पुलिस के अनुसार शिव नगर फेस-3 छोला मंदिर निवासी महेश सराठे (46) कटिंग सैलून का संचालन करते थे। पहले उन्हें शराब पीने की लत थी, लेकिन कुछ दिनों से उन्होंने शराब छोड़ रखी थी। शनिवार रात वह शराब के नशे में घर पहुंचे। घर पहुंचने पर बात करते-करते उनका गला बैठ गया। तबियत भी बिगड़ने लगी। तब उनका 19 साल का बेटा साहिल व अन्य परिजन उन्हें भानपुर स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां उनकी मौत हो गई। एसआई महेश सरयाम का कहना है कि परिजनों ने ऐसी कोई बात नहीं बताई, जिससे घटना के कारणों का खुलासा हो सके।

---

मंडीदीप से काम करने के लिए भोपाल आया था मृतक

# गोविंदपुरा स्पोर्ट्स क्लब के पास मिली लाश की हुई शिनाख्त

*हत्यारे की तलाश में जुटी पुलिस, करीबियों से कर रही पूछताछ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित भेल स्पोर्ट्स क्लब के पास जंगल में मिली लाश की शिनाख्त हो गई। मृतक मंडीदीप का रहने वाला था और मजदूर था। वह काम के लिए दो दिन पहले भोपाल आया था। शिनाख्त होने से उम्मीद है कि जल्द ही गोविंदपुरा पुलिस अंधे कत्ल का खुलासा कर लेगी। पुलिस उसके करीबियों से पूछताछ कर रही है।

थाना प्रभारी अवधेश सिंह तोमर ने बताया कि शनिवार सुबह कुछ लोग मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। उन्होंने भेल के स्पोर्ट्स क्लब में पीछे की तरफ साकेत नगर वाली रोड पर सड़क से अस्सी मीटर अंदर किसी युवक की लाश पड़ी देखी थी। सूचना पर पुलिस पहुंची और निरीक्षण किया।

मृतक के पास ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला था, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस ने मृतक का हुलिया सोशल मीडिया पर वायरल किया। इस दौरान मृतक की पहचान चंद्रकांत पटेल (40) निवासी मंडीदीप, जिला रायसेन के रूप में कर ली गई। थाना प्रभारी तोमर ने बताया कि परिजन से संपर्क कर प्राथमिक पूछताछ की गई। परिजन ने बताया कि चंद्रकांत पटेल मजदूरी करता था। 20 फरवरी शुक्रवार को वह काम की तलाश में भोपाल आया था।

21 फरवरी शनिवार सुबह उसकी लाश मिली। मृतक का गला रेता गया था और सिर में गंभीर चोट है। उसकी हत्या की गई है। पुलिस उसके साथ काम करने वाले और करीबियों से पूछताछ कर रही है। जल्द ही हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

---

परिजन से नाराज होने के बाद ट्रेन में बैठकर चली गई थी कानपुर

# हबीबगंज से लापता हुई नाबालिग लखनऊ में मिली, परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र से लापता हुई दो नाबालिगों को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के लखनऊ से सकुशल बरामद किया है। दोनों आपस में सहेलियां और परिजन से नाराज होकर उत्तर प्रदेश जाने वाली ट्रेन में बैठकर लखनऊ पहुंच गई थी। पुलिस ने दोनों का काउंसलिंग कराने के बाद उन्हें सकुशल परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

जानकारी के अनुसार इलाके में रहने वाली 15 वर्षीय नाबालिग एक ही स्कूल में पढ़ती हैं और आपस में गहरी दोस्त हैं। शुक्रवार को दोनों एक साथ स्कूल जाने का कहकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटीं। आसपास के इलाके में तलाशने और नाते-रिश्तेदारों से पूछताछ करने के बाद भी जब दोनों का कुछ पता नहीं चला तो परिजन ने हबीबगंज थाने जाकर उनके लापता होने की सूचना दी। पुलिस ने दोनों की गुमशुदगी के साथ ही उनके अपहरण का मामला दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की एक विशेष टीम बनाकर नाबालिगों की तलाश में लगाया।

पुलिस टीम ने स्कूल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने और दोनों का हुलिया और फोट अधिकारियों को भेजे। इसी दौरान सूचना मिली कि दोनों नाबालिगों को रेलवे स्टेशन के आसपास देखा गया है। पुलिस ने जब प्लेटफार्म पर लगे कैमरों के फुटेज निकाले तो वह लखनऊ जाने वाली ट्रेन में सवार होते हुए दिखाई दी। उसके बाद पुलिस की एक टीम लखनऊ पहुंच कर दोनों बालिकाओं को सकुशल बरामद किया। पूछताछ में पता चला कि पढ़ाई को लेकर परिजन ने दोनों को फटकार लगाई थी, इसलिए वह नाराज होकर घर से स्टेशन पहुंची और यूपी की तरफ जाने वाली ट्रेन में सवार होकर लखनऊ पहुंच गई। पुलिस ने दोनों बालिकाओं की काउंसलिंग के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। इसके साथ ही पुलिस ने दोनों नाबालिग बालिकाओं के परिजनों को समझाईश भी दी गई।

---

10 मार्च से स्थानीय ओल्ड डेरी फार्म ग्राउंड में आयोजित होगी कथा

# विधायक रामेश्वर ने किया श्रीमद् भागवत कथा स्थल का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम नगर में 10 से 16 मार्च तक आयोजित की जाने वाली श्रीमद् भागवत कथा स्थल का रविवार को संत लालसाईं, संत तुलसी कलतारी, विधायक रामेश्वर शर्मा सहित अनेक ब्राह्मणों ने भूमिपूजन किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता राहुल राजपूत ने बताया कि आचार्य कृपाशंकर महाराज के श्रीमुख से 10 मार्च से स्थानीय ओल्ड डेरी फार्म ग्राउंड पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि यह आयोजन धर्म, संस्कृति एवं आध्यात्मिक परंपराओं के संरक्षण और प्रसार का संकल्प को



भूमिपूजन के दौरान लोगों को संबोधित करते विधायक रामेश्वर शर्मा।

दोहराएगा। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर कथा के मुख्य यजमान पूर्व पार्षद माखन सिंह राजपूत, पंडित जयराम महाराज, वृंदावन गर्ग, प्रमोद चौबे, पार्षद राजेश हिंगोरानी, जगदीश यादव, राम बंसल, वासुदेव वाधवानी, रमेश जनयानी, बसंत चेलानी, कमल विधानी, किशन अच्छानी, मंदिर समिति के राजकुमार अग्रवाल, राजू वर्मा, हेमंत उपाध्याय, प्रदीप विश्वास, लीला राजपूत, भारती मूलचंदानी, सीमा लालवानी, रीना पोद्दार, मोहन लालवानी, शेट्टी चंदनानी, लालू ददलानी, सोनू मेंघानी, हरीश मुलानी, जीतेंद्र रंगवाणी, गिरीश गुरनानी आदि लोग उपस्थित थे।

---

दवा घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू की खात्मा रिपोर्ट खारिज

# बर्खास्त संचालक डॉ. योगीराज शर्मा समेत 11 आरोपियों की मुश्किलें बढ़ीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में वर्ष 2006 में हुए 7 करोड़ रुपए के दवा घोटाले में राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के बर्खास्त संचालक डॉ. योगीराज शर्मा, कारोबारी अशोक नंदा, बसंत सेलके, सुनील अग्रवाल, जयपाल सचदेवा, राजेश जैन, योगेश पटेरिया, मधु शर्मा, प्रमोद शर्मा, अरुण शर्मा और मनीष व्यास को क्लीन चिट देते हुए उनके खिलाफ पंजीबद्ध किए गए मामले में प्रस्तुत किए गए खात्मा प्रतिवेदन को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष न्यायाधीश राम प्रताप मिश्र ने अस्वीकार कर निरस्त कर दिया है।

विशेष न्यायाधीश ने अनुसंधानकर्ता अधिकारी को निर्देशित किया है कि 1- अनुपातहीन संपत्ति से संबंधित अपराध अंतर्गत धारा 13(1)ई सहपठित धारा 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अपराध के संबंध में चैक पीरियड का निर्धारण कर अभियुक्तगण की आय व्यय के संबंध में स्वतंत्र रूप से साक्ष्य संकलित करें और आय व्यय का गणना पत्रक तैयार करें। 2-अभियुक्तगण के धारा -420 सहपठित धारा -120 बी के अपराध के संबंध में भी स्वतंत्र रूप से साक्ष्य संकलित करें। एवं 3- प्रकरण में अन्य जो भी सुसंगत साक्ष्य हो, स्वतंत्र रूप से संकलित कर संपूर्ण अन्वेषण करें। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार से एनआरएचएम योजना के तहत राज्य सरकार को वर्ष 2006 में 23.34 करोड़ रुपए का आवंटन हुआ था। आयकर विभाग, लोकायुक्त संगठन और राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू ) को इस राशि से ड्रग किट आशा ए और बी की खरीदी में आरोपियों द्वारा मिलीभगत कर 7 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार किए जाने की शिकायत की गई थी। सितंबर 2007 में आयकर विभाग ने डॉ. योगीराज शर्मा के ठिकानों पर छापेमारी की थी।

### छापेमारी में करीब 14.66 करोड़ रुपए की संपत्ति का पता चला था

इस छापेमारी में लगभग 14.66 करोड़ रुपए की बेनामी संपत्ति, नगदी और गहनों का पता चला था। तब राज्य सरकार ने उन्हें बर्खास्त किया था। डॉ. योगीराज शर्मा ने बर्खास्तगी को मप्र हाईकोर्ट जबलपुर में चुनौती दी थी। मप्र हाईकोर्ट जबलपुर ने वर्ष 2014 में तकनीकी आधार पर बर्खास्तगी रद्द कर दिया था, लेकिन उन्हें निलंबित रखने का आदेश दिया था। लोकायुक्त पुलिस एवं ईओडब्ल्यू ने 1 डॉ. योगीराज शर्मा तथा उसके साथियों के खिलाफ भ्रष्टाचार ,धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र करने के दो अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध किए थे। लोकायुक्त पुलिस ने मामले की जांच के बाद विशेष न्यायालय में डॉ. योगीराज शर्मा तथा अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर कर दिया था। ईओडब्ल्यू ने डॉ.योगीराज शर्मा , कारोबारी अशोक नंदा , बसंत सेलके, सुनील अग्रवाल, जयपाल सचदेवा, राजेश जैन, योगेश पटेरिया, मधु शर्मा, प्रमोद शर्मा, अरुण शर्मा और मनीष व्यास प्रकरण दर्ज किया था।

---

सतलापुर हाउसिंग बोर्ड के करोड़ों रुपए से किया जा रहा कार्य

# सतलापुर में हो रहे सीवेज निर्माण कार्य में सामने आया बड़ा भ्रष्टाचार टेस्टिंग से पहले ही जर्जर हो गए सीवेज के बनाए गए सभी चैंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर पालिका में आए दिन विकाश कार्यों में भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे हैं, ऐसा ही भ्रष्टाचार सतलापुर में सीवेज निर्माण कार्य में सामने आया है। नपा द्वारा सतलापुर हाउसिंग बोर्ड के करोड़ों रुपए से हो रहे सीवेज लाइन के काम में भारी भ्रष्टाचार सामने आया है, जिसमें बन रहे सीवेज चैंबर अभी से जर्जर हो गए, जबकि अभी पूरे हाउसिंग बोर्ड का काम हुआ भी नहीं है और न ही टेस्टिंग हुई है।

क्षेत्र में ऐसे 40 से अधिक चैंबर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, जिसको लेकर वार्ड 13 और 14 में सड़कों के बीचों बीच बन रहे चैंबर का काम घटिया तरीके और निम्न स्तर के माल का







उपयाग किया गया है। ज्ञात हो कि सतलापुर हाउसिंग बोर्ड ने नपा को 9 वर्ष पहले 6 करोड़ से अधिक हस्तांतरित किए थे, जिसमें रोड, नाली, सीवेज एवं पाइप-लाइन का कार्य होना था, लेकिन अभी तक शुरू हुए नाली और सड़क का काम अधूरा पड़ा है, वहीं सीवेज के काम में भी लेटलतीफी चल रही है।

### खुले पड़े चैंबर से आए दिन हो रहे हादसे

सीवेज लाइन के बन रहे चैंबर खुले पड़े हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। स्कूली बच्चे, वाहन चालक एवं मवेशी गिर कर घायल हो रहे हैं।

### तकनीकी मापदंड नजरअंदाज

निर्माण हो रहे सीवेज चैंबर की न तो कोई लेवल है और न कोई तकनीकी मापदंड निर्धारित है। ठेकदार की मनमानी से नपा को बड़े मात्रा में नुकसान होने की संभावना है।

### नाली निर्माण भी चढ़ा था भ्रष्टाचार की भेंट

इससे पहले बने नाली निर्माण में भी बड़ा भ्रष्टाचार उजागर हुआ था, क्योंकि नाली में तय मापदंडों को दरकिनार कर उसका न ही कोई लेवल और न ही रोड की ऊंचाई का अनुपात का ध्यान दिया गया था, परंतु पैसे लेकर इंजिनियर और ठेकेदार ने मामले को रफा दफा कर दिया था।

### लापरवाही पर होगी कार्रवाई

आपके द्वारा सूचना मिली है। अगर काम में लापरवाही बरता जा रहा है, तो जरूर ठेकदार पर कार्रवाई की जाएगी और आज ही इसका निरीक्षण करता हुं।

**प्रशांत जैन**, सीएमओ, नपा मंडीदीप।

---

# एयरफोर्स के कर्मचारी का मोबाइल झपटकर भागे बाइक सवार बदमाश

### सी सेक्टर इंद्रपुरी में रात सवा दस बजे हुई वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित सी सेक्टर इंद्रपुरी में शनिवार रात करीब सवा 10 बजे के आसपास बाइक सवार तीन बदमाशों ने ऐयरफोर्स के कर्मचारी का बैग झपट लिया। बैग में 15 हजार का मोबाइल, आईकार्ड सहित अन्य सामान था। पुलिस ने बाइक सवार बदमाशों पर झपटमारी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार अमन तिवारी (29) मूलतः सीहोर के रहने वाले हैं और ऐयरफोर्स में नौकरी करते हैं। उनकी पोस्टिंग श्रीनगर में है। अमन छुट्टियों में अपने गांव सीहोर आए हुए हैं। शनिवार रात करीब सवा दस बजे दोस्तों से मिलने के बाद वह घर जाने के लिए निकले थे। इंद्रपुरी सी सेक्टर में बीमा अस्पताल के पास वे पहुंचे ही थे कि पीछे से एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उनका बैग छीन लिया। वह कुछ समझ पाते इससे पहले बदमाश तेजी से बाइक लेकर भाग निकले। अमन ने घटना की शिकायत पिपलानी थाने पहुंचकर की। पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया जिस जगह झपटमारी की वारदात हुई है उस जगह सीसीटीवी कैमरे नहीं है। अब अन्य सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक कर बदमाशों की पहचान करने में पुलिस जुटी है।

# क्षेत्रीय सिनेमा और भारतीय सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को मिला नया मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिंटो हॉल में आयोजित फिल्म महोत्सव का दूसरा दिन रचनात्मक ऊर्जा और सार्थक संवाद के साथ संपन्न हुआ। प्रख्यात फिल्मकार बिजॉय नाम्बियार की प्रभावशाली मास्टरक्लास ने कार्यक्रम की शुरुआत की, जिसमें उन्होंने अपने फिल्म निर्माण के अनुभव, रचनात्मक दृष्टिकोण और समकालीन सिनेमा की चुनौतियों पर विचार साझा किए।


मिंटो हॉल में आयोजित फिल्म महोत्सव में सत्र को संबोधित करते अतिथि।

### फिल्म महोत्सव का दूसरा दिन संपन्न


आयोजित फिल्म महोत्सव में फिल्म का प्रदर्शन।

### हार्ट ऑफ इंडिया मध्यप्रदेश आधारित 12 फिल्मों का प्रदर्शन

इस अवसर पर 'हार्ट ऑफ इंडिया' सहित मध्यप्रदेश आधारित 12 फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। इन फिल्मों ने राज्य की सामाजिक संरचना, लोकजीवन और सांस्कृतिक पहचान को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करते हुए स्थानीय फिल्मकारों को सशक्त मंच प्रदान किया। मध्यप्रदेश की रचनात्मक आवाज़ों पर केंद्रित एक विशेष सत्र भी आयोजित हुआ, जिसे दर्शकों की सराहना मिली। राज्य के फिल्मकारों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।


भारत भवन में आयोजित सांस्कृतिक समारोह का दृश्य।

## लेखक की संवेदना पाठक की संवेदना बन जाए: सूर्यकांत



## मध्यप्रदेश का 31वां वार्षिक उत्सव संपन्न

**भोपाल।** पं. रविशंकर सभागृह, हिन्दी भवन में हिन्दी लेखिका संघ, मध्यप्रदेश द्वारा 31वां वार्षिक उत्सव एवं कृति सम्मान समारोह में आयोजित हुआ। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. साधना गंगराड़े ने स्वागत उद्बोधन में वर्षभर की साहित्यिक गतिविधियों गोष्ठियों, काव्य पाठ, पुस्तक विमोचन और युवा लेखन प्रोत्साहन का उल्लेख करते हुए महिला रचनाकारों को मंच देने की प्रतिबद्धता दोहराई। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. करुणा सक्सेना ने कहा कि साहित्य दर्पण ही नहीं, दीपक भी है, जो समाधान का मार्ग दिखाता है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार सूर्यकांत नागर ने लेखन को गंभीर साधना बताते हुए कहा कि रचना ऐसी हो, जिससे लेखक की संवेदना पाठक की संवेदना बन जाए।

- महिला रचनाकारों को मंच देने की प्रतिबद्धता दोहराई

## 'होली फोटोग्राफी वर्कशॉप' का आयोजन



## बरसाना, मथुरा और वृंदावन की होली की झलक आई नजर

**भोपाल।** शहर में टाइनी फीट फोटोग्राफी द्वारा रविवार को 'होली फोटोग्राफी वर्कशॉप' का आयोजन किया। जिसमें 12 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मेंटर क्षितिज पाटले ने कैमरा तकनीक, रंगों के त्योहार में स्टोरी कैप्चर, सही लाइटिंग और फोटोग्राफर्स की सुरक्षा जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया, जबकि क्यूरेशन वरुण नामदेव ने किया। कार्यक्रम के अंत में बरसाना, मथुरा और वृंदावन की होली के दौरान 2018–2024 में ली गई तस्वीरों का विशेष प्रदर्शन हुआ, जिसने प्रतिभागियों को सांस्कृतिक और भावनात्मक फोटोग्राफी की नई दृष्टि दी।आईएसओ के रूप में मॉन्यूमेंटल इकोज़ आया नजर

फैशन शो में ईस्ट एशिया कॉस्ट्यूम में सोरा, आईआईएम गारमेंट्स में मॉन्यूमेंटल इकोज़ के साथ रेडी-टू-वियर कॉस्ट्यूम को आईएसओ के रूप में रिप्रेजेंट किया।

### एनआईडी में मॉन्यूमेंट्स ऑफ इंडिया थीम पर फैशन शो का आयोजन

# रैंप पर सजी भारत की विरासत, मंच पर बिखरा संस्कृति और स्टाइल का जादू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार की शाम फैशन की दुनिया में भारत की विरासत ने रैंप पर शानदार अंदाज़ में दस्तक दी। मॉन्यूमेंट्स ऑफ इंडिया थीम पर एन आई डी आधारित इस फैशन शो में मॉडल्स ने देश के ऐतिहासिक स्मारकों से प्रेरित कॉस्ट्यूम पहनकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### दिल्ली की विरासत के साथ नजर आई ताज की खूबसूरती

शो की शुरुआत क्लासिकल म्यूजिक की धुनों के साथ हुई, जहां मॉडल ने ताज महल से प्रेरित आइवरी और सिल्वर गाउन पहनकर रैंप पर कदम रखा। जालीदार डिज़ाइन और पर्ल एम्ब्रॉयडरी ने मुगलकालीन खूबसूरती को जीवंत कर दिया। तो वहीं दिल्ली की पहचान क़ुतुब मीनार से प्रेरित आउटफिट्स ने सबका ध्यान खींचा।


फैशन शो में प्रस्तुति देती मॉडल।

### ट्राइकलर शेड्स में दिखा इंडिया गेट

फिर मॉडल्स ने इंडिया गेट थीम पर ट्राइकलर शेड्स और आर्मी-स्टाइल एलीगेंस के साथ वॉक किया, जिसने देशभक्ति का भाव पैदा कर दिया। तो वहीं जयपुर की शान हवा महल से प्रेरित पिंक-कोरल लहंगे और जालीदार दुपट्टों ने दर्शकों को खूब पसंद आए। शो का सबसे अनोखा कलेक्शन कोणार्क सूर्य मंदिर थीम पर रहा।


फैशन शो में प्रस्तुति देती मॉडल।

### आईएसओ के रूप में मॉन्यूमेंटल इकोज़ आया नजर

इसके साथ ही फैशन शो में ईस्ट एशिया कॉस्ट्यूम में सोरा, आईआईएम गारमेंट्स में मॉन्यूमेंटल इकोज़ के साथ रेडी-टू-वियर कॉस्ट्यूम को आईएसओ के रूप में रिप्रेजेंट किया।



## विष्णु के दशावतारों को दर्शाती ओडिसी नृत्य प्रस्तुति रही खास

**कला प्रेमियों को एक अद्भुत अनुभव**

भारत भवन में आयोजित 44वें वर्षगांठ समारोह का हुआ समापन


भारत भवन में सांस्कृतिक समारोह का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बहुकला केंद्र भारत भवन के 44वें वर्षगांठ समारोह का भव्य समापन रविवार को हुआ, जिसमें सांस्कृतिक उत्सव के अंतिम दिन ने कला प्रेमियों को एक अद्भुत अनुभव प्रदान किया।

समापन समारोह में लोक अंचलों के गीतों की प्रस्तुतियों में ऋषि विश्वकर्मा और उनके साथियों ने बुंदेली ऋतुगीतों की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति दी। तो वहीं बघेली लोकगीतों की प्रस्तुति के साथ शीला त्रिपाठी व साथियों ने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत मैहर वाली माई हो... गीत से की।

### ओडिसी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति

समारोह के अंतिम हिस्से में, एक अद्भुत कला रूप की प्रस्तुति हुई, जिसमें पंडित रतिकांत महापात्र और उनके शिष्यगण ने ओडिसी नृत्य की समर्पणमयी 90 मिनट की प्रस्तुति दी। यह प्रस्तुति एक सांस्कृतिक धरोहर के रूप में उभरी, जिसमें कलाकारों ने भाव और भक्ति की अभिव्यक्ति को अपनी नृत्य भाषा से पिरोया।

### भगवान के प्रत्येक अवतार का अद्भुत चित्रण

इसके साथ ही भगवान विष्णु के दस अवतारों को उन्होंने दशावतार को दर्शाया। इस नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से कलाकारों ने भगवान विष्णु के प्रत्येक अवतार का अद्भुत चित्रण किया, जिसमें उनके गुण, कार्य और महिमा को नृत्य के भावों से जीवंत किया गया। इसके बाद, कलाकारों ने जीवन मधु संगीतमय... की पल्लवी प्रस्तुति दी।

## पाखंड, व्यापारिक मानसिकता, सच्चाई को दबाने पर व्यंग

लघु, नाटकों का प्रभावी व सजीव नाट्य मंचन
आलोक चटर्जी के स्मरण में कुशल मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पाखंड, धर्म और व्यापार जैसे ज्वलंत विषयों के साथ पूर्वजों के वचनों के पालन की पड़ताल करते हुए तीन दिवसीय आहान नाट्य समारोह के दूसरे दिन रविवार को प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ रंगकर्मी एवं अभिनेत्री शोभा चटर्जी के कुशल निर्देशन में रंगश्री लिटिल बैले ट्रुप ने तीन लघु नाटकों का मंचन कर स्व. आलोक चटर्जी को स्मरण किया। इन तीनों नाट्य प्रस्तुतियों में पाखंड, धार्मिक आडंबर, व्यापारिक मानसिकता और सच्चाई की आवाज़ को दबाने की प्रवृत्ति पर तीखा व्यंग्य किया गया। सरल, सधी और चुभती भाषा के माध्यम से कलाकारों ने समाज की विसंगतियों पर गहरी चोट की। पहली प्रस्तुति, व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई की रचना 'वैष्णव की फिसलन' जिसमें पीयूष पांडा ने प्रभावशाली अभिनय से कथ्य को जीवंत कर दिया। दूसरी प्रस्तुति में भगवतीचरण वर्मा की कहानी


लघु नाटक का मंचन।

'मुगलों ने सल्तनत बख्श दी' का मंचन सौरभ लोधी और पीयूष पांडा ने किया। अंतिम प्रस्तुति, धर्मवीर भारती की मार्मिक रचना 'आवाज़ का नीलाम', जिसमें दोनों कलाकारों ने अपने सधे अभिनय से दर्शकों की खूब सराहना बटोरी।

आशीष पाठक द्वारा लिखित एवं निर्देशित सोलो नाटक 'पॉपकॉर्न' का मंचन किया गया। इसमें बालेन्द्र सिंह ने अकेले ही आठ विभिन्न किरदारों को निभाकर अपनी अद्भुत अभिनय क्षमता का परिचय दिया।

### नाटक 'पॉपकॉर्न'

एक ऐसे गांव के युवक की कहानी कहता है, जो सेना में भर्ती होकर देश सेवा का सपना देखता है, लेकिन बेरोजगारी के कारण उसका सपना अधूरा रह जाता है और वह पॉपकॉर्न बेचने को विवश हो जाता है। स्टेशन पर रहने वाली गूंगी महिला टुकिया के प्रति उस की संवेदनशीलता और उसके साथ घटित अमानवीय घटना के माध्यम से नाटक बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अपराध, बाजारवाद और पूंजीवाद पर तीखा प्रहार करता है।नाटक के अंत में रूपक का संवाद — "अब स्टेशन पर दो पॉपकॉर्न वाले हो गए अच्छा आदमी बनाने की कोई मशीन नहीं बनाता, अच्छा आदमी बनाने के लिए कोई चिंतन नहीं करता" — दर्शकों को गहरी सोच में डाल गया।आहान नाट्य समारोह की इन प्रस्तुतियों ने यह सिद्ध किया कि रंगमंच आज भी समाज का आईना है, जो पाखंड और अन्याय पर निर्भीकता से प्रश्न उठाता


नाटक पॉपकॉर्न का मंचन।

### नवप्रयास संस्था का सुरीला आयोजन, श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

## सदाबहार नगमों ने ताजा की पुरानी यादें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार की शाम संगीत और स्मृतियों के नाम रही, नवप्रयास संस्था द्वारा रवीन्द्र भवन में आयोजित संगीत कार्यक्रम हिंदी सिनेमा के सदाबहार अभिनेता धर्मेंद्र को समर्पित। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। मुंबई से आईं पार्श्व गायिका राजेश्वरी, जबलपुर के हरफनमौला कलाकार प्रसन्न श्रीवास्तव, भोपाल के संजय शर्मा, जबलपुर की गायिका रूपाली कुसमकर सहित अन्य प्रतिभाशाली गायक-गायिकाओं ने अपनी मधुर आवाज़ से शाम को यादगार बना दिया।

रवीन्द्र भवन में गूंजी धर्मेंद्र की यादें
पार्श्व गायकों ने जीता श्रोताओं का दिल


रवींद्र भवन में संगीत कार्यक्रम।



धर्मेन्द्र पर फिल्माए गीतों की प्रस्तुति।

### सदाबहार गीतों से सजी शाम

धर्मेंद्र पर फिल्माए गए लगभग 30 लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति ने संगीत प्रेमियों को उत्साह से भर दिया, इसका आगाज़ गायक वैभव तिवारी ने मोहम्मद रफी के मशहूर गीत 'न जा कहीं अब न जा' से किया।

### सुरों का संगम

आदित्य, संदीपा पारे, अमन, रूपाली, सत्युभ्र सहित अन्य कलाकारों ने भी गीतों की प्रस्तुति दी। 'जब तक रहे तन में जिया' 'कोई हसीना जब रूठ जाती है' 'मिलती है जिंदगी में मोहब्बत कभी-कभी' 'हमसफर मेरे हमसफर' 'साथिया नहीं जाना' 'कुछ कहता है ये सावन' जैसे एक से बढ़कर एक गीतों ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## संस्कार भारती की 'निनाद' संगोष्ठी में गूंजी शास्त्रीय संगीत की मधुर स्वर लहरियां

*युवा कलाकारों ने राग यमन और अड़ाना से बांधा समां*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संस्कार भारती, भोपाल महानगर संगीत विधा द्वारा आयोजित मासिक संगीत संगोष्ठी 'निनाद' का आयोजन रविवार को बाबा योगेंद्र सभागार, तुलसी नगर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संगीत प्रेमियों और कला साधकों की उपस्थिति रही।

संगोष्ठी का आयोजन प्रांत मंचीय कला संगीत विधा प्रमुख शेखर करहाडकर के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन दीपिका पुरोहित ने प्रभावी ढंग से किया। मंच की सादगी और अनुशासित प्रस्तुति ने पूरे आयोजन को गरिमामय स्वरूप प्रदान किया।

कार्यक्रम में युवा शास्त्रीय गायिका मरुवाड़ा ने राग यमन की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके



मासिक संगोष्ठी का आयोजन।

आलाप, विस्तार और तानों की सधी हुई प्रस्तुति ने राग की गंभीरता और माधुर्य को सजीव कर दिया। इसके पश्चात उन्होंने राग अड़ाना में त्रिवट प्रस्तुत कर अपनी गायकी की परिपक्वता का परिचय दिया।सुर, ताल और लय के संतुलित समन्वय से सजी इस सुरमयी संध्या ने उपस्थित श्रोताओं को भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराई और सौंदर्य का आत्मीय अनुभव कराया। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### 52वां अंतरराष्ट्रीय खजुराहो नृत्य समारोह का तीसरा दिवस, कलाकारों ने पेश कीं मार्मिक प्रस्तुतियां

# नृत्य, चित्र, शिल्प, सृजन एवं हुनर का सांस्कृतिक समागम

▶▶ खजुराहो से मधुरिमा राजपाल

52वां अंतर्राष्ट्रीय खजुराहो नृत्य समारोह के तीसरे दिवस रविवार को मणिपुरी, ओडिसी एवं सत्रीया नृत्य की सौंदर्यपूर्ण प्रस्तुतियों ने शिव-शक्ति की दिव्य आभा में भक्ति, सौंदर्य और अध्यात्म की अनुपम संगति का सृजन किया। मंदिरों की अलौकिक पृष्ठभूमि में नर्तक-नृत्यांगनाओं की गतियां मानो शिल्प को स्पंदन और संगीत को स्वरूप प्रदान कर रही थीं।

तीसरे दिवस की पहली प्रस्तुति संगीत नाटक अकादमी अवॉर्डी थोकचोम इबेमुबि देवी, मणिपुर द्वारा मणिपुरी नृत्य की रही। उन्होंने सर्वप्रथम किईआंदिट्टा प्रस्तुत किया। यह नृत्य-रचना कवि जयदेव के अमर काव्य गीत गोविंद के अष्टम सर्ग पर आधारित थी, जिसमें राधा की वेदना और आहत मनोभावों का अत्यंत मार्मिक चित्रण निहित है।


खजुराहो नृत्य समारोह की आलौकिक प्रस्तुति।



खजुराहो नृत्य समारोह में कलाकार प्रस्तुति देते हुए।

### शुद्ध नृत्य में लय, राग और मूर्तिमय गतियां

अगली प्रस्तुति पद्मश्री दुर्गाचरण रनवीर, ओडिशा द्वारा ओडिसी नृत्य की रही। उन्होंने सर्वप्रथम आदित्य अर्चना की प्रस्तुति दी। यह ओडिसी की एक भक्तिपरक प्रस्तुति थी, जो प्रकाश, ऊर्जा और जीवन के स्रोत भगवान सूर्य को समर्पित आवाहन है।

### सत्रिया नृत्य परम्परा की प्रस्तुति

अंतिम प्रस्तुति सत्रिया नृत्य की रही। सत्रिया नृत्य परम्परा में गायन वादन पूर्वरंग का अभिन्न अंग है। नाट्यशास्त्र में वर्णित है कि किसी नाट्य प्रस्तुति के प्रारम्भ से पूर्व विघ्नों की निवृत्ति एवं वादकों द्वारा पूर्वरंग अनुष्ठान सम्पन्न किया जाता है।


खजुराहो नृत्य समारोह में नृत्य प्रस्तुति।

## खबर संक्षेप

### कोका-कोला इंडिया का नया कैंपेन पेश

**नई दिल्ली।** कोका-कोला कल्ट क्लासिक 'रिमझिम जीरा' की ऐसी वापसी करा रहा है। जीरे में हीरा, रिमझिम जीरा के विचार के साथ शुरू किया गया यह नया कैंपेन रिमझिम की साहसी वापसी को दर्शाता है इसे केवल एक पुरानी पसंद के रूप में नहीं, बल्कि हर पीढ़ी के लिए एक गौरवशाली 'ओजी' एथनिक ड्रिंक के रूप में पेश किया गया है। कोका-कोला इंडिया के सीनियर डायरेक्टर शोभनजीत रथ ने कहाकि इस कैंपेन का उद्देश्य कुछ ऐसा मज़ेदार और चंचल बनाना था जो रिमझिम के देसी और मजबूत जीरा स्वाद से जुड़ा हो।

### डाबर रेड पेस्ट से ओरल हेल्थ पर बुरा असर नहीं

**नई दिल्ली।** पब्लिक हेल्थ डेन्टिस्ट्री एमडीएस, पीएचडी, प्रोफेसर, डॉ. सोनिया दत्ता के अनुसार रीसर्च से पता चला है 40 फीसदी से अधिक लोग यात्रा के दौरान दिन में कम से कम एक बार ब्रश करना स्किप कर देते हैं और फ्लाइट में डी हाइड्रेशन के कारण मुंह में लार कम बनने लगती है। इस वजह से ओरल हेल्थ पर बुरा असर होता है। यात्रा के दौरान बहुत कुछ बदलता है, खाना, पानी और टेम्परेचर सब कुछ नया होता है। आयुर्वेदिक हर्ब्स इन सभी बदलावों से निपटने में कारगर हो सकते हैं।

### कैंसर केयर एंड ब्लड डिसऑर्डर्स की शुरुआत

**बेंगलुरु।** सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने उन्नत और एकीकृत इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर एंड ब्लड डिसऑर्डर्स का शुभारंभ किया। यह समर्पित केंद्र सटीकता-आधारित, तकनीक-सक्षम और मरीज-केंद्रित कैंसर एवं हीमेटोलॉजी उपचार को एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। हेल्पिंग द बॉडी-हीलिंग द सोल की विचारधारा से प्रेरित यह संस्थान उपचार के हर चरण में करुणामय देखभाल, स्पष्ट संवाद और निरंतर सहयोग पर विशेष बल देगा।

### सैमसंग ने पेश किया नया बिक्सबी

**गुरुग्राम।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने बिक्सबी के अपने नवीनतम वर्ज़न के बीटा प्रोग्राम की शुरुआत की घोषणा की। अब बिक्सबी को एक 'कन्वर्सेशनल डिवाइस एजेंट' के रूप में अपग्रेड किया गया है। इस अपडेट के बाद गैलेक्सी डिवाइसेस के साथ तालमेल बिठाना और भी आसान हो जाएगा। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के मोबाइल एक्सपीरियंस बिजनेस के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, वोन-जून चोई ने कहाकि जब हमने 2024 में अपना पहला एआई फोन पेश किया था, तभी से हमारी प्रतिबद्धता इसे उपयोग में इतना आसान बनाने की रही है ।

### फेमिना मिस के विनर्स की रण उत्सव की यात्रा

**गुजरात।** विश्वप्रसिद्ध रन ऑफ कच्छ उस समय और भी अधिक जीवंत हो उठा जब फेमिना मिस इंडिया 2023 की फर्स्ट रनर अप श्रेया पूंजा और फेमिना मिस इंडिया 2024 की फर्स्ट रनर अप रेखा पांडेय प्रसिद्ध रण उत्सव पहुचें । जहां सौंदर्य, संस्कृति और पर्यटन का अनूठा संगम देखने को मिला। फेस्टिवल की चकाचौंध से दूर, श्रेय और रेखा ने कच्छ के कम चर्चित रेगिस्तानी मार्गों की यात्रा की। दूर-दूर तक फैला सफेद क्षितिज, शांत वातावरण और खुली सडक़ें यह अनुभव किसी सिनेमाई दृश्य से कम नहीं था।

### केनेडी अब जी5 पर हो रही है स्ट्रीम

**मुंबई।** घरेलू वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जी5 ने बहुप्रतीक्षित नोयर थ्रिलर फिल्म केनेडी का प्रीमियर कर दिया है। इस फिल्म को प्रसिद्ध फिल्मकार अनुराग कश्यप ने लिखा और निर्देशित किया है। अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में सराहना और दर्शकों का प्यार बटोरने के बाद अब केनेडी हिंदी जी5 पर विशेष रूप से स्ट्रीम हो रही है। फिल्म में राहुल भट्ट मुख्य भूमिका में नजर आते हैं। उनके साथ सनी लियोनी, मोहित टाकलकर, मेघा बर्मन, आमिर दलवी, अभिलाष थपलियाल और करिश्मा मोदी अहम किरदारों में दिखाई देते हैं।

## पतंजलि विश्वविद्यालय में ‘अभ्युदय-2025-2026’ योगधर्म से युगधर्म आयोजित

# अभ्युदय कार्यक्रम गुरुकुल परंपरा और आधुनिक शिक्षा के सजीव समन्वय का प्रतीक बनकर उभरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हरिद्वार स्थित पतंजलि विश्वविद्यालय के भव्य सभागार में वार्षिक सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक महोत्सव ‘अभ्युदय 2026’ का आयोजन अत्यंत गरिमा, आध्यात्मिक उल्लास और राष्ट्रगौरव के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन प्राचीन गुरुकुल परंपरा और आधुनिक शिक्षा के सजीव समन्वय का प्रतीक बनकर उभरा। इस वर्ष अभ्युदय कार्यक्रम की थीम योगधर्म से युगधर्म रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। पतंजलि विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने ‘योगधर्म से युगधर्म’ नाट्य प्रस्तुति प्रस्तुत कर कार्यक्रम में पधारे गणमान्य अतिथियों का मन मोह लिया। इस अवसर पर पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव ने कहा कि आप सब उस पतंजलि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी हैं जो पूरी दुनिया का संस्कृति का सबसे बड़ा केंद्र है। सभी इस ऋषि संस्कृति के ध्वजवाहक बनकर इस अनुष्ठान को आगे बढ़ा रहे हैं। नाट्य प्रस्तुति देखकर स्वामी ने कहा कि आज एक षड्यंत्र के तहत विश्वगुरु भारत को लेकर कई भ्रामक रील्स चल रही हैं, लेकिन भारत विश्वगुरु था, है और हमेशा विश्वगुरु रहेगा । हमें पूरा विश्वास है कि हमारे पतंजलि के बालक कभी भी अपने चरित्र से नहीं गिर सकते, यह हमारा आत्मबल, वेदबल व ब्रह्मबल है। यह हमारा रामत्व, कृष्णत्व, हमनुत्व, शिवतत्व व गुरु तत्व है।



अभ्युदय 2026' का आयोजन में मंचासीन अतिथिगण

### योग केवल वैश्विक लोकप्रियता का विषय नहीं है, यह राष्ट्र निर्माण का आधार है: चिदानंद

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परमार्थ आश्रम, ऋषिकेश के परमाध्यक्ष चिदानंद मुनि महाराज ने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय एक अद्वितीय साधना-स्थली है। योग केवल वैश्विक लोकप्रियता का विषय नहीं है, यह राष्ट्र निर्माण का आधार है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण जी ने नाट्य प्रस्तुति के सफल आयोजन हेतु साध्वी देवप्रिया जी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस नाट्य प्रस्तुति के सफल आयोजन में साध्वी ने कुशल नेतृत्व किया है। साथ ही उन्होंने इस नाटक के लेखन, प्रशिक्षकों की टीम तथा अभिनय करने वाले विद्यार्थियों का परिचय कराते हुए उनका भी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. श्रीनिवास वरखेड़ी ने कहा कि नाट्य प्रस्तुति देखकर मैं अभिभूत हो गया। इस प्रस्तुति में मैंने नवरस का अनुभव किया ।

### प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी विद्यार्थियों को पदक और प्रमाण-पत्र प्रदान किए

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष डॉ. संध्या पुरेचा ने कहा कि नाट्य प्रस्तुति ‘योगधर्म से युगधर्म’ में हमने सतयुग से लेकर कलयुग तक संस्कृति संवर्धन का पूरा प्रवाह देखा, नृत्य और संगीत के समन्वय से ऐसी प्रस्तुति देखकर मैं बिल्कुल भाव विभोर हूं। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी विद्यार्थियों को पदक और प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए और पूरे सभागार में उत्साह और तालियों की गूंजती रही। कार्यक्रम में परमार्थ निकेतन ऋषिकेश से आध्यात्मिक मार्गदर्शिका साध्वी भगवती सरस्वती, पतंजलि विश्वविद्यालय की कुलानुशासिका एवं मानविकी संकायाध्यक्षा साध्वी देवप्रिया, आचार्यकुलम् की उपाध्यक्षा बहन ऋतम्भरा, पतंजलि क्रय समिति की अध्यक्षा बहन अंशुल, संप्रेषण विभागाध्यक्षा बहन पारूल, कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय की डीन डॉ. शिवानी, लाल महाराज, कुलपति डॉ. दिनेश शास्त्री, आईएएस प्रशांत राय, प्रति कुलपति डॉ. मयंक अग्रवाल, पतंजलि योग समिति के मुख्य केंद्रीय प्रभारी राकेश कुमार एवं स्वामी परमार्थ देव, हरियाणा योग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. जयदीप आर्य, मुख्य महाप्रबंधक ब्रिगेडियर टी.सी. मल्होत्रा, पतंजलि अनुसंधान संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ. अनुराग वार्ष्णेय, आचार्यकुलम की प्राचार्या डॉ. स्वाति, पतंजलि हर्बल डिविजन की विभागाध्यक्षा डॉ. वेदप्रिया आर्य, ओडीएल निदेशक डॉ. सत्येन्द्र मित्तल आदि उपस्थित रहे।

## जियो-शिक्षा क्लासरूम बदल सकता है पढ़ाई का तरीका

# जियो-शिक्षा के ‘स्मार्ट क्लासरूम’ से स्कूल बैग का बोझ होगा कम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में लगे जियो पवेलियन पर जियो-शिक्षा क्लासरूम खास तौर पर पेरेंट्स और स्टूडेंट्स का ध्यान खींच रहा है। यह सिर्फ एक टेक डेमो नहीं, बल्कि पढ़ाई के तौर-तरीकों को बदलने की एक गंभीर कोशिश के रूप में सामने आया है। भारत में करीब 25 करोड़ छात्र पारंपरिक तरीकों से पढ़ाई कर रहे हैं।

जियो-शिक्षा मॉडल का विज़न है कि आने वाले समय में स्कूलों को एआई पॉवर्ड लर्निंग हब्स में बदला जा सके। जियो-शिक्षा क्लासरूम के दो बुनियादी स्तंभ हैं, जियो ई-बोर्ड और जियो ई-बुक। दोनों क्लाउड के जरिए जुड़े हैं। शिक्षक बोर्ड पर जो पढ़ाते हैं, वही कंटेंट सीधे विद्यार्थियों की ई-बुक तक पहुंच जाता है। इससे न नोट्स कॉपी करने का झंझट रहता है और न ही भारी किताबों का बोझ। ई-बुक में न सिर्फ पाठ्यपुस्तकें, बल्कि उनसे जुड़े वीडियो, क्विज़ और अतिरिक्त अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध रहती है। जैसे ब्लैकबोर्ड, किताबें, होमवर्क नोट्स और स्टडी मटीरियल, यह सब एक डिजिटल इकोसिस्टम में, एक क्लिक पर उपलब्ध हो जाती है।



जियो-शिक्षा क्लासरूम

### फिलहाल यह मॉडल शुरुआती चरण में है और कुछ ही स्कूलों में लागू है

जियो-शिक्षा क्लासरूम मॉडल का फोकस सिर्फ छात्रों पर नहीं, बल्कि शिक्षकों पर भी है। शिक्षक पढ़ाने पर ज्यादा ध्यान दे सकें, इसलिए सिस्टम ऑटोमेटेड इवैल्यूएशन, रियल-टाइम परफॉर्मेंस डेटा और एडमिनिस्ट्रेटिव बोझ में कमी जैसे फीचर प्रदान करता है। प्रिंसिपल और अभिभावकों को भी छात्रों की प्रगति का रियल-टाइम डेटा मिल सकता है, जिससे समय रहते शैक्षणिक हस्तक्षेप संभव हो सके। फिलहाल यह मॉडल शुरुआती चरण में है और कुछ ही स्कूलों में लागू हुआ है।

### छात्र घर पर भी आसानी से कर सकते हैं एक्सेस

*जियो-शिक्षा इसी निरंतरता पर जोर देता है, ताकि क्लासरूम और घर के बीच पढ़ाई का प्रवाह बना रहे। जो भी कंटेंट क्लासरूम में पढ़ाया जाता है, उसे छात्र घर पर भी आसानी से एक्सेस कर सकते हैं। मॉडल का एआई ट्यूटर कॉन्सेप्ट क्लैरिटी देता है, अलग-अलग भाषाओं में संवाद कर सकता है और हर छात्र के लिए अलग लर्निंग पाथ सुझा सकता है। इससे रटने की संस्कृति से हटकर समझ आधारित पढ़ाई की दिशा में कदम बढ़ाने की बात की जा रही है।*

## पीएम ने जेवर में इंडिया चिप की वर्चुअल रखी आधारशिला

# इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रेटर नोएडा के जेवर स्थित यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम, इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड की आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट सुविधा की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारत सरकार में रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव भी उपस्थित थे।

इनके साथ एचसीएल ग्रुप की चेयरपर्सन रोशनी नाडर मल्होत्रा और होन हाई टेक्नोलॉजी ग्रुप (फॉक्सकॉन) के सेमीकंडक्टर बिजनेस ग्रुप के अध्यक्ष बॉब चेन भी शामिल हुए। इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड एचसीएल और फॉक्सकॉन का 60:40 संयुक्त उद्यम है। यह अत्याधुनिक ओएसटी सुविधा वर्ष 2028 तक परिचालन में आने की उम्मीद है। कंपनी ने इस परियोजना में लगभग 3,700 करोड़ का निवेश करने का संकल्प लिया है। इस सुविधा में स्मार्टफोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल सिस्टम और औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का उत्पादन किया जाएगा।


भूमिपूजन करते हुए

इस निवेश से 3,500 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे, स्थानीय सप्लाई चेन विकसित होगी और सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन में भागीदार आकर्षित होंगे। एचसीएल ग्रुप की चेयरपर्सन रोशनी नाडर मल्होत्रा ने कहाकि हम भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के अटूट समर्थन के लिए अत्यंत आभारी हैं। यह परियोजना एचसीएल ग्रुप की विकास यात्रा में एक नया अध्याय है और भारत की तकनीकी एवं विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र में हमारे योगदान को और मज़बूत करती है। हम उत्तर प्रदेश में अपनी प्रतिबद्धता को और गहरा करने पर गर्व महसूस करते हैं। होन हाई टेक्नोलॉजी ग्रुप (फॉक्सकॉन) के चेयरमैन यंग लियू ने कहाकि यह संयुक्त उद्यम भारत में हमारे द्वारा निर्माण, संचालन और स्थानीयकरण का एक बेहतरीन उदाहरण है।

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**भोपाल।** स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम मेंडोरा, भोपाल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. (डॉ.) मुकेश कुमार साहू (डीन एंड डायरेक्टर, स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी) ने की



जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री सुनीत अग्रवाल (जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भोपाल) तथा आमंत्रित अतिथि के रूप में मीरा सुरेश सिंह तोमर शामिल हुए। कार्यक्रम का आरंभ अतिथिगणों के स्वागत से हुआ तत्पश्चात प्रो. (डॉ.) मुकेश कुमार साहू ने समस्त जनसमूह को संबोधित करते हुए बताया कि भारत में संविधान के अनुच्छेद 39ए के तहत, जो लोग गरीबी, अक्षमता या अन्य कारणों से वकील की फीस और अदालती खर्च उठाने में असमर्थ हैं, उन्हें 'राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण या राज्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सलाह, दस्तावेज़ीकरण और वकील की सुविधा प्रदान की जाती है। तत्पश्चात कैप्टन पीयूष नेमा ने बताया कि लोक अदालत वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्रों में से एक है। यह एक ऐसा मंच है जहां कानून की अदालत में या पूर्व मुकदमेबाजी के स्तर पर लंबित विवादों,मामलों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाया,समझौता किया जाता है।

### वीआईटी भोपाल का खेल एवं टेक्नो-सांस्कृतिक महोत्सव ‘अद्वित्या'26’ 150 प्लस कार्यक्रमों के साथ लौटा

**भोपाल।** वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय का वार्षिक सांस्कृतिक और खेल महोत्सव अद्वित्या'26 परिसर को प्रतिभा, ऊर्जा और अविस्मरणीय अनुभवों के उत्सव स्थल में बदलने के लिए तैयार है। इस वर्ष का संस्करण 150 से अधिक कार्यक्रमों, बड़े जनसमूह और उम्मीदों से परे माहौल का वादा करता है। उत्सव की शुरुआत 21–24 फरवरी को स्पोर्ट्स फेस्ट से होगी, जहाa खेल कौशल और जज़्बा केंद्र में रहेगा। विभिन्न संस्थानों की टीमें नौ खेलों -बास्केटबॉल, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, क्रिकेट, कबड्डी, शतरंज और वेटलिफ्टिंग में उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं के माध्यम से धैर्य, रणनीति और टीमवर्क की परीक्षा देंगी। 26–28 फरवरी को टेक्नो-सांस्कृतिक फेस्ट के साथ मंच तकनीक, प्रदर्शन और कलात्मक अभिव्यक्ति के संगम का साक्षी बनेगा। तीन दिवसीय इस आयोजन में इन्नोविट 26 फिनाले, बैटल बॉट्स, रॉक ए’ब्लास्ट सहित अनेक प्रतियोगिताएa, विभिन्न प्रस्तुतियां और दर्शकों को आकर्षित करने वाले प्रदर्शन शामिल होंगे। 26 फरवरी को 'द 9 टीन बैंड' की ऊर्जावान प्रस्तुति और रश्मीत कौर की भावपूर्ण एवं बहुरंगी गायकी के साथ महोत्सव का आगाज़ होगा। 27 फरवरी को प्रसिद्ध राजस्थानी लोक गायक जसू खान बिसू मंच संभालेंगे। 28 फरवरी की समापन संध्या बहुआयामी मुख्य कलाकार अरमान मलिक की प्रस्तुति से रोमांचक और यादगार बनेगी।

### भीम पेमेंट्स एप ने यूपीआई सर्कल फीचर शुरू किया

**भोपाल।** भीम पेमेंट्स ऐप ने यूपीआई सर्कल फीचर शुरू किया है, जो इसी उद्देश्य के लिए बनाया गया है। यह एक प्राथमिक उपयोगकर्ता को विश्वसनीय लोगों को नियंत्रित भुगतान की अनुमति देने में सक्षम बनाता है, स्पष्ट सीमाओं और पूर्ण पारदर्शिता के साथ, ताकि सुरक्षा और जवाबदेही सुनिश्चित रहे। यूपीआई सर्कल इस आवश्यकता को सुरक्षित और नियंत्रित प्रतिनिधि भुगतान सुविधा के माध्यम से पूरा करता है। यह प्राथमिक उपयोगकर्ता को अपने बैंक खाते से, निर्धारित सीमाओं के भीतर, किसी द्वितीयक उपयोगकर्ता को यूपीआई भुगतान करने की अनुमति देने देता है। इससे यूपीआई पिन, पासवर्ड या डिवाइस एक्सेस साझा करने जैसी असुरक्षित प्रथाओं की आवश्यकता समाप्त हो जाती है।

### आउटस्टैंडिंग कैम्ब्रिज लर्नर अवॉड्र्स में मप्र के स्टूडेंट्स ने किया बेहतर प्रदर्शन

**भोपाल।** कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस एंड असेसमेंट (कैम्ब्रिज) के इंटरनेशनल एजुकेशन ग्रुप ने मध्य प्रदेश में आउटस्टैंडिंग कैमब्रिज लर्नर अवाड्र्स के विजेताओं की घोषणा कर दी है। ये अवाड्र्स नवंबर 2024, मार्च और जून 2025 की कैमब्रिज परीक्षा सीरीज़ में सेकंडरी स्कूल के स्टूडेंट्स की शैक्षणिक सफलताओं को सम्मानित करते हैं। साथ ही उन्हें दो प्रमुख यू.के रसेल ग्रुप संस्थानों से आठ तक यूनिवर्सिटी स्कॉलरशिप जीतने का अवसर भी मिलता है। मध्यप्रदेश में 3 स्टूडेंट्स को कैमब्रिज आईजीसीएसई, इंटरनेशनल एएस एंड ए लेवल एग्जाम में शानदार परफॉर्मेंस के लिए अवॉर्ड मिलेंगे। भारत में 227 से अधिक स्टूडेंट्स को ये अवार्ड मिलेंगे, जिनमें 86 स्टूडेंट्स ऐसे हैं जिन्होंने विश्व में सबसे अधिक अंक प्राप्त किए हैं और 107 स्टूडेंट्स ऐसे हैं, जिन्होंने भारत में किसी एक विषय में सबसे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। भारत में ‘टॉप इन वर्ल्ड’ अवॉर्ड कैटेगरी में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले 85 फीसदी स्टूडेंट्स मैथ्स, साइंस और इंग्लिश विषयों से हैं। एएस एंड ए लेवल में स्पैनिश, जर्मन, फ्रेंच, चाइनीज और अरेबिक जैसी विदेशी भाषाओं की मांग भी बढ़ी है। विनय शर्मा, रीजनल डायरेक्टर, कैंब्रिज इंटरनेशनल एजुकेशन, साउथ एशिया ने कहाकि ये अवॉर्ड विश्व में सबसे बेहतर प्रदर्शन को सम्मानित करते हैं। ये ना केवल इन स्टूडेंट्स को बल्कि पैरेंट्स और टीचर्स के महत्वपूर्ण सपोर्ट को भी गौरवान्वित करते हैं।

### बैंक ऑफ इंडिया पेंशनर की वार्षिक आम बैठक संपन्न

**भोपाल।** बैंक ऑफ इंडिया पेंशनर्स एवं रिटायर्ड एम्प्लॉइज़ एसोसिएशन (एमपी एवं सीजी यूनिट) की भोपाल में ऐतिहासिक वार्षिक आम बैठक संपन्न। भोपाल बैंक ऑफ इंडिया पेंशनर्स एवं रिटायर्ड एम्प्लॉइज़ एसोसिएशन की 9वीं वार्षिक आम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनिट अध्यक्ष कॉम. एके. वत्सल ने की। मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए 150 से अधिक सेवानिवृत्त पेंशनभोगियों के



अधिकारों एवं कल्याण से जुड़े मुद्दों पर गंभीर चर्चा की। महासचिव कॉम. अभय वर्मा ने बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत वर्तमान बैंकिंग परिदृश्य और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की चुनौतियों पर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सभा को संबोधित करते हुए कॉम. पी.एस. पाटकी एवं कॉम. हरविंदर सिंह ने पेंशन अपडेटेशन की प्रगति, स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी में कमी के प्रयासों तथा अधिकारी वर्ग से जुड़े लंबित न्यायालयीन मामलों की जानकारी दी। बैठक में कॉम. पट्टनायक (जोनल मैनेजर, बीओआई भोपाल), सुबोथ कुमार (डीजीएम, भोपाल), कॉम. कुलदीप स्वर्णाकर (महासचिव, बीओआई वर्किंग यूनिट), कॉम. विकास पांडे, कॉम. एस. सोमानी एवं कॉम. विश्वजीत सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। ऑल इंडिया बैंक पेंशनर्स एंड रिटायरीज कॉन्फेडरेशन के मार्गदर्शक एवं वरिष्ठ नेताओं ने भी सहभागिता कर अपना समर्थन प्रदान किया।

### भारत के डिजिटल स्किलिंग अभियान को तेज करने देशव्यापी जागरुकता कैंपेन शुरू

**नई दिल्ली ।** भारत के डिजिटल स्किलिंग इकोसिस्टम को और मजबूत करने और विकसित भारत की तरफ तेजी से आगे बढ़ने के लिए भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के अवसर पर बढ़ना है तो यहां जुड़ना है नाम से एक देशव्यापी जागरूकता कैंपेन शुरू किया। देश भर में अपनी पहुंच के हिस्से के तौर पर इस अभियान में दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन भी शामिल हैं। यह स्किलिंग, रोजगार और आजीवन सीखने के लिए भारत का एकीकृत डिजिटल प्लेटफार्म है। इस अभियान का उद्देश्य सिद्ध तक पहुंच को और बढ़ाना है, जिसने पहले ही 1.5 करोड़ से ज़्यादा रजिस्टर्ड उम्मीदवारों को जोड़ा है और यह देश के सबसे बड़े यूनिफाइड डिजिटल स्किलिंग प्लेटफॉर्म में से एक है।

### बीएमपीए ‘प्रिंट कनेक्ट’ में मेहूल देसाई ने कहा-आगे बढ़ना है तो एक दूसरे के साथ मिलकर काम करो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सपनों का पिछा करते हो, मेहनत करते हो तो सब कुछ हासिल कर सकते हो। बस एक दूसरे के विरूद्ध नहीं एक दूसरे के साथ हाथ मिलाकर कार्य करे तो आपकी प्रगति निश्चित है। यह महती सूत्र भोपाल मास्टर प्रिंटर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रिंट कनेक्ट 2026 में मुंबई से आए एआईएफएम के महासचिव मेहूल देसाई ने कही। बीएमपीए द्वारा आयोजित इस प्रिंटिंग वर्कशॉप मे मेहूल ने कहा की प्रिंटिंग में नई टेक्नालॉजी बढ़ रही। हमें एआई का बेहतर उपयोग कर अपना स्किल बढ़ाना होगा। कार्यक्रम का दूसरा तकनीकी सत्र, प्रिंट एंड पेकेजिंग पर था जिसे अवॉर्ड पेकेजिंग मुंबई के नितीन शाह द्वारा प्रेजेंट किया गया। उन्होंने एक उपयोगी प्रेजेंटेशन के माध्यम प्री-प्रेस और पोस्ट प्रेस पर कई तकनिकी जानकारियां प्रदाय की।




इस इंटरेक्टिव सेशन में नितीन ने बताया की ग्लोबल लेवल पर कार्य बढ़ रहा है और आप करना चाहते है तो क्वालिटी के साथ व्यवस्थित होना पड़ेगा। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन बीएमपीए के प्रेसिडेंट मनोज अग्निहोत्री द्वारा तथा अतिथियों का परिचय सचिव विकास जैन गोधा द्वारा किया गया। इस अवसर पर भोपाल चेम्बर ऑफ कामर्स में कार्यकारी सदस्य चुने जाने पर बीएमपीए के सदस्य विकास जैन तथा रामेश्वर अग्रवाल का अभिनंदन किया गया। प्रिंट कनेक्ट में बड़ी संख्या में बीएमपीए के सदस्य, पदाधिकारी तथा भोपाल के युवा प्रिंटिंग इंटरप्रेनर विशेष रूप से उपस्थित थे।

## श्री होलसेल सराफा एसो. का फागुन उत्सव समारोह

# सर्राफा व्यापारियों को एक सूत्र में बांधने और प्रेम बढ़ाने का रहा उद्देश्य : संजीव

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

श्री होलसेल सराफा एसोसिएशन भोपाल द्वारा प्रतिवर्ष की भांति फागुन के पावन अवसर पर फागुन उत्सव, स्नेह एवं रंगों के मिलन समारोह का आयोजन एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव गर्ग (गांधी) की अध्यक्षता में रविवार को आर्या रिसोर्ट भौरी बायपास जोड़ भोपाल इंदौर रोड़ बकानिया में किया गया है।

इस मौके मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष गोविंद गोयल सहित एसोसिएशन सचिव विजय वर्मा, कोषाध्यक्ष अखिलेश मित्तल, उपाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल सहित श्याम अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, अंकेशगर्ग, राहुल खंडेलवाल, ऋषि अग्रवाल, अंकित गर्ग, हरीश लोकवानी, विकेश अग्रवाल, नरेश ददलानी, राजकुमार राठौड़, राम निवास साहू आदि मौजूद रहे।



### इस बार यूथ जनरेशन को विशेष रूप से मंच पर लाया

एसोसिएशन अध्यक्ष संजीव गर्ग ने बताया कि यह फागुन उत्सव, स्नेह एवं रंगों का मिलन समारोह में सभी सराफा व्यवसायी फागुन उत्सव के दौरान एक-दूसरे को होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस स्नेह मिलन में फाग के गीत, भजन और नृत्य का आयोजन भी किया गया। साथ ही यह आयोजन के माध्यम से भोपाल के सर्राफा बाजार में व्यापारियों को एक सूत्र में बांधने और प्रेम बढ़ाने का उद्देश्य रखता है। इस बार यूथ जनरेशन को विशेष रूप से मंच पर लाया गया है। इसका प्रमुख उद्देश भोपाल में 1200 दुकान के सभी यूथ ग्रुप को आगे बढ़ाना थ्योरीकल पढ़ाई के बाद 4 पीढ़ी ने व्यापार को कैसे मैनेज ओर प्रैक्टिकल रूप से किया। उसको सीखने की आवश्यकता पर फोकस करके उनके लिए मोटिवेशन सेमिनार आदि के द्वारा एक दूसरे से परिचय कराना हमारा प्रमुख उद्देश्य है एआई, कंप्यूटर सिस्टम, प्रौद्योगिकी, बहुराष्ट्रीय और कई व्यावसायिक सॉफ्टवेयर लेखांकन पारदर्शिता ईमानदार काम स्टार्ट-अप एमएसएमई कर प्रणाली को इंप्लीमेंट करके कैसे व्यापार को आगे बढ़ाना चाहिए ।

चिंतन

# ट्रेड डील पर सावधान और सतर्क रहने की जरूरत

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते (आईटीए) पर अनिश्चितता एक बार फिर गहरा गई है। 23 से 26 फरवरी तक वाशिंगटन में होने वाली बैठक का टल जाना केवल एक तारीख का बदलना नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक व्यापार समीकरणों का संकेत है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ संबंधी रुख में 24 घंटे के भीतर आए बदलावों ने इस अनिश्चितता को और बढ़ा दिया है। पहले सभी वैश्विक टैरिफ को समाप्त करने की बात, फिर 10% का सार्वभौमिक टैरिफ और उसके तुरंत बाद 15% का संशोधित टैरिफ यह क्रम बताता है कि अमेरिकी व्यापार नीति फिलहाल स्थिरता से दूर है। यह अस्थिरता किसी भी देश के लिए रणनीतिक चुनौती से कम नहीं। ऐसे परिदृश्य में भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण है संयम, विवेक और दीर्घकालिक सोच के साथ आगे बढ़ना जरूरी है। मूल प्रस्ताव में भारत पर 18% टैरिफ लागू होने की बात थी। अब जब 15% का ग्लोबल टैरिफ प्रभावी हो रहा है, तो तकनीकी रूप से यह भारत के लिए अपेक्षाकृत राहत की स्थिति है, लेकिन सवाल यह है कि क्या इस राहत को स्थायी माना जा सकता है? जब नीतिगत फैसले इतने कम समय में बदल रहे हों, तब किसी भी समझौते को अंतिम मान लेना जोखिम भरा हो सकता है। यदि अमेरिकी प्रशासन का रुख अस्थिर बना रहता है, तो भारत को हर शर्त का सूक्ष्म मूल्यांकन करना होगा, ताकि भविष्य में अचानक नीति परिवर्तन से भारतीय निर्यातकों को नुकसान न उठाना पड़े। प्रस्तावित समझौते में कुछ सकारात्मक पहलू भी हैं। जेनेरिक दवाओं, रत्न एवं हीरे और विमान पार्ट्स पर जीरो टैरिफ की बात भारतीय उद्योग के लिए बड़ा अवसर हो सकती है। टेक्सटाइल, चमड़ा, फुटवियर, प्लास्टिक, रबर उत्पाद, ऑर्गेनिक केमिकल्स और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों को अमेरिकी बाजार में बेहतर पहुंच मिलने की संभावना है। अमेरिका का लगभग 30 ट्रिलियन डॉलर का बाजार भारतीय एमएसएमई, किसानों, मछुआरों, महिला उद्यमियों और युवाओं के लिए नए अवसर खोल सकता है। विशेषकर फार्मास्यूटिकल सेक्टर, जिसमें भारत वैश्विक स्तर पर मजबूत स्थिति रखता है, उसे बेहतर शर्तों के साथ प्रवेश मिलने से निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। लेकिन यह अवसर तभी सार्थक होंगे, जब शर्तें स्पष्ट, स्थिर और पारदर्शी हों। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि टैरिफ में दी गई छूट या रियायतें अस्थायी राजनीतिक फैसलों की भेंट न चढ़ें। विमान पार्ट्स पर अमेरिकी सेक्शन 232 के तहत छूट और ऑटो पार्ट्स के लिए टैरिफ रेट कोटा जैसी व्यवस्थाएं भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के लिए सकारात्मक संकेत हैं। लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि अमेरिका अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर भविष्य में किसी भी समय नई शर्तें जोड़ सकता है। भारत को चाहिए कि वह इन प्रावधानों को केवल निर्यात अवसर के रूप में न देखे, बल्कि घरेलू विनिर्माण क्षमता बढ़ाने, गुणवत्ता सुधारने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिके रहने की रणनीति के साथ जोड़े। अमेरिकी नीति में दिख रही अनिश्चितता यह संकेत देती है कि भारत को जल्दबाजी में कोई अंतिम निर्णय नहीं लेना चाहिए। समीक्षा, पुनर्मूल्यांकन और सभी हितधारकों से परामर्श के बाद ही आगे बढ़ना समझदारी होगी। कुल मिलाकर बदलते वैश्विक व्यापार परिदृश्य में भारत को उत्साह नहीं, बल्कि संयम, सावधानी और सतर्कता के साथ कदम बढ़ाने होंगे। यही नीति देश के किसानों, उद्योगों और उभरते उद्यमियों के हितों की वास्तविक रक्षा कर सकेगी।

# बदलता टैरिफ और भारत की रणनीति



मुद्दा
महेन्द्र तिवारी

25 फरवरी 2026 से प्रभावी होने वाले इन 15% के शुल्कों का सीधा प्रहार भारत के औषधीय निर्माण, वस्त्र उद्योग और अभियांत्रिकी वस्तुओं पर पड़ेगा। भारतीय औषधीय क्षेत्र का 20% निर्यात केवल अमेरिका को होता है, जो अब महंगा हो जाएगा। भारत को अब केवल अमेरिका पर केंद्रित न रहकर उन देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर पुनः विचार करना आवश्यक है जहां भारतीय वस्तुओं की मांग बढ़ सकती है। अमेरिकी न्यायालय के निर्णय से सिद्ध है कि वहां की लोकतांत्रिक संस्थाएं राष्ट्रपति की शक्तियों पर अंकुश लगा सकती हैं, और भारत को अपनी कानूनी दलीलों और कूटनीतिक वार्ताओं में इसका लाभ उठाना चाहिए। 150 दिनों की समय सीमा भारत के लिए अवसर की खिड़की है जिसमें वह अपनी मोलभाव करने की शक्ति प्रदर्शित कर सकता है।

ट्रंप प्रशासन द्वारा वैश्विक आयात पर लगाए गए नए करों ने अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक जगत में एक अभूतपूर्व हलचल पैदा कर दी है। वर्ष 2026 के शुरुआती महीनों में अमेरिकी शासन और न्यायपालिका के बीच जो खींचतान देखने को मिली है, उसने भारत जैसे बड़े व्यापारिक साझेदारों के लिए अनिश्चितता और अवसर दोनों की स्थिति उत्पन्न की है। 20 फरवरी 2026 को अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति द्वारा पूर्व में लगाए गए कुछ विशेष शुल्कों को अवैध ठहराते हुए यह स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम के तहत दी गई शक्तियों का असीमित उपयोग नहीं किया जा सकता। इस न्यायिक निर्णय ने भारत के लिए कुछ समय के लिए राहत की स्थिति उत्पन्न की थी, क्योंकि इससे पारस्परिक करों की दर जो अठारह से पच्चीस प्रतिशत तक जा सकती थी, वह घटकर न्यूनतम व्यापारिक दरों पर आने की संभावना बन गई थी। किंतु इसके तुरंत बाद अमेरिकी नेतृत्व ने व्यापार अधिनियम 1974 की धारा 122 का प्रयोग करते हुए वैश्विक स्तर पर पहले दस प्रतिशत और फिर पंद्रह प्रतिशत के नए शुल्कों की घोषणा कर दी। ये नए शुल्क 150 दिनों की अवधि के लिए लागू किए गए हैं, जिसका मुख्य आधार भुगतान संतुलन की समस्या को बताया गया है।

भारत के दृष्टिकोण से देखें तो अमेरिका उसका सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है, जहां वह प्रतिवर्ष लगभग अठारह प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ अठहत्तर अरब डॉलर से अधिक का माल भेजता है। अमेरिकी प्रशासन का यह तर्क कि अन्य देश दशकों से उनका शोषण कर रहे हैं और व्यापार घाटे को कम करना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक है, भारत के लिए एक बड़ी चुनौती पेश करता है। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय ने इन परिस्थितियों का सूक्ष्मता से आकलन करना आरंभ कर दिया है। 25 फरवरी 2026 से प्रभावी होने वाले इन पंद्रह प्रतिशत के शुल्कों का सीधा प्रहार भारत के औषधीय निर्माण, वस्त्र उद्योग और अभियांत्रिकी वस्तुओं पर पड़ेगा। भारतीय औषधीय क्षेत्र का लगभग बीस प्रतिशत निर्यात केवल अमेरिका को होता है, जो अब महंगा हो जाएगा। इसी प्रकार वस्त्र उद्योग में दस प्रतिशत की हिस्सेदारी और अभियांत्रिकी वस्तुओं की व्यापक पहुंच पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। अमेरिकी वित्त विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि यद्यपि यह कदम वर्तमान में अस्थायी हैं, परंतु आने वाले समय में राष्ट्रीय सुरक्षा और अनुचित व्यापार प्रथाओं से संबंधित अन्य धाराओं के अंतर्गत इन्हें स्थायी रूप से भी लागू किया जा सकता है।

भारत की प्रतिक्रिया इस पूरे विवाद में बहुत ही संतुलित और परिपक्व रही है। भारत सरकार ने नियम-आधारित व्यापार व्यवस्था पर जोर देते हुए यह स्पष्ट किया है कि वह बातचीत के माध्यम से समाधान निकालने की पक्षधर है। 7 फरवरी 2026 को जारी किए गए संयुक्त वक्तव्य में भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा बदलाव करते हुए रूस से कच्चा तेल खरीदने की मात्रा कम करने और उसके बदले अमेरिका से ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी और कोयले की खरीद बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई है। यह अनुमान लगाया गया है कि भारत आने वाले समय में अमेरिका से लगभग पांच सौ अरब डॉलर की खरीद कर सकता है, जो दोनों देशों के बीच व्यापारिक संतुलन को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा। भारत का मानना है कि यदि द्विपक्षीय व्यापार समझौता सफलतापूर्वक संपन्न होता है, तो वह इन अतिरिक्त शुल्कों से मुक्ति पा सकता है। भारतीय संघ बजट 2026 में भी इस दिशा में दूरदर्शिता दिखाई गई है, जहां निर्यातकों को राहत देने के




लिए सीमा शुल्क में कटौती की गई है। व्यक्तिगत आयात पर करों को बीस प्रतिशत से घटाकर दस प्रतिशत करना इसी रणनीति का हिस्सा है।

भारत की आगामी रणनीति बहुआयामी होनी चाहिए ताकि अमेरिकी बाजार पर उसकी निर्भरता कम हो और वह एक स्वावलंबी आर्थिक शक्ति के रूप में उभर सके। सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ निर्यात का विविधीकरण है। भारत को अब केवल अमेरिका पर केंद्रित न रहकर यूरोपीय संघ, दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों के संगठन और अफ्रीकी महाद्वीप के उभरते बाजारों की ओर देखना होगा। उन देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर पुनः विचार करना आवश्यक है जहां भारतीय वस्तुओं की मांग बढ़ सकती है। दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष घरेलू विनिर्माण क्षमता को सुदृढ़ करना है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से भारत ने पहले ही स्मार्टफोन और विद्युत चालित वाहनों के क्षेत्र में सफलता प्राप्त की है, जिसे अब अन्य क्षेत्रों में भी दोहराने की आवश्यकता है। मूल्य संवर्धन की शृंखला में ऊपर की ओर बढ़ना भारत के लिए अनिवार्य है ताकि वह केवल कच्चे माल का निर्यातक न रहकर उच्च तकनीक वाली वस्तुओं का निर्माता बने। इस व्यापारिक विवाद ने 'मित्र-तटीयकरण' की अवधारणा को भी जन्म दिया है, जिसका अर्थ है कि अमेरिकी कंपनियां चीन जैसे देशों से अपना उत्पादन हटाकर भारत जैसे मित्र राष्ट्रों में स्थानांतरित करें। यह लंबी अवधि में भारत के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है। यदि अमेरिकी कंपनियां भारत में निवेश करती हैं और यहां से वैश्विक आपूर्ति सुनिश्चित करती हैं, तो टैरिफ के प्रभाव को कम किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, भारत को विश्व व्यापार संगठन जैसे बहुपक्षीय मंचों पर भी अपनी आवाज बुलंद रखनी होगी। यदि अमेरिकी प्रशासन धारा 122 का दुरुपयोग करता है, तो भारत को अन्य प्रभावित राष्ट्रों के साथ मिलकर एक सामूहिक मोर्चा बनाना चाहिए। जी-20 और क्वाड जैसे समूह भी इस दिशा में कूटनीतिक दबाव बनाने के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। जवाबी कर लगाना एक अंतिम विकल्प होना चाहिए, क्योंकि इससे व्यापार युद्ध की स्थिति उत्पन्न हो सकती है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक होगी, जैसा कि हमने 2018 में देखा था।

डिजिटल सेवाओं और सॉफ्टवेयर निर्यात के क्षेत्र में भारत की स्थिति अधिक सुरक्षित है क्योंकि ये क्षेत्र भौतिक वस्तुओं पर लगने वाले सीमा शुल्कों से कम प्रभावित होते हैं। भारत को अपनी इस शक्ति का लाभ उठाना चाहिए। साथ ही, निर्यातकों के लिए बीमा योजनाओं और धन वापसी की प्रक्रियाओं को सरल बनाना होगा। अमेरिकी न्यायालय के निर्णय ने यह सिद्ध कर दिया है कि वहां की लोकतांत्रिक संस्थाएं राष्ट्रपति की शक्तियों पर अंकुश लगा सकती हैं, और भारत को अपनी कानूनी दलीलों और कूटनीतिक वार्ताओं में इस पक्ष का लाभ उठाना चाहिए। 150 दिनों की समय सीमा भारत के लिए एक अवसर की खिड़की है जिसमें वह अपनी मोलभाव करने की शक्ति का प्रदर्शन कर सकता है। प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच होने वाली उच्च स्तरीय वार्ताएं इस गतिरोध को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। अंततः, ट्रंप प्रशासन की आक्रामक व्यापारिक नीतियां भारत को अपनी आर्थिक नीतियों के पुनर्मूल्यांकन का संदेश दे रही हैं। यह विवाद न केवल एक चुनौती है, बल्कि भारत के लिए अपनी विनिर्माण शक्ति को वैश्विक मानकों के अनुरूप ढालने का एक संकेत भी है। यदि भारत चतुराई और दृढ़ता के साथ अपनी रणनीति पर चलता है, तो वह इस संकट को एक ऐसे अवसर में बदल सकता है जहां उसकी अर्थव्यवस्था और अधिक लचीली, विविध और स्वतंत्र होकर उभरेगी। वैश्विक व्यापार के इस संक्रमण काल में भारत की भूमिका एक तटस्थ और नियम-पालक राष्ट्र की होनी चाहिए जो अपने हितों की रक्षा के साथ-साथ वैश्विक आर्थिक स्थिरता का भी सम्मान करे। संतुलित मार्ग ही वह एकमात्र रास्ता है जो भारत को एक विकसित राष्ट्र की ओर ले जाएगा और उसे वैश्विक आपूर्ति शृंखला का एक विश्वसनीय केंद्र बनाएगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

कला बनाम समुदाय
अम्बरीष प्रजापति



# फिल्म 'घूसखोर पंडित' विवाद और अभिव्यक्ति

भारतीय सिनेमा और विवादों का चोली-दामन का साथ रहा है, लेकिन हाल ही में नेटफ्लिक्स पर आने वाली फिल्म 'घूसखोर पंडित' के नाम पर मचे बवाल ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता आर्टिकल 19(1)(a) की सीमाओं को एक बार फिर कटघरे में खड़ा कर दिया है। फिल्म के शीर्षक को लेकर न केवल सामाजिक विरोध हुआ, बल्कि देश की सर्वोच्च अदालत को भी इस मामले में हस्तक्षेप करना ही पड़ा। फिल्म के निर्माता नीरज पांडे और मुख्य अभिनेता मनोज बाजपेयी की इस फिल्म का शीर्षक जैसे ही सार्वजनिक हुआ। ब्राह्मण समुदाय और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने इस पर कड़ा ऐतराज जताया। जनता की भावना यह थी कि 'घूसखोर' जैसे नकारात्मक विशेषण को एक विशिष्ट जाति सूचक शब्द पंडित के साथ जोड़ना पूरे समुदाय की छवि को धूमिल करने और रूढ़िवादिता को बढ़ावा देने का प्रयास है। उत्तर प्रदेश और हरियाणा के अलावा कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन भी हुए। यहां तक कि एफआईआर भी दर्ज की गई।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुयान की पीठ ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए फिल्म निर्माताओं को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणियां करते हुए स्पष्ट कहा कि किसी भी समुदाय को नीचा दिखाने वाला शीर्षक नैतिकता और सार्वजनिक व्यवस्था के खिलाफ है। जस्टिस नागरत्ना ने याद दिलाया कि हमारे संविधान निर्माताओं ने विविधता के बीच भाईचारे की अवधारणा रखी थी, जिसे कला के नाम पर खंडित नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने दो टूक कहा कि जब तक शीर्षक नहीं बदला जाता, फिल्म रिलीज नहीं होगी। उसके बाद अभी ताजा सुनवाई में फिल्म निर्माताओं ने अदालत में हलफनामा दायर कर सूचित किया कि उन्होंने 'घूसखोर पंडित' शीर्षक को पूरी तरह वापस ले लिया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि फिल्म से संबंधित सभी पुराने प्रोमोशनल मटेरियल हटा दिए गए हैं और नया नाम ऐसा होगा जो पुराने नाम से मिलता-जुलता नहीं होगा। इस आश्वासन के बाद सुप्रीम कोर्ट ने याचिका का निपटारा कर दिया।

यह विवाद फिल्म सेंसर बोर्ड और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ओटीटी के नियमों पर भी सवाल उठाता है। आमतौर पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली फिल्मों को सिनेमैटोग्राफ एक्ट 1952 के तहत कड़े दौर से गुजरना पड़ता है, लेकिन ओटीटी सामग्री को लेकर नियम थोड़े अलग हैं। क्या ओटीटी प्लेट फॉर्म्स को भी फिल्मों की तरह सेंसर बोर्ड के कड़े दायरे में आना चाहिए? यह विवाद कोई पहली बार नहीं है इससे पहले भी पद्मावत, लक्ष्मी, सत्य प्रेम की कथा, बिल्लू बार्बर, रामलीला, मेंटल है क्या, लवरात्रि, पृथ्वीराज और सिंह साहिब द ग्रेट जैसी कई फिल्मों के समय भी हुआ था। धार्मिक प्रतीकों, नाम के गलत इस्तेमाल या सामुदायिक भावनाओं के प्रति असंवेदनशीलता के दावों के चलते दबाव में इन फिल्मों के नाम बदलने पड़े थे।

"फिल्म का उद्देश्य मनोरंजन और जागरूकता होना चाहिए। जब कला विवादों की ढाल बनकर किसी की भावनाओं को आहत करती है, तो वह अपनी मौलिकता खो देती है। 'घूसखोर पंडित' विवाद भारतीय फिल्मकारों के लिए एक चेतावनी भी है और जिम्मेदारी का पाठ भी।"

विवाद के बाद फिल्म के ट्रेलर री-एडिट करने, डिजिटल मार्केटिंग से पुराने नाम के लिंक हटाने और नई ब्रांडिंग करने में आने वाला भारी खर्च का नुकसान होना। विवादों में आने से फिल्म की नेगेटिव पब्लिसिटी से कई बार बड़े ब्रांड्स विज्ञापन से हाथ खींच लेते हैं जिसके कारण भारी आर्थिक नुकसान का खामियाजा झेलना पड़ता है। इसलिए फिल्म निर्माताओं को फिल्म की घोषणा से पहले ही 'सोशल ऑडिट' या कानूनी सलाह लेनी चाहिए ताकि बाद में होने वाले आर्थिक नुकसान व विवाद से बचा जा सके।

सिनेमा समाज का दर्पण है, लेकिन दर्पण को ऐसा नहीं होना चाहिए जो किसी वर्ग विशेष की छवि को विकृत ही कर दे। घूसखोर पंडित विवाद यह सीख देता है कि क्रिएटिव फ्रीडम का अर्थ 'जिम्मेदारी से मुक्ति' नहीं है। कला तभी सार्थक है जब वह समाज को जोड़ने का काम करे, न कि विवादों के जरिए सुर्खियां बटोरने का। फिल्म की सफलता उसके शीर्षक के विवाद में नहीं, बल्कि उसकी कथावस्तु में होनी चाहिए। यदि कहानी दमदार है, तो नाम बदलने से उसकी आत्मा नहीं मरती। फिल्मकारों को अब समझना होगा कि भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में 'अभिव्यक्ति' और 'संवेदनशीलता' को एक ही पटरी पर साथ चलना होगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## लोकहित में त्याग करने वाले ही बनते हैं संत



संकलित
दर्शन

सब कुछ क्षणिक होते हुए भी इस जगत की अनंत यात्र का कभी अंत नहीं होता। यह अनवरत गतिमान रहती है। वास्तव में त्याग की पवित्र भावना ही इसकी गतिशीलता और जीवंतता का कारण है। इसलिए जिन गुणों से मानव जीवन महान बनता है, त्याग उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जैसे-शीतलता के बिना जल, दाहकता के बिना अग्नि, स्पर्श के बिना वायु का कोई अस्तित्व नहीं। उसी प्रकार त्याग के बिना मानव जीवन का कोई मूल्य नहीं, परंतु त्याग वही सार्थक है, जो परार्थ के लिए हो। स्वार्थ के लिए त्याग तो पशु-पक्षी भी करते हैं। इसीलिए निःस्वार्थ भाव से लोकहित में त्याग करने वाले मानव संत बन जाते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में त्याग को शांति का प्रदाता कहा गया है, परंतु इसके विलक्षण आनंद का अनुभव कोई विरला ही कर सकता है। वस्तुतः त्याग का जन्म उदारता से होता है, क्योंकि औदार्य भाव ही मनुष्य को स्वार्थ और मोह से मुक्तकर परार्थ के लिए प्रेरित करता है। इसलिए उदारता का भाव जिसमें जितना प्रबल होगा, त्याग की भावना भी उतनी ही प्रबल होगी। कल्पना कीजिए कि महर्षि दधीचि में उदारता का भाव कितना प्रबल रहा होगा, जिससे उन्होंने जीवित रहते ही लोक कल्याणार्थ शरीर त्याग करने का निर्णय लिया। कर्ण ने यह जानते हुए भी कि जीवन रक्षक कवच का दान करने से उसके प्राणों पर संकट निश्चित है, उसे सहर्ष काटकर याचक को समर्पित कर दिया। उदारता के बिना यह कदापि संभव नहीं था।

## कहां निवास करती हैं लक्ष्मी जी



संकलित
प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूंढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछा- दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोले- देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं- देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोले- देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूं। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूं। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोले- देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं।

## सटाका




## आज की पाती

**शिक्षण संस्थानों में फूहड़ मनोरंजन**

विद्यालय किसी भी राष्ट्र की आत्मा का निर्माण करते हैं। यही वे स्थान हैं जहां से समाज की दिशा तय होती है और आने वाली पीढ़ियों के विचार, मूल्य तथा व्यवहार गढ़े जाते हैं। एक सभ्य समाज की पहचान उसके विद्यालयों से होती है, क्योंकि यहीं बच्चों को केवल अक्षर ज्ञान ही नहीं, बल्कि अनुशासन, नैतिकता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का बोध कराया जाता है। ऐसे में यदि विद्यालय परिसरों में अशोभनीय गीतों पर नृत्य, फूहड़ मनोरंजन और मर्यादाविहीन प्रस्तुतियां सामने आती हैं, तो यह केवल किसी एक संस्था की चूक नहीं, बल्कि पूरे देश की शिक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर चेतावनी है। **-विवेक चौबे**, रायपुर

## ट्रेंड

### नए युग का साक्षी



आज उत्तर प्रदेश समेत पूरा देश वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर के नए युग का साक्षी बन रहा है। मेरठ मेट्रो, नमो भारत ट्रेन और रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के नए सेक्शन के शुभारंभ से एनसीआर के लोगों का जीवन और अधिक सरल, सुगम एवं सुविधाजनक बनेगा। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### अवैध प्रवासियों को बाहर करेंगे




अगर देश नक्सलवाद से मुक्त हो सकता है, तो घुसपैठियों से भी मुक्त हो सकता है। अवैध प्रवासियों को न केवल मतदाता सूची से हटाया जाएगा, बल्कि अगले पांच वर्षों में देश से भी बाहर किया जाएगा। नक्सलवाद को भी 31 मार्च तक पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा। इससे देश लाल आतंक से मुक्त होगा। **-अमित शाह,** गृहमंत्री

### जिम्मेदारी से बोलते हैं राहुल



राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं। वे जिम्मेदारी से बोलते हैं, कैजुअली नहीं। वे तथ्यों के आधार पर बोलते हैं और जो भी कहते हैं, उसके सबूत देते हैं। सरकार नहीं चाहती थी कि सदन में चर्चा हो। महिला सांसदों पर आरोप लगाए गए। इसलिए अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। **-जयराम रमेश,** कांग्रेस सांसद

### ममता की नीति सफल नहीं होगी



शायद ममता बजर्नी को लग रहा है इस बार चुनाव में गैर-बंगाली लोग उनकी पार्टी टीएमसी को वोट नहीं देंगे। इसीलिए वह प्रवासी बांग्लादेशी मजदूरों पर हमले का मुद्दा भुनाना चाहती हैं। लेकिन ममता की यह नीति सफल नहीं होगी। **-अधीर रंजन** चौधरी, कांग्रेस नेता

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


### वेनेजुएला की आम माफी योजना में रिहा होंगे कैदी



वेनेजुएला में राजनीतिक कारणों से हिरासत में लिए गए कम से कम 1,557 लोगों ने इस सप्ताह पारित हुए माफी विधेयक के तहत अपने आवेदन जमा कर दिए हैं और उनके रिहा होने की उम्मीद है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को पारित किए गए इस कदम से विपक्षी सदस्यों, कार्यकर्ताओं, मानवाधिकार रक्षकों, पत्रकारों और महीनों या वर्षों से हिरासत में रखे गए कई अन्य लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है। इस विधेयक पर हस्ताक्षर के साथ ही राष्ट्रपति ने एक तरह से यह स्वीकार किया कि सरकार ने सैकड़ों लोगों को राजनीतिक कारणों से जेल में रखा हुआ है। राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के इस कदम को बड़े बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है क्योंकि इससे पहले दक्षिण अमेरिकी देश के अधिकारी दशकों से किसी राजनीतिक कैदी को हिरासत में रखे जाने की बात से इनकार करते रहे हैं। यह पिछले महीने देश की राजधानी काराकस में तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए अमेरिकी सेना की कार्रवाई के बाद नीति में आया नवीनतम बदलाव है। 'नेशनल असेंबली' के नेता जॉर्ज रोड्रिगेज ने शनिवार को कहा, 'आज तक 1,152 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिससे कुल आवेदनों की संख्या 1,557 हो गई है जिन पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है।

## ऑफ बीट

### जाने कुछ ब्लैक होल दूसरों से बड़े क्यों हैं?



ब्लैक होल घने खगोलीय पिंड होते हैं, जिनका गुरुत्वाकर्षण इतना मजबूत होता है कि कुछ भी खुद में समेट लेते हैं, यहां तक कि प्रकाश भी, इससे बच नहीं सकता है। जो कुछ भी ब्लैक होल के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की सीमा को पार करेगा, वह ब्लैक होल में गिर जाएगा। इस गहरे, घने गड्ढे के अंदर, इसे फिर कभी नहीं देखा जा सकेगा। ब्लैक होल ब्रह्मांड में यहां-वहां फैले रहते हैं। हमारी आकाशगंगा जैसी आकाशगंगाओं में कुछ छोटे ब्लैक होल बेतरतीब ढंग से बिखरे हुए हैं। अन्य विशाल ब्लैक होल, जिन्हें 'सुपरमैसिव' ब्लैक होल कहा जाता है, आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं। इनका वजन हमारे सूर्य के द्रव्यमान से दस लाख से एक अरब गुना तक हो सकता है। तो आप सोच रहे होंगे: खगोलशास्त्री संभवतः इतनी अंधेरी और इतनी बड़ी चीज़ कैसे देख सकते हैं? मैं एक खगोलशास्त्री हूं जो हमारे ब्रह्मांड में बने पहले सुपरमैसिव ब्लैक होल का अध्ययन करता है। मैं यह समझना चाहता हूं कि ब्लैक होल कैसे बनते हैं और वे किस प्रकार के खगोलीय माहौल में विकसित होते हैं। दो प्रसिद्ध वैज्ञानिकों, अल्बर्ट आइंस्टीन और कार्ल श्वार्ज़चाइल्ड ने सबसे पहले ब्लैक होल का विचार प्रस्तुत किया था।

‘मन की बात’ में पीएम ने कई मुद्दों को सामने रखा

# डिजिटल लेन-देन, बैंकिंग सेवाओं और साइबर सुरक्षा पर रहें सावधान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**131वें एपिसोड में किया देशवासियों से संवाद**

पीएम नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 131वें एपिसोड में देशवासियों से सीधे संवाद किया। कार्यक्रम के जरिए सामाजिक, आर्थिक और डिजिटल मुद्दों पर नागरिकों को जागरूक किया। डिजिटल लेन-देन, बैंकिंग सेवाओं और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर चर्चा के माध्यम से पीएम लोगों को सजग रहने और सुरक्षित वित्तीय व्यवहार अपनाने की दिशा में सचेत रहने को कहा। इसमें डिजिटल दुनिया में सुरक्षा और जागरूकता की अहमियत को रेखांकित किया गया।




### केवाईसी आपकी सुरक्षा करेगी

साइबर सुरक्षा पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि डिजिटल फ्रॉड और अरेस्ट की घटनाएं समाज में बनी हुई हैं। लोग कभी-कभी फोन या मैसेज के माध्यम से धोखाधड़ी का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवाईसी सिर्फ बैंकिंग प्रक्रिया नहीं, बल्कि आपकी सुरक्षा का तरीका है। नागरिकों को सलाह दी कि वे केवल बैंक के अधिकारिक माध्यमों जैसे बैंक एप, शाखा या वेबसाइट से ही केवाईसी कराएं।

### त्योहारों पर वोकल फॉर लोकल की अपील

प्रधानमंत्री ने योहारों को लेकर देशवासियों को शुभकामनाएं दी और वोकल फॉर लोकल का मंत्र याद रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली समेत कई त्योहारों में विदेशी सामान की भरमार हो गई है। ऐसे उत्पादों को त्योहारों से दूर रखकर स्वदेशी अपनाना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि जब लोग स्वदेशी खरीदते हैं, तो वे देश को आत्मनिर्भर बनाने के अभियान को भी मजबूत करते हैं।

### परीक्षा को लेकर घबराएं नहीं

प्रधानमंत्री ने छात्रों के लिए कहा कि परीक्षा के समय मन में शंका आना स्वाभाविक है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि हर पीढ़ी ने यह अनुभव किया है और छात्र अकेले नहीं हैं। पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि किसी का मूल्य उसकी मार्कशीट से तय नहीं होता।

### अम्मा जयललिता जनसेवा की प्रतीक थीं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री ने कहा कि जो नेता समाज के कल्याण के लिए काम करते हैं, वे हमेशा जनता के दिलों में बसे रहते हैं। उन्होंने अम्मा जयललिता को ऐसी ही लोकप्रिय नेता बताया। पीएम मोदी ने कहा कि उनके नाम से ही तमिलनाडु के लोगों के चेहरे खिल उठते हैं। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई सराहनीय कदम उठाए। प्रधानमंत्री ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

### एआई समिट ने जीता दुनिया का दिल

पीएम मोदी ने कहा कि नई दिल्ली में एआई समिट में दो भारतीय उत्पादों ने विश्व नेताओं को खास तौर पर प्रभावित किया। पहला उत्पाद अमूल के बूथ पर प्रदर्शित किया गया, जहां बताया गया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से पशुओं के इलाज को बेहतर बनाया जा रहा है। एआई के जरिए किसान 24 घंटे अपनी डेयरी और पशुओं का रिकॉर्ड रख सकते हैं। दूसरा उत्पाद भारत की संस्कृति से जुड़ा था। इसमें दिखाया गया कि एआई तकनीक के माध्यम से प्राचीन ग्रंथों, पांडुलिपियों और पारंपरिक ज्ञान को सुरक्षित रखा जा रहा है। कई देशों के प्रतिनिधि आश्चर्यचकित रह गए। भारत की तकनीक ने दुनिया का दिल जीत लिया।

### केरल की 10 माह की अंगदाता शेरिन को किया याद

प्रधानमंत्री ने केरल की 10 महीने की अंगदाता एलिन शेरिन अब्राहम की कहानी भी साझा की। सड़क दुर्घटना में 13 फरवरी को डॉक्टरों ने बच्ची को ब्रेन डेड घोषित कर दिया था। बाद में परिवार ने बच्ची के अंगदान का फैसला किया।

### राष्ट्रपति भवन में लगेगी राजगोपालाचारी की प्रतिमा

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश गुलामी के प्रतीकों को पीछे छोड़कर भारत की संस्कृति से जुड़ी चीजों को महत्व देने लगा है। उन्होंने बताया कि 23 फरवरी को राष्ट्रपति भवन में ‘राजाजी उत्सव’ मनाया जाएगा। प्रतिमा लगेगी।

## खबर संक्षेप

### पूर्व विधायक बिस्वास वापस टीएमसी में गए

**कोलकाता।** बंगाल के बशीरहाट दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक दीपेंदु बिस्वास ने रविवार को टीएमसी में फिर से वापसी कर ली। उनके साथ जिले के कई नेताओं ने भी सत्तारूढ़ दल का दामन थामा है। इनमें कांग्रेस अध्यक्ष कादेर सरदार और बशीरहाट नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष पार्थसारथी बसु भी शामिल हैं।



### रोटियों पर थूक, पुलिस ने होटल करवाया बंद

**अलीगढ़।** यहां रोटी पर थूक लगाकर बनाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह मामला रोरावर क्षेत्र के तेलीपाड़ा इलाके का बताया जा रहा है। करीब छह-छह सेकंड के दो वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर हो रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी कारीगर को गिरफ्तार कर लिया है।



### असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन भाजपा में

**गुवाहाटी।** कांग्रेस की असम इकाई के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने रविवार को भाजपा ज्वाइन कर ली। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया की उपस्थिति में भूपेन कुमार बोरा सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हो गए। भाजपा की असम इकाई के मुख्यालय ‘वाजपेयी भवन’ में समारोह के दौरान बोरा अब भाजपा के सदस्य बन गए।



### 60 दिन तक ‘डिजिटल अरेस्ट’, 3 करोड़ ठगे

**देहरादून।** साइबर ठगों ने 60 दिन तक ‘डिजिटल अरेस्ट’ करके 70 साल की महिला से 3 करोड़ की ठगी कर ली। जालसाजों ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया। इसके बाद पीड़ित महिला को वीडियो कॉल पर घंटों धमकाया। गिरफ्तारी कहकर करोड़ों ट्रांसफर करवा लिए।




प्रधानमंत्री मोदी ने मेरठ से कांग्रेस के एआई ‘बवाल’ पर उठाए सवाल

# एआई समिट पर कांग्रेस को कपड़े उतारने की जरूरत नहीं, वह पहले से ही ‘नग्न’



**एआई समिट पर कांग्रेस की राजनीति को कोसा**

एजेंसी ▶▶ मेरठ

पीएम मोदी ने मेरठ में दिल्ली- मेरठ रैपिड रेल के फुल स्ट्रेच और मेरठ मेट्रो का उद्घाटन किया और कहा कि एक तरफ देशवासी भारत को विकसित बनाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, लेकिन देश में ही कुछ राजनीतिक दल हैं जो भारत की सफलता को पचा नहीं पा रहे हैं। एआई समिट में दुनिया भर के 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधि दिल्ली आए। दुनिया के विकासशील देशों में ऐसा सम्मेलन आज तक कभी नहीं हुआ। लेकिन कांग्रेस और इसके इकोसिस्टम ने भारत के एक वैश्विक आयोजन को अपनी नग्न और गंदी राजनीति का अखाड़ा बना दिया। समारोह स्थल पर विदेशी अतिथियों के सामने कांग्रेस के नेता कपड़े उतार कर पहुंच गए। मैं कांग्रेस वालों से पूछता हूं कि देश तो जानता है आप पहले से ही नग्न हो, फिर कपड़े उतारने की जरूरत क्या पड़ी? महिला सांसदों को भेज करके सीट पर कब्जा करके आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हो। कांग्रेस के साथी दलों ने कांग्रेस की आलोचना की।

महिला सांसदों को राशि भेजकर सीट पर कब्जा करके आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते

## अब परियोजनाएं पहले की तरह लटकती-भटकती नहीं



मेरठ में लोगों को संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी

### आज विकसित देश भारत के साथ जुड़ने को उत्सुक

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया के अनेक विकसित देश आज भारत के साथ व्यापारिक समझौते कर रहे हैं। आज विकसित देश भारत के साथ जुड़ने के लिए उत्सुक हैं। क्योंकि उनको भारत के विकास में अपना भविष्य दिखता है। उनको भारत की युवाशक्ति में उम्मीद दिखती है। आज दुनिया को लगता है कि भारत वो ताकत है, जो 21वीं सदी की चुनौतियों का समाधान दे।

### ये भाजपा का समारोह नहीं देश का कार्यक्रम था

पीएम मोदी ने कहा कि एआई समिट ये भाजपा का समारोह नहीं था, ये देश का कार्यक्रम था, देश के सम्मान का कार्यक्रम था। लेकिन कांग्रेस ने परसों सारी मर्यादाएं तोड़ दी। आज पूरे देश में कांग्रेस की इस रीति-नीति पर थू-थू हो रही है, लेकिन दुर्भाग्य देखिए। इतनी पुरानी पार्टी के नेता लाजने के बजाय बेशर्मी के साथ बोलते हैं।

### देश की सबसे पुरानी पार्टी दिवालिया, दरिद्र हो गई

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने नेताओं ने वहां जो कुछ किया वह दिखाता है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी कितनी दिवालिया, कितनी दरिद्र हो गई है। कांग्रेस तो अपने ही देश को बदनाम करने में जुटी है। कांग्रेस ने नेताओं ने जो कुछ किया वह दिखाता है देश की सबसे पुरानी पार्टी कितनी दिवालिया, कितनी दरिद्र हो गई है?

**अब परियोजनाएं पहले की तरह लटकती, भटकती नहीं**

पीएम मोदी ने काह कि हमारी कार्य संस्कृति है कि जिस काम का शिलान्यास किया जाए, उसे पूरा करने के लिए दिन-रात एक कर दिया जाए। इसलिए अब परियोजनाएं पहले की तरह लटकती, भटकती नहीं है।

### पहले शाम होते ही यहां पूरे रूट में छा जाता था सन्नाटा

पीएम मोदी ने कहा कि पहले यहां शाम होते ही यहां पूरे रूट में सन्नाटा छा जाता था। यहां डर और भय का माहौल होता था। अब एक तरफ कानून व्यवस्था भी सुधरी है और दूसरी तरफ लोगों को सुविधापूर्ण और सुरक्षित यात्रा का भी माध्यम मिला है। मुझे खुशी है कि नमो भारत रैपिड रेल। ये नारीशक्ति के सामर्थ्य का प्रतीक भी बनी है। इसमें ट्रेन ऑपरेटर, स्टेशन कंट्रोल स्टाफ... ऐसे अधिकतर काम में हमारी बेटियां ही कार्यरत हैं, बेटियां ही नेतृत्व कर रही हैं।

### अब कांग्रेस देश के लिए बोझ बनी

पीएम ने कहा कि महिला सांसदों को भेज करके सीट पर कब्जा करके आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हो। क्या आप लोग इतने खोखले हो गए हो कि माताओं-बहनों को इसके लिए आगे कर रहे हो? कांग्रेस देश के लिए बोझ बन गई है। एक बात से मुझे संतोष है कि दिल्ली में जो घटना घटी, कांग्रेस के सभी साथी दलों ने कांग्रेस की भरपूर आलोचना करने की हिम्मत दिखाई है। मैं उनका सार्वजनिक रूप से आभार व्यक्त करता हूं।

पित्रोदा के बयान पर भड़की भाजपा

# ‘लश्कर-ए-कांग्रेस’ के सैम ने झूठ बोल देश का मजाक उड़ाया

पूनावाला ने कहा- देश को बदनाम कर रहे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वरिष्ठ कांग्रेस नेता की टिप्पणी पर भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि ‘लश्कर ए कांग्रेस’ के मुख्य सलाहकार ने एक बार फिर से झूठ बोलकर भारत का मजाक उड़ाने की कोशिश की है। एआई समिट में कांग्रेस के टॉपलेस ऐक्ट के बाद लश्कर-ए-कांग्रेस के मुख्य सलाहकार सैम पित्रोदा मैदान में हैं। एक एक बार फिर भारत को बदनाम करने के एजेंडे पर चले हैं। सैम झूठ बोलकर भारत का मजाक उड़ाते हैं। कहते हैं कि भारत पर शर्म आती है कि उसने मोबाइल के लिए ऑपरेटिंग सिस्टम तक विकसित नहीं किया है। उन्होंने पित्रोदा की टिप्पणियों का खंडन करते हुए भारत में विकसित ऑपरेटिंग सिस्टम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का एकमात्र मिशन झूठ बोलकर भारत को बदनाम करना है।

ये बोले पित्रोदा

### दूसरों की सेवा के लिए हैं भारतीय

भारतीय प्रवासी कांग्रेस के प्रमुखपित्रोदा ने एक बार फिर से एक बयान के जरिए पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। सैम ने दावा किया कि भारत ने दूसरों की सेवा के लिए युवाओं की बड़ी फौज को खड़ा किया है।यह दिशियों के लिए काम करती है। सैम ने टेक्नोलॉजी निर्माण की स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक 1.5 अरब आबादी वाले देश के लिए यह शर्म की बात है कि उनके पास अपना ऑपरेटिंग सिस्टम तक नहीं है। इसी टिप्पणी पर भाजपा ने हमला बोला।



### खोजों का लाभ उठाने में दिल्ली असमर्थ

एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में सैम ने विदेशी कंपनियों में भारतीयों की संख्या जिक्र करते हुए अपनी बात को रखा। उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी शिक्षा संस्थाओं के जरिए युवा प्रतिभा का एक बड़ा आधार तैयार किया है, लेकिन भारत में ही नई खोजों के लिए इसका लाभ उठाने में नई दिल्ली पूरी तरह से असमर्थ रही है। उन्होंने कहा कि हमने बहुत सारी युवा प्रतिभा का निर्माण किया है, लेकिन यह अपरिपक्व है। इस प्रतिभा ने भारत का नहीं बल्कि दुनिया की तमाम बहुराष्ट्रीय कंपनियों को प्रोग्रामिंग, कानून, उद्योग, लॉजिस्टिक्स, इनोवेशन, बैंकिंग में मदद की है। इस प्रतिभा के दम पर भारत ने वैश्विक स्तर के प्रोडक्ट्स नहीं बनाए, बल्कि इस प्रतिभा का इस्तेमाल दूसरे की सेवा के लिए किया।

सीबीएसई फिजिक्स परीक्षा पर उठा विवाद

# परीक्षा के अलग- अलग प्रश्नपत्रों की कठिनाई का स्तर समान नहीं रखा गया

शिक्षक ने बोर्ड के खिलाफ जनहित याचिका दायर की

एजेंसी ▶▶ दनई दिल्ली

देशभर में बोर्ड परीक्षाओं के बीच एक नया विवाद खड़ा हो गया है जिसने लाखों विद्यार्थियों और अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है। शिक्षक प्रशांत किराड ने सीबीएसई के खिलाफ जनहित याचिका दायर की है। आरोप है कि परीक्षा के अलग अलग प्रश्नपत्रों की कठिनाई का स्तर समान नहीं रखा गया, जिससे छात्रों के साथ न्याय नहीं हुआ और उनके अंक उनकी मेहनत से ज्यादा किस्मत पर निर्भर हो गए। शिक्षक का कहना है कि कुछ विद्यार्थियों को




अपेक्षाकृत आसान प्रश्नपत्र मिले, जबकि अन्य को ऐसे प्रश्न हल करने पड़े जिनका स्तर प्रतियोगी परीक्षाओं जैसा बताया जा रहा है। इससे छात्रों में असमानता की भावना पैदा हुई है और पूरे परीक्षा तंत्र पर सवाल उठने लगे हैं।

### क्या है पूरा मामला

दायर की गई जनहित याचिका में कहा गया है कि वर्षों से बोर्ड अलग अलग प्रश्नपत्र तैयार करता रहा है ताकि नकल जैसी समस्याओं पर रोक लगाई जा सके। लेकिन इस बार प्रश्नपत्रों के बीच कठिनाई का अंतर असामान्य रूप से ज्यादा बताया जा रहा है। आरोप है कि कुछ प्रश्नपत्र सीधे और कोर्स आधारित थे, जबकि अन्य में अवधारणात्मक और गहराई वाले प्रश्न अधिक थे, जिनके लिए अतिरिक्त तैयारी की जरूरत पड़ी।

### नड्डा ने टेटनस व डिप्थीरिया वैक्सीन को किया लॉन्च



**सोलन।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को केंद्रीय अनुसंधान केंद्र में टेटनस व डिप्थीरिया वैक्सीन को लॉन्च किया। उन्होंने टीडी वैक्सीन के 15 लाख डोज को बाजार में उतारने के लिए हरी झंडी दिखाई। वैक्सीन की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। सीआरआई कसौली कर्मचारी यूनियन के नेता मांगों को भी स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष रखा।

## खाटू श्याम पद यात्रा


**जयपुर।** रविवार को श्रध्दालु वार्षिक खाटू श्याम पद यात्रा पर निकल पड़े, जो जयपुर से सीकर तक पैदल मार्च है

नौ राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की सूची जारी

# देशभर में घटे 1.70 करोड़ मतदाता यहां संख्या 9.75 करोड़ ही रह गई

चुनाव आयोग ने जारी किए आंकड़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के छह राज्यों और कुछ केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम पूरा हो गया है। चुनाव आयोग द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार इस प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में ऐसे मतदाताओं के नाम हटाए गए, जिन्हें अयोग्य पाया गया। 9 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाताओं की संख्या मिलाकर 1 करोड़ 70 लाख से ज्यादा घट गई है। आयोग ने स्पष्ट किया कि यह हटाए गए मतदाताओं और नए जोड़े गए योग्य मतदाताओं



के अंतर के आधार पर नेट बदलाव है। गुजरात, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, राजस्थान, छत्तीसगढ़, अंडमान-निकोबार द्वीप, गोवा और केरल समेत 9 राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों में एसआईआर शुरू होने से पहले मतदाताओं की संख्या लगभग 21.45 करोड़ थी।

### बंगाल में न्यायिक जांच आज से होगी शुरू

**कोलकाता।** बंगाल में चल रहे विशेष गहन निरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची में दावों और आपत्तियों की पूर्ण न्यायिक जांच सोमवार से शुरू हो जाएगी। कलकत्ता हाई कोर्ट द्वारा नियुक्त 150 सेशन जज, 250 न्यायिक अधिकारी इस व्यवस्था में लगाए गए हैं। प्रत्येक जिले में हाई कोर्ट द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति इस प्रक्रिया की निगरानी करेगी। समिति में जिला जज, जिला मजिस्ट्रेट होंगे।

सीएम सिद्धारमैया ने सोशल मीडिया की लत पर जताई चिंता

# अब 16 साल से कम उम्र के बच्चे नहीं चला पाएंगे मोबाइल

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए मोबाइल फोन पर रोक लगाने पर विचार किया जा रहा है। इसके पीछे का कारण उन्होंने बताया कि बच्चों में सोशल मीडिया की लत बढ़ रही है और इसका उनके दिमाग पर असर पड़ रहा है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि यह प्रस्ताव चर्चा के दौर में है और राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से सलाह मांगी गई है कि क्या उनके परिसरों में नाबालिगों की मोबाइल फोन तक पहुंच को सीमित किया जाना चाहिए।



## विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से मांगी सलाह



### स्वास्थ्य और व्यवहार पर बुरा असर पड़ रहा

सिद्धारमैया ने कहा कि आज हम इस पर चर्चा कर रहे हैं। आप सभी यहां कुलपति हैं, इसलिए मैं आपकी राय जानना चाहता हूं। बच्चे ड्रग्स के शिकार हो रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया जैसे कई देशों की तरह छात्रों में मोबाइल फोन पर रोक लगाने का विचार है। मैं आपकी राय जानना चाहता हूं। हम इसे देख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि छात्रों में सोशल मीडिया की बढ़ती लत उनकी शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार पर बुरा असर डाल रही है।

### हितधारकों से राय ले रहा राज्यः प्रियांक

इसके अलावा, कर्नाटक के इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री प्रियांक खरगे ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि राज्य खासतौर से बच्चों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग के उपायों पर हितधारकों से राय ले रहा है।

### गोवा और आंध्र सरकार भी कर रहे विचार

कर्नाटक के अलावा, गोवा सरकार भी 16 साल से कम उम्र के बच्चों को इंस्टाग्राम, फेसबुक और एक्स जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स तक पहुंच से रोकने पर विचार कर रही है। आंध्र प्रदेश में शिक्षा मंत्री नारा लोकेश ने भी संकेत दिया है कि सरकार नाबालिगों के सोशल मीडिया उपयोग पर कड़े नियंत्रण पर विचार कर रही है। उन्होंने ऑनलाइन उत्पीड़न और बच्चों के बढ़ने से ध्यान और पढ़ाई पर पड़ने वाले असर को बताया।

# ट्रंप ने ईरान पर हमले का फैसला किया, अल्टीमेटम तो महज दिखावा

पूर्व सीआईए अफसर जॉन किरियाकू ने दावा किया है कि अमेरिका ने अगले हफ्ते ईरान पर हमला करने का फैसला कर लिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप का दस दिन का अल्टीमेटम केवल ध्यान भटकाने के लिए है। इस सबके बीच अमेरिका ने युद्ध की आशंका के बीच अपने सैनिकों को सुरक्षित स्थानों पर भेजना शुरू कर दिया है।

- अमेरिका ने अपने सैनिकों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा
- पक्का फैसला, बहुत जल्द होगा हमला

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व अफसर जॉन किरियाकू ने एक बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि अमेरिका ने अगले हफ्ते की शुरुआत में ईरान पर सैन्य हमला करने का पक्का फैसला कर लिया है। जूलियन डोरे पॉडकास्ट पर बात करते हुए किरियाकू ने बताया कि व्हाइट हाउस के सूत्रों के मुताबिक, प्रशासन की तरफ से दी गई समय सीमा के बावजूद हमला बहुत जल्द होने वाला है। किरियाकू ने कहा, 'मेरा एक दोस्त है जो सीआईए का पूर्व अफसर है। उसने रविवार सुबह व्हाइट हाउस में अपने दोस्तों से बात की। उसका कहना है कि सोमवार या मंगलवार को ईरान पर हमला करने का फैसला हो चुका है।

## पूर्व सीआईए अफसर जॉन किरियाकू का बड़ा दावा


जॉन किरियाकू


डोनाल्ड ट्रंप, राष्ट्रपति

### दस दिन का समय सिर्फ ध्यान भटकाना है

किरियाकू ने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कल ईरान को एक प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए दस दिन का समय दिया था। इसमें ईरान को अपना बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम और यूरेनियम संवर्धन बंद करने के साथ-साथ हमास, हिजबुल्लाह और हूथी जैसे समूहों की मदद रोकने को कहा गया था। लेकिन किरियाकू का मानना है कि यह समय सीमा केवल ध्यान भटकाने की एक चाल है। उन्होंने कहा, वे आपको दस दिन देंगे, लेकिन दो दिन बाद ही हमला कर देंगे। उन्हें लगता है कि इससे दुश्मन का संतुलन बिगड़ जाता है।

### सैनिकों की सुरक्षा के लिए जगह बदली

हमले की तैयारी के संकेतों के बीच अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपने सैनिकों को सुरक्षित जगहों पर भेजना शुरू कर दिया है। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक कतर के अल उदीद बेस से सैकड़ों सैनिकों को दूसरी जगह भेजा गया है। बहरीन, इराक, सीरिया, कुवैत, सऊदी अरब, जॉर्डन और यूएई में भी अमेरिकी ठिकानों पर ऐसे ही बदलाव देखे गए हैं। अधिकारियों को डर है कि युद्ध होने पर वहां मौजूद 30,000 से 40,000 अमेरिकी सैनिक ईरान का मुख्य निशाना बन सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र में ईरानी मिशन ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी हमले की स्थिति में इलाके में मौजूद सभी अमेरिकी बेस और संपत्तियां उनका निशाना होंगी। इसे देखते हुए अमेरिका अपने एयर डिफेंस सिस्टम को शिफ्ट कर रहा है और एयरक्राफ्ट कैरियर को ईरान की पहुंच से दूर रख रहा है।

### ट्रंप की टीम में युद्ध को लेकर बंटवारा

*पूर्व सीआईए अफसर ने बताया कि ट्रंप प्रशासन के अंदर इस हमले को लेकर दो गुट बन गए हैं। उन्होंने कहा, युद्ध विरोधी गुट में जेडी वेंस और तुलसी गबार्ड हैं, जबकि युद्ध समर्थक गुट का नेतृत्व मार्को रुबियो कर रहे हैं। इसमें पीट हेगसेथ और अब ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ भी शामिल हैं। किरियाकोउ ने बताया कि ट्रंप ने पिछले 12 महीनों में सभी ज्वाइंट चीफ्स को बदल दिया है और ऐसे लोगों को रखा है जो उनके प्रति वफादार हैं। इसी वजह से सेना का रुख अब बदल गया है।*

### यूएफओ फाइलों से ध्यान भटकाने की कोशिश?

*चर्चा के दौरान यह भी बात उठी कि सरकार जल्द ही यूएफओ से जुड़ी फाइलें जारी कर सकती है। किरियाकू ने माना कि हमले के समय ही इन फाइलों को जारी करने की बात करना जनता का ध्यान भटकाने का एक तरीका हो सकता है। जानकारों का मानना है कि तेहरान के मौजूदा प्रस्ताव अमेरिका को रोकने के लिए काफी नहीं हैं और राष्ट्रपति ट्रंप अब ईरान में सत्ता परिवर्तन के विचार पर काम कर रहे हैं।*

## खबर संक्षेप


### नेपाल में 4.1 तीव्रता का भूकंप, कोई हताहत नहीं

**काठमांडू।** नेपाल के कोशी प्रांत में रविवार सुबह हल्का भूकंप महसूस किया गया। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.1 दर्ज की गई। इसका केंद्र संखुवासभा जिले के रितक क्षेत्र में सुबह 7:31 बजे स्थित था। भूकंप के झटके आसपास के तपलेजुंग और भोजपुर जिलों में भी महसूस किए गए। हालांकि राहत की बात यह रही कि कहीं से भी जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। नेपाल भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील देशों में शामिल है।



### पाक की अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक, 19 की मौत

**कराची।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ता दिख रहा है। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक, शनिवार और रविवार की दरमियानी रात पाकिस्तान ने अफगान सीमा के पास आतंकियों के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। जिसमें अफगानिस्तान के 19 लोगों की मौत का दावा किया है। बताया जा रहा है कि घर में 21 लोग मौजूद थे, जिनमें दो अन्य घायल हुए हैं। मृतकों में 80 वर्षीय बुजुर्ग से लेकर एक साल का बच्चा तक शामिल है।



### मॉस्को पर ड्रोन हमले की कोशिश, 11 ड्रोन मारे

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को पर रविवार को ड्रोन हमले की कोशिश की गई। रूसी एयर डिफेंस सिस्टम ने एक घंटे के भीतर 11 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराने का दावा किया। रूसी सिविल एविएशन एजेंसी ने बताया कि डोमोडेडोवो, व्नुकोवो, झुकोव्स्की और शेरेमेत्येवो एयरपोर्ट अस्थायी तौर पर बंद किए गए हैं। अगली सूचना तक उड़ानों की आवाजाही रोकी गई है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार एयर डिफेंस ने मॉस्को की ओर बढ़ रहे एक और ड्रोन को इंटरसेप्ट किया। इसके साथ ही गिराए गए ड्रोन की कुल संख्या 11 हो गई।



## पीएम मोदी के दौरे से पहले इजराइली एक्सपर्ट ने कहा

# भारत-इजराइल की दोस्ती वैश्विक रक्षा रणनीति का नया पावर सेंटर

दौरे से दोनों देशों के बीच के एक्सपोर्ट-इंपोर्ट संबंध आगे बढ़ेंगे

जबकि इजराइली डिफेंस की दिक्कत स्ट्रक्चरल इम्बैलेंस है। इजराइल की प्रोडक्शन क्षमता पर सवाल हैं और मैनपॉवर का अभाव है। इस बीच पीएम मोदी एक विशालकाय डिफेंस बजट के साथ आ रहे हैं। एफवाय 27 के बजट ने पीएम मोदी के दौरे का स्टेज तैयार कर दिया है।

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस हफ्ते इजराइल जा रहे हैं। आठ सालों के बाद एक बार फिर से उनका तेल अवीव का दौरा होने जा रहा है। पीएम उस वक्त इजराइल जा रहे हैं जब 1 फरवरी को पेश किए गए बजट में रक्षा बजट के लिए 93.5 बिलियन अरब डॉलर जारी किया गया। इसीलिए पीएम के इस दौरे को डिप्लोमेसी की जगह डिफेंस के नजरिए से देखा जाना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर ने भारतीय नीति निर्धारकों की मानसिकता को काफी बदला है और भारत, हथियारो में भारी भरकम निवेश कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ भारत की जीत का प्रतीक नहीं था बल्कि एक दोस्त के तौर पर इजराइल पर भरोसे का अटूट होना भी था।

पिछले 2-3 सालों में ग्लोबल पॉलिटिक्स में काफी बदलाव आए हैं। ज्यादातर यूरोपीय देशों ने इजराइल से हथियार खरीदने बंद कर दिए हैं और कई देशों ने पुराने कॉन्ट्रेक्ट रद्द कर दिए हैं। ऐसे में इजरायल को भारत जैसे भागीदार की जरूरत है। ईरानी मिसाइल हमलों ने इजराइल को भारत में अपनी डिफेंस फैक्ट्रियों को सेटअप करने के लिए भी मजबूर किया है। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी का दौरा दोनों देशों के बीच के एक्सपोर्ट-इंपोर्ट संबंध को आगे बढ़ाकर इंडस्ट्रियल पार्टनरशिप की तरफ बढ़ते कदम को दिखाता है।



### क्या इजराइल भारत की क्षमताओं का उठा पाएगा फायदा?

डॉ. लॉरेन डेगन एमॉस ने लिखा है कि भारत के रक्षा बजट में कई खास एंट्री पॉइंट दिए गए हैं। इनमें एमआरओ और सस्टेनमेंट हब शामिल हैं मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल (एमआरओ) के लिए कच्चे माल पर कस्टम ड्यूटी में छूट इजराइल को भारत में रीजनल सर्विस हब बनाने का सीधा न्योता है। यह इजराइली टेक्नोलॉजिकल मौजूदगी बनाए रखते हुए भारत की स्ट्रेटेजिक ऑटोनॉमी सुनिश्चित करता है।

### भारत के प्राइवेट सेक्टर के साथ काम करना एक अच्छा मौका

इसके अलावा इजराइली कंपनियों के लिए भारत के प्राइवेट सेक्टर के साथ काम करने का भी मौका है। टाटा, एल&टी और भारत फोर्ज जैसी बड़ी भारतीय कंपनियों के साथ पार्टनरशिप करना अब संभव है। जैसे-जैसे डिफेंस प्रोडक्शन में प्राइवेट सेक्टर का हिस्सा रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच रहा है, इजराइली कंपनियों को अपने सेंसर, रडार और एआई सुइट्स को भारत के मालिकाना हक वाले प्लेटफॉर्म में लगाना होगा।

### इंडस्ट्रियल पार्टनरशिप की तरफ भारत-इजराइल के कदम

*इजराइली डिफेंस एक्सपर्ट डॉ. लॉरेन डेगन एमॉस ने जेरूशलम पोस्ट में लिखा है कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार का नजरिया सिक्योरिटी कंज्यूमर नहीं बल्कि सिक्योरिटी प्रोवाइडर है पर आधारित है, जो टेक्नोलॉजिकल आत्म निर्भरता और क्षेत्रीय सुरक्षा के नजरिए से डिजाइन किया गया है। उन्होंने लिखा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने दिखाया है कि इंटीग्रेटेड इंटेलिजेंस, हथियारबंद अनमैन्ड एरियल व्हीकल और एआई-ड्रिवन इंटेलिजेंस, सर्विलांस, और रिकॉनिसेंस दुश्मनों पर भारी पड़ सकते हैं, जबकि वे पूरी तरह से न्यूक्लियर हमले की सीमा से नीचे रहते हैं। इसीलिए भारत अब सिर्फ हार्डवेयर नहीं खरीद रहा है, यह अपनी सेनाओं के बीच ऑपरेशनल फ्यूजन पक्का करने के लिए सेना के डिजिटल ब्रेन में इन्वेस्ट कर रहा है। उन्होंने लिखा है जबकि इजराइली डिफेंस की दिक्कत स्ट्रक्चरल इम्बैलेंस है। इजरायल की प्रोडक्शन क्षमता पर सवाल हैं और मैनपॉवर का अभाव है। इस बीच पीएम मोदी एक विशालकाय डिफेंस बजट के साथ आ रहे हैं। एफ 27 के बजट ने पीएम मोदी के दौरे का स्टेज तैयार कर दिया है। डॉ. लॉरेन डेगन एमॉस ने लिखा है कि भारत विशालकाय बजट खर्च करने को तैयार है, लेकिन उसे ऐसी टेक्नोलॉजी चाहिए जो न सिर्फ युद्ध में अपनी क्षमता साबित कर चुका हो, बल्कि मेड इन इंडिया भी हो।*

## दो एके-47 राइफलें भी जब्त

# जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में जैश के टॉप कमांडर समेत तीन आतंकी ढेर



एजेंसी ▶▶ किश्तवाड़

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सुरक्षाकर्मियों ने ऑपरेशन त्राशी-1 के तहत आतंकियों पर कड़ा प्रहार किया है। इस अभियान के दौरान रविवार को तीन आतंकी ढेर किए गए हैं। मारे गए आतंकियों में जैश का टॉप कमांडर भी शामिल है।

इस जॉइंट ऑपरेशन को जम्मू-कश्मीर पुलिस, अंतरराष्ट्रीय खुफिया एजेंसियों ने मिलकर अंजाम दिया। खुफिया सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, किश्तवाड़ क्षेत्र में एक्टिव आतंकियों का पता लगाने और उन्हें खत्म करने के लिए एक अभियान शुरू किया गया है।

### आतंकियों के छिपे होने की मिली थी जानकारी

*शीर्ष सूत्रों के मुताबिक पुलिस और सुरक्षाबलों ने जैश के कमांडरों को मार गिराया है, इनमें सैफुल्लाह भी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद सेना, पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टुकड़ियों ने तलाशी अभियान शुरू किया और सुबह करीब साढ़े 10 बजे चतरू बेल्ट के पासेरकुट इलाके में मुठभेड़ शुरू हुई।*

### आतंकियों के पास से दो एके-47 राइफलें बरामद

*अधिकारी ने बताया कि एक पहाड़ी पर मौजूद मिट्टी के घर के भीतर छिपे आतंकवादियों ने पास आ रहे जवानों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। इस अभियान में अब तक तीन आतंकवादी मारे जा चुके हैं। उनके पास से दो एके-47 राइफलों और गोला-बारूद समेत अन्य आतंकी सामग्री भी बरामद की है। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है। सुरक्षाबल लगातार तलाशी अभियान चला रहे है, ताकि कोई भी छिपा हुआ आतंकी उनकी नजरों से बचे नहीं। आतंकियों की तलाश लगातार जारी है।*

### मुठभेड़ में तीन आतंकी ढेर

*सेना की 'व्हाइट नाइट कोर' ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू कश्मीर पुलिस, खुफिया विभाग और अपने खुद के खुफिया सूत्रों से मिली विश्वसनीय सूचनाओं के आधार पर, किश्तवाड़ क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें ढेर करने के लिए एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया। सीआईएफ (काउंटर इंटेलिजेंस फोर्स) डेल्टा, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों की आज सुबह करीब 11 बजे दुर्गम इलाके में आतंकवादियों के साथ फिर से मुठभेड़ शुरू हुई। सेना ने बताया कि जवानों ने तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया। तलाश अभी जारी है, जो लोग शांति भंग करने की कोशिश करेंगे, उन्हें कहीं कोई शरण नहीं मिलेगी।*

## ट्रंप पर फिर हमले की साजिश!

# रिजॉर्ट में गन लेकर घुसा शख्स सुरक्षाकर्मियों ने मार गिराया

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फ्लोरिडा के पाम बीच स्थित मार-ए-लागो रिजॉर्ट के सुरक्षा घेरे में घुसने वाले एक हथियारबंद व्यक्ति को मार गिराया गया। अमेरिकी खुफिया विभाग के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ट्रंप आमतौर पर सप्ताहांत 'मार-ए-लागो' रिजॉर्ट में गुजारते हैं, लेकिन शनिवार रात को घटना के समय वह व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति कार्यालय) में थे। उन्होंने बताया कि प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप भी घटना के समय राष्ट्रपति के साथ व्हाइट हाउस में थीं। अधिकारियों ने मारे गए व्यक्ति का नाम सार्वजनिक नहीं किया है। खुफिया विभाग के मुताबिक, मार-ए-लागो रिजॉर्ट के उत्तरी गेट पर तैनात कर्मियों ने एक व्यक्ति को शॉटगन और ईंधन के कैन के साथ घुसते देखा।



मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार सेवा के एजेंट और पाम बीच काउंटी के शेरिफ के डिप्टी ने व्यक्ति को मार गिराया।

## आज से मिलेगी सुविधा

# बांग्लादेश ने भारतीयों के लिए पर्यटक वीजा सेवा फिर शुरू करने का किया फैसला

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश ने भारत में रहने वाले लोगों के लिए एक बड़ी घोषणा की है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक, सोमवार से भारत में मौजूद बांग्लादेशी दूतावासों और मिशनों में पर्यटक वीजा सेवाएं फिर से शुरू कर दी जाएंगी।

सुरक्षा कारणों की वजह से यह सेवा कुछ समय के लिए रोक दी गई थी, लेकिन अब हालात बेहतर होने के बाद इसे दोबारा शुरू करने का फैसला लिया गया है। नई दिल्ली समेत इन जगहों पर आसानी से मिलेगा वीजा अधिकारी ने बताया कि नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन के अलावा कोलकाता, मुंबई, गुवाहाटी और अगरतला जैसे शहरों में मौजूद सभी मिशनों में अब पर्यटक वीजा आसानी से मिल सकेगा। पहले भी बाकी तरह के वीजा ज्यादातर जारी किए जा रहे थे, लेकिन टूरिस्ट वीजा सामान्य रूप से बंद थे और केवल बहुत जरूरी मामलों में ही दिए जा रहे थे।



## ऑस्ट्रेलिया में भारतीय सेना प्रमुख



**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ऑस्ट्रेलिया में वहां के सेना प्रमुख और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने सैन्य अभ्यास, नई अत्याधुनिक तकनीक और 2026 के 'ऑस्ट्राहिंद' पर चर्चा की।

## रॉकेट में आई खराबी

# नासा के मून मिशन को लगा बड़ा झटका, टला आर्टेमिस 2 का लॉन्च

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

नासा के प्रमुख जेरेड इसाकमैन ने शनिवार को तकनीकी समस्याओं का हवाला देते हुए मून मिशन आर्टेमिस-2 के मार्च में प्रक्षेपण की संभावना को खारिज कर दिया। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी का यह मून मिशन 50 से ज्यादा वर्षों में चंद्रमा के लिए पहला मानवयुक्त फ्लाईबाई मिशन है।

इसाकमैन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नासा की टीम ने विशाल एसएलएस रॉकेट में हीलियम प्रवाह में एक समस्या का पता लगाया है, जिसके कारण मार्च में लॉन्च की संभावना खत्म हो जाएगी।

### 1960 के दशक में नासा ने यह उपलब्धि हासिल की थीं


नासा का मून मिशन आर्टेमिस-2

नासा चीफ इसाकमैन ने कहा, 'मैं समझता हूं कि लोग इस घटनाक्रम से निराश हैं। यह निराशा सबसे ज्यादा नासा की टीम को महसूस हो रही है, जो इस महान परियोजना की तैयारी में अथक मेहनत कर रही है। उन्होंने कहा कि 1960 के दशक के दौरान जब नासा ने यह उपलब्धि हासिल की थीं जिसे अधिकांश लोग असंभव मानते थे और जिसे तब से दोहराया नहीं गया है, तो कई झटके लगे।

### अगले माह की 6 तारीख को होना था आर्टेमिस-2 लॉन्च

यह अमेरिकियों के लिए चंद्रमा की सतह पर एक बार फिर कदम रखने की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम होगा, लक्ष्य राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में घोषित किया था। बीते शुक्रवार को नासा ने 6 मार्च को प्रक्षेपण की संभावित तिथि निर्धारित की थी। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी को उम्मीद है कि वह इंसानों को वापस चंद्रमा पर उतारेगी, जबकि चीन एक प्रतिद्वंद्वी प्रयास में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## नक्सली बसवराजू के एनकाउंटर के बाद कमान 'देवजी' को सौंपी थी

# 6 करोड़ का इनामी,135 जवानों के हत्यारे नक्सली 'देवजी' ने किया तेलंगाना में सरेंडर

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

लाल आतंक के खात्मे की डेडलाइन 31 मार्च 2026 से पहले एक और बड़ी सफलता मिली है। 6 करोड़ के इनामी और 135 जवानों का हत्यारे नक्सली देवजी ने तेलंगाना में सरेंडर कर दिया है। देवजी नक्सल संगठन का महासचिव भी है। मई महीने में छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगलों में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सुप्रीम लीडर महासचिव नंबाला केशव उर्फ बसवराजू के एनकाउंटर के बाद नक्सलियों की कमान देवजी को सौंपी गई थी। दुर्दांत नक्सली देवजी तेलंगाना के करीमनगर जिले का रहने वाला है। उसका जन्म जिले के कोरुटला के एक दलित परिवार के यहां हुआ था। करीब 62 साल के नक्सली देवजी को तिप्पिरी तिरुपति उर्फ संजीव पल्लव नाम से भी जाना जाता है। बसवराजू के एनकाउंटर के बाद सीपीआई (माओवादी) का सर्वोच्च महासचिव पद खाली था, जिस पर देवजी को नियुक्त किया गया था।




### दुर्दांत नक्सली देवजीगुरिल्ला वॉर एक्सपर्ट

*नक्सली देवजी पिछले करीब साढ़े तीन दशक से लाल आतंक नक्सलवाद से जुड़ा हुआ है। उसे बेहद दुर्दांत नक्सली कमांडर माना जाता रहा है। उसके ऊपर देश के अलग-अलग राज्यों में कुल छह करोड़ रुपए का इनाम है। वह नक्सलियों की सेंट्रल मिलिट्री कमांड का प्रमुख भी रह चुका है। उसे गुरिल्ला वॉर का एक्सपर्ट माना जाता है। अपनी गुरिल्ला शैली में जंगल में सुरक्षा बलों पर हमला करने में वह माहिर था। रानी बोदली की घटना में 55 और दंतेवाड़ा में 80 सीआरपीएफ जवानों की मौत नक्सली देवजी के नेतृत्व में हुए हमलों में ही हुई थी।*

### सीआरपीएफ ने छह राज्यों में हथियारों के जखीरे का किया भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** देश से नक्सलियों को खत्म करने का मिशन अपने चरम पर पहुंच रहा है और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ ने 2026 में अब तक छह राज्यों में माओवादियों से जुड़े हथियारों तथा विस्फोटकों के 57 जखीरों का भंडाफोड़ किया है, जिसमें 101 से अधिक हथियार, विस्फोटक समेत आईईडी बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



### 6 राज्यों से खतरनाक हथियार बरामद किए

*अधिकारियों ने बताया कि अर्द्धसैनिक बल ने छह राज्यों - छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और मध्य प्रदेश - में छापेमारी के दौरान विभिन्न प्रकार की बंदूकों (एके-47, इंसास, .303 और देसी) के अलावा कुल 52 आईईडी, 405 किलोग्राम विस्फोटक, 1,093 से अधिक डेटोनेटर तथा अन्य सामान बरामद किया।*






## टी20 वर्ल्ड कप: साउथ अफ्रीका के गेंदबाजों का उम्दा प्रदर्शन, भारतीय बल्लेबाजी क्रम फ्लाप

# साउथ अफ्रीका ने रोका भारत की जीत का सिलसिला सुपर-8 मुकाबले में 76 रनों से हराया, मिलर की फिफ्टी



एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

डेविड मिलर के तूफानी अर्धशतक के बाद मार्को यानसेन की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के मैच में रविवार को भारत को 76 रन से हराकर प्रतियोगिता में उसके विजयी क्रम पर रोक लगा दी। भारत ने 2024 में वेस्टइंडीज और अमेरिका में हुए पिछले टी20 विश्व कप में एक भी मैच नहीं गंवाते हुए खिताब जीता था जबकि मौजूदा टूर्नामेंट में उसकी यह पहली हार है। यह रनों के लिहाज से भारत की

### 111 रन पर सिमटी टीम इंडिया

दक्षिण अफ्रीका के 188 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत यानसेन (22 रन पर चार विकेट), केशव महाराज (24 रन पर 3 विकेट) और कोर्बिन बॉश (12 रन पर 2 विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18.5 ओवर में 111 रन पर सिमट गया। मेजबान टीम की ओर से सिर्फ शिवम दुबे (42 रन, 37 गेंद, तीन छक्के, एक चौके) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। ईशान किशन बिना खाता पवेलियन लौटे। तिलक वर्मा सिर्फ एक रन ही बना सके। अभिषेक शर्मा 15 रन बनाने के बाद मार्को जानसेन की गेंद पर पवेलियन लौटे। कप्तान सूर्यकुमार यादव 18 रन बनाने के बाद कॉर्बिन बॉश का शिकार बने। वॉशिंगटन सुंदर 11 रन बनाकर आउट हुए। हार्दिक पांड्या 18 रन बनाकर पवेलियन लौटे। रिंकू सिंह केशव महाराज की गेंद पर आउट हुए और खाता तक नहीं खोल सके।

### *मिलर और ब्रेविस ने की 97 रन की साझेदारी*

*मिलर ने 35 गेंद में तीन छक्कों और सात चौकों से 63 रन की पारी खेलने के अलावा डेवाल्ड ब्रेविस (45 रन, 29 गेंद, तीन छक्के, तीन चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 51 गेंद में 97 रन की साझेदारी की, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने 20 रन पर तीन विकेट गंवाने के बावजूद सात विकेट पर 187 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। ट्रिस्टन स्टब्स ने भी 24 गेंद में तीन छक्कों और एक चौके से नाबाद 44 रन की पारी खेली। क्विंटन डी कॉक सिर्फ 6 रन बनाकर बोल्ड हुए। कप्तान एडेन मार्करम 4 रन बनाकर अर्शदीप सिंह का शिकार बने। इसके बाद रयान रिकेल्टन 7 रन बनाकर आउट हुए। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 15 रन पर तीन विकेट चटकाए जबकि अर्शदीप सिंह ने 28 रन देकर दो विकेट हासिल किए। चक्रवर्ती को एक विकेट मिला लेकिन उन्होंने चार ओवर में 47 रन लुटाए। हार्दिक पंड्या ने भी चार ओवर में 45 रन खर्च किए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला।*

### डेविड ने तोड़ा मैक्सवेल का रिकॉर्ड

डेविड मिलर ने भारत के खिलाफ अपनी 63 रन का पारी के दौरान 3 छक्के लगाए और उन्होंने अब टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। मिलर ने भारत के खिलाफ अब तक कुल 39 छक्के लगाए हैं जबकि मैक्सवेल ने भारत के खिलाफ कुल 38 छक्के लगाए हैं। तीसरे नंबर पर 3 छक्कों के साथ निकोलस पूरन मौजूद हैं।

### मिलर ने भारत के खिलाफ लगाया दूसरा सबसे तेज अर्धशतक

डेविड मिलर ने भारत के खिलाफ 26 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और वो टी20 वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका की तरफ से भारत के खिलाफ सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले दूसरे बैटर भी बने। हालांकि टी20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बैटर ओवरऑल लिटन दास हैं, जिन्होंने 21 गेंदों पर ये कमाल किया था जबकि दूसरे नंबर पर क्लासेन हैं, जिन्होंने 23 गेंदों पर ऐसा किया था।



## स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मारक्रम का पंड्या बो अर्शदीप | 04 | 7 | 0 | 0 |
| क्विंटन डिकॉक बो बुमराह | 06 | 7 | 1 | 0 |
| रिकेल्टन का दुबे बो बुमराह | 07 | 7 | 0 | 1 |
| ब्रेविस का अभिषेक बो दुबे | 45 | 29 | 3 | 3 |
| मिलर का तिलक बो चक्रवर्ती | 63 | 35 | 7 | 3 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 44 | 24 | 1 | 3 |
| यानसेन का रिंकू बो अर्शदीप | 02 | 6 | 0 | 0 |
| बॉश का एवं बो बुमराह | 05 | 6 | 1 | 0 |
| कागिसो रबाडा नाबाद | 00 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 11

**कुल:** 20 ओवर में सात विकेट पर 187 रन

**गेंदबाजी:** अर्शदीप 4-0-28-2, बुमराह 4-0-15-3, चक्रवर्ती 4-0-47-1, वाशिंगटन 2-0-17-0, पंड्या 4-0-45-0, दुबे 2-0-32-1

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| इशान का रिकेल्टन बो मारक्रम | 00 | 4 | 0 | 0 |
| अभिषेक शर्मा का बॉश बो यानसेन | 15 | 12 | 2 | 1 |
| तिलक वर्मा का डिकॉक बो यानसेन | 01 | 2 | 0 | 0 |
| सूर्यकुमार यादव का ब्रेविस बो बॉश | 18 | 22 | 2 | 0 |
| वाशिंगटन सुंदर का डिकॉक बो बॉश | 11 | 11 | 0 | 1 |
| शिवम दुबे का का एनगिडी बो यानसेन | 42 | 37 | 1 | 3 |
| हार्दिक पंड्या का स्टब्स बो महाराज | 18 | 17 | 0 | 1 |
| रिंकू सिंह का स्टब्स बो महाराज | 00 | 2 | 0 | 0 |
| अर्शदीप सिंह का स्टब्स बो महाराज | 01 | 2 | 0 | 0 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 00 | 3 | 0 | 0 |
| बुमराह का मारक्रम बो यानसेन | 00 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 05

**कुल:** 18.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 111 रन

**गेंदबाजी:** मारक्रम 1-0-5-1, यानसेन 3.5-0-22-4, रबाडा 4-0-32-0, एनगिडी 4-0-15-0, महाराज 3-0-24-3, बॉश 3-0-12-2

### *बुमराह ने अर्शदीप और अश्विन को पीछे छोड़ा*

*सुपर-8 मुकाबला में गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने एक शानदार उपलब्धि अपने नाम कर ली है। भारत के लिए टी20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट झटकने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में अब बुमराह टॉप पर आ गए हैं। बुमराह ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 4 ओवर में केवल 15 रन खर्च करके 3 विकेट झटके। इसके साथ ही उन्होंने अर्शदीप सिंह और अश्विन को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने टी20 वर्ल्ड कप में अब तक 33 विकेट अपने नाम किए हैं।*

### *हम इससे बेहतर बल्लेबाजी कर सकते थे: सूर्यकुमार*

*भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 76 रन की करारी शिकस्त के बाद स्वीकार किया कि उनकी टीम बल्लेबाजी में इससे बेहतर प्रदर्शन कर सकती थी। सूर्यकुमार ने कहा, ' शुरुआत में हमने बहुत अच्छी गेंदबाजी की। सात से 15वें ओवर के बीच उन्होंने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की और फिर हमने वापसी की।' उन्होंने कहा, ''बहुत अच्छी गेंदबाजी की लेकिन और बेहतर बल्लेबाजी कर सकते थे। कभी-कभी आपको सोचना पड़ता है कि आप पावरप्ले में मैच नहीं जीत सकते।*

## खबर संक्षेप




### 25 मार्च से दोहा में आईसीसी बोर्ड की बैठक

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बोर्ड और समितियों की बैठक 25 से 27 मार्च तक दोहा में आयोजित की जाएगी, जिससे क्रिकेट में कतर की बढ़ती भागीदारी का पता चलता है। आईसीसी ने कहा, 'यह बैठकें आईसीसी बोर्ड के निदेशकों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, समिति के सदस्यों और सीनियर पदाधिकारियों को एक मंच पर लाएंगी, जो वैश्विक खेल के वर्तमान और भविष्य से संबंधित प्रमुख मामलों पर विचार-विमर्श करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।''आईसीसी ने बताया कि 2020 से कतर में क्रिकेट में समग्र भागीदारी में 447 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आईसीसी ने कहा, 'इसका मुख्य कारण कतर ओलंपिक समिति के स्कूल ओलंपिक कार्यक्रम में क्रिकेट को शामिल करना रहा है, जिसने देश भर के स्कूलों में इस खेल को स्थापित करने में मदद की है।'

### ऑस्ट्रेलिया ने भारत को पेनल्टी शूटआउट में हराया



**होबार्ट।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को जुझारुपन दिखाने के बावजूद खेले गए एफआईएच प्रो-लीग मुकाबले में मजबूत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा। तक दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर रहीं। स्ट्रेलिया ने दो गोल से पिछड़ने के बाद आखिरी क्वार्टर में वापसी की और फिर शूटआउट में भारत पर 5-4 से भारी पड़ा। भारत के अमित रोहिदास (15वां मिनट) और जुगराज सिंह (43वां मिनट) ने गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई, जबकि ऑस्ट्रेलिया के जोएल रिंटाला (47 वां, 56 वां मिनट) ने दो गोल कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। यह परिणाम ऐसे समय आया है जब भारत इस साल एफआईएच प्रो लीग में लगातार पांच मुकाबले हार चुका था। इसमें राउरकेला में खेले गए घरेलू चरण के चार मैच भी शामिल हैं।

## दिव्यांगजन के खेलों के केंद्र के रूप में उभर रहा मप्र : डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश दिव्यांगजन के खेलों के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभर रहा है। समाज सुधारक और चिंतक स्व. कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म शताब्दी वर्ष पर 100 घंटे लगातार क्रिकेट खेलने का यह प्रयास केवल रिकॉर्ड बनाने की कोशिश नहीं, बल्कि यह संदेश है कि जब संकल्प समाज के उत्थान के लिए होता है तो सीमाएं स्वयं समाप्त हो जाती हैं। यह बात सीएम डॉ. यादव ने राष्ट्रीय दिव्यांगजन क्रिकेट खेल महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर संबोधित करते हुए कही। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन स्टेडियम में दीप प्रज्वलित करने के साथ भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर खेल महोत्सव का शुभारंभ किया।



### पिच पर पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया

इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ यादव क्रिकेट पिच पर पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा एक बॉल भी खेली। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने दिव्यांग खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए। कार्यक्रम में अजय जामवाल, राहुल कोठारी, रविन्द्र यति और दिव्यांग खिलाड़ी उपस्थित रहे। विधायक भगवानदास सबनानी ने सभी का आभार माना।

### मप्र और राजस्थान के बीच खेला गया टूर्नामेंट का पहला मैच

पहला मैच मध्यप्रदेश और राजस्थान की ऑर्थो केटेगरी टीम के बीच रहा। इसके पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव को खेल महोत्सव का बैच लगाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टूर्नामेंट की कैप भी धारण की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय दिव्यांग खेल महोत्सव के अंतर्गत दिव्यांगजन का लगातार 100 घंटे क्रिकेट खेलना अद्भुत, आनंददायी और हम सबके लिए गर्व का अवसर है। मुख्यमंत्री ने दिव्यांग बेटी संगीता विश्नोई की इच्छाशक्ति की सराहना करते हुए कहा कि बेटियां केवल खिलाड़ी नहीं, आत्मविश्वास और साहस की जीवंत मिसाल हैं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने बताया कि विश्व में पहली बार एक ऐसा आयोजन हो रहा है जहां खेल की गूंज लगातार 100 घंटे तक रहेगी।

## इंडियन ओपन रेस वॉक: साहिल ने जीता स्वर्ण पदक, दिग्गजों को पछाड़ा

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब के खिलाड़ी साहिल ने 'इंडियन ओपन रेस वॉक' प्रतियोगिता के अंतिम दिन रविवार को पुरुष हाफ मैराथन में अपने से अधिक चर्चित प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। मनोरम सुखना झील कोर्स पर रोमांचक मुकाबले में 24 वर्षीय साहिल ने तमिलनाडु के अनुभवी सर्विन सेबेस्टियन की कड़ी चुनौती को पीछे छोड़ते हुए 21 किलोमीटर की दूरी को एक घंटा 25 मिनट 48 सेकंड में पूरा कर पहला स्थान हासिल किया। सेबेस्टियन ने 1:25:50.00 के समय के साथ रजत पदक जीता, जबकि हरियाणा के हरदीप ने 1:26:03.00 का समय



लेकर कांस्य पदक अपने नाम किया। पेरिस ओलंपियन परमजीत सिंह बिष्ट (उत्तराखंड) 1:26:07.00 के समय के साथ चौथे स्थान पर रहे। बीस किमी पैदल चाल के ओलंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक पंजाब के अक्षदीप सिंह सातवें स्थान पर रहे।

## करकेरा ने जीती नई दिल्ली मैराथन एशियाई खेलों के लिए किया क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कार्तिक करकेरा ने रविवार को 11वीं नई दिल्ली मैराथन जीती और दो अन्य धावकों के साथ इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई करने का मानक भी हासिल किया। मुंबई के रहने वाले करकेरा ने 42.2 किलोमीटर की दूरी दो घंटे, 13 मिनट, 10 सेकंड (02:13:10) में पूरी करके जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाइंग मार्क को आसानी से पार कर लिया। पेशे से चिकित्सक 28 वर्षीय करकेरा ने गोपी थोनकल (02:13:12) और मान सिंह (02:13:15) को मामूली अंतर से पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया। इन तीनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली और आखिर में वह बहुत कम अंतर से फिनिश लाइन तक पहुंचे। इन तीनों खिलाड़ियों ने इस तरह से एशियाई खेलों में पुरुष मैराथन के लिए दो घंटे, 15 मिनट, 04 सेकंड के क्वालीफाइंग मार्क को आसानी से हासिल कर दिया।



महिलाओं के वर्ग में हालांकि कोई भी भारतीय खिलाड़ी 2:31:52 के एशियाई क्वालीफाइंग मार्क को हासिल नहीं कर पाई। महिला वर्ग में ठाकुर निर्मबेन (02:41:15) ने पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने भागीरथी (02:43:28) और अश्विनी जाधव (02:56:59) को पीछे छोड़ा। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मान्यता प्राप्त इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 31 देशों और 490 शहरों के 30,000 से अधिक धावकों ने भाग लिया।

टी20 वर्ल्ड कप

## उलटफेर में माहिर जिम्बाब्वे के सामने वेस्टइंडीज की होगी अग्नि परीक्षा



एजेंसी ▶▶| मुंबई

टी20 वर्ल्ड कप में सोमवार को जिम्बाब्वे की भिड़ंत दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज से होगी। दोनों टीमों के बीच होने वाले सुपर-8 राउंड के इस मुकाबले की मेजबानी मुंबई का वानखेड़े स्टेडियम करेगा। जिम्बाब्वे का प्रदर्शन ग्रुप स्टेज में कमाल का रहा था। टीम ने पहले चरण में ही दो बड़े उलटफेर करते हुए सुपर-8 का टिकट कटाया है। जिम्बाब्वे ने पहले दौर में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को हराया था।

### बेनेट बना रहे लगातार रन

जिम्बाब्वे टीम के सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट टूर्नामेंट में लगातार रन बना रहे हैं। बेनेट 3 मुकाबलों में अब तक 175 रन बना चुके हैं। श्रीलंका के खिलाफ खेले गए मुकाबले में बेनेट ने 48 गेंदों में 63 रनों की दमदार पारी खेली थी। वहीं, कप्तान सिकंदर रजा बल्ले और गेंद दोनों से लगातार योगदान दे रहे हैं। गेंदबाजी में जिम्बाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुजारबानी ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट निकाले हैं। 3 मैचों में ब्लेसिंग अब तक 9 विकेट अपने नाम कर चुके हैं।

### होप और हेटयमार का दमदार प्रदर्शन

दूसरी ओर, वेस्टइंडीज के लिए अब तक इस विश्व कप में सब कुछ सही घटा है। बल्लेबाजी में कप्तान शाई होप और शिमरॉन हेटयमार का प्रदर्शन दमदार रहा है। होप 4 मैचों में 134 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 155 रन बना चुके हैं। वहीं, हेटमायर ने 159 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 4 मैचों में 134 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में कैरेबियाई टीम की तरफ से जेसन होल्डर और शमर जोसेफ टूर्नामेंट में 7-7 विकेट चटका चुके हैं।

## रियाल मैड्रिड हारा, विनिसियस जूनियर ने दागा शानदार गोल

स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट



**मैड्रिड।** विनीसियस जूनियर ने रियाल मैड्रिड के लिए एक बार फिर गोल किया, लेकिन ब्राजील का यह खिलाड़ी स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में शीर्ष पर काबिज अपनी टीम को ओसासुना के हाथों 2-1 की अप्रत्याशित हार से नहीं बचा सका। रियाल मैड्रिड की हार से खिताब जीतने की उसकी उम्मीदों को झटका लगा है। इससे दूसरे स्थान पर काबिज बार्सिलोना को तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का मौका मिल गया है। रियाल मैड्रिड के 25 मैच में 60 अंक जबकि बार्सिलोना के 24 मैच में 58 अंक हैं।

## मैनचेस्टर सिटी जीता आर्सेनल पर बढ़ाया दबाव

इंग्लिश प्रीमियर लीग



**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी ने न्यूकैसल को 2-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबाल टूर्नामेंट में खिताब की दौड़ को और रोमांचक बना दिया है। मैनचेस्टर सिटी में इस जीत से आर्सेनल पर दबाव बढ़ा दिया है। इन दोनों टीमों के बीच अब केवल दो अंक का अंतर रह गया है। आर्सेनल के 27 मैच में 58 और मैनचेस्टर सिटी के इतने ही मैच में 56 अंक हैं। न्यूकैसल के खिलाफ एतिहाद स्टेडियम में खेले गए मैच में मैनचेस्टर सिटी की तरफ से निको ओरेली ने दोनों गोल किए। इस तरह से मैनचेस्टर सिटी ने अपने अजेय अभियान को पांच मैच तक पहुंचा दिया है। मैनचेस्टर सिटी ने तीसरे स्थान पर काबिज एस्टन विला पर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली है, जिसने लीड्स के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।

## मेस्सी का जादू, 75 हजार से अधिक दर्शकों से भरा स्टेडियम

एमएलएस कप



लॉस एंजिल्स। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की मौजूदगी के बावजूद इंटर मियामी ने एमएलएस कप में अपने खिताब के बचाव का अभियान हार के साथ किया। इंटर मियामी को अपने पहले मैच में लॉस एंजिल्स एफसी (एलएएफसी) से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच को देखने के लिए ऐतिहासिक लॉस एंजिल्स मेमोरियल कोलिजियम स्टेडियम में 75,673 दर्शक उपस्थित थे। दर्शकों ने घरेलू टीम की शानदार जीत का जश्न मनाया और मेस्सी को खेलते हुए देखने का भरपूर आनंद लिया। मेस्सी ने इस महीने हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के बावजूद पूरा मैच खेला।




## बटेश्वर को लगा छप्पन भोग, महाआरती व भंडारे का आयोजन, दो क्विंटल फूलों से सजाया गया गर्भगृह


### देर रात तक चला महाप्रसादी का वितरण समारोह

# बाबा भोलेनाथ व गौरा के रिसेप्शन में उमड़े 12 से 16 हजार शहरवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रुद्राभिषेक, महाआरती, 56 भोग, भोजन एवं सूमधुर भजनों के साथ राजधानी के कायस्थपुरा स्थित बटेश्वर महादेव मंदिर में चल रही शिव- पार्वती की वैवाहिक रस्मों के अंतर्गत रविवार को रिसेप्शन (भंडारा) हुआ, जिसमें लगभग 12 से 16 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। मंदिर समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि शाम 5 बजे भगवान भोलेनाथ का महाअभिषेक कर मां गोरा व बटेश्वर की रजत प्रतिमा को दूल्हा-दुल्हन स्वरूप में मंदिर के गर्भ गृह में विराजित किया गया।

गर्भ ग्रह को दो कुंटल फूल वा कपड़े से सजाया गया था। छप्पन भोग अर्पित कर महा आरती के बाद रात्रि 9 बजे से महाप्रसादी का वितरण प्रारंभ हुआ, जो देर रात तक चला। जिसमें दस हजारों से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर समिति प्रकाश मालवीय सहित अन्य लोग मौजूद थे।


बड़वाले महादेव।

### दादाजी धाम मंदिर में श्री हनुमान चालीसा एवं श्री गुरु गीता का सामूहिक पाठ श्रद्धा-भक्ति के साथ संपन्न

जागृत एवं दर्शनीय तीर्थ स्थल दादाजी धाम मंदिर में रविवार को श्री हनुमान चालीसा एवं श्री गुरु गीता के सामूहिक पाठ का पावन आयोजन सुबह 10:00 बजे से 11:15 बजे तक अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर सामूहिक पाठ के माध्यम से भक्तजनों ने भगवान श्री हनुमान जी एवं सद्गुरु के श्रीचरणों में अपनी गहन आस्था अर्पित करते हुए आत्मिक शांति, सद्बुद्धि एवं पुण्य लाभ की प्राप्ति की।


दादाजी धाम मंदिर में मौजूद श्रद्धालु।

## होलाष्टक कल से शुरूः आठ दिन तक रुक जाएंगे सोलह संस्कार,नहीं हो सकेंगे गृहप्रवेश, सम्पत्ति क्रय जैसे अन्य कई शुभ कार्य

भोपाल। सनातन मान्यतानुसार होली के 8 दिन पहले होलाष्टक लग जाते हैं। इसका समापन होलिका दहन के साथ होता है। इस अवधि में सभी सोलह संस्कारों सहित शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार होलाष्टक 24 फरवरी से शुरू हो गए है। जो 3 मार्च तक रहेगा। होलाष्टक की शुरूआत के साथ ही होलिका दहन के लिए खम्भ गड़ जाएंगे। होलाष्टक की अवधि शोक की मानी जाती है। इसलिए इस दौरान पूजन, पाठ, फाग, भजन तो होंगे लेकिन मुंडन, ग्रह प्रवेश, संपत्ति क्रय या नए कार्य की शुरूआत आदि शुभ कार्य नहीं होंगे।

### होलिका दहन के लिए लगाए डंडे

परम्परा के अनुसार होलाष्टक आरम्भ होते ही डंडों को स्थापित किया जाएगा। इसमें एक होलिका का प्रतीक होता है और दूसरा प्रह्लाद का। शहर के गली-मोहल्लों, कॉलोनियों में होलाष्टक की शुरुआत के साथ ही जगह-जगह अरंडी को पेड़ की डाल के रूप में होली के खम्ब लगाए जाएंगे। स्थानीय परंपरा है कि अरंडी के पेड़ के नीचे होलिका और प्रहलाद की प्रतिमा रखकर होलिका दहन होता है। मान्यतानुसार होलाष्टक मृत्यु का सूचक है। इस दुःख के कारण होली के पूर्व होलाष्टक के दिनों में कोई भी शुभ कार्य नहीं होता है। जब प्रह्लाद बच जाता है, तब खुशी में होली का त्योहार मनाते हैं।

### 3 मार्च को होगा समाप्त

होलाष्टक फाल्गुन शुक्ल पक्ष अष्टमी से शुरू होकर फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तक रहता है। अष्टमी तिथि से शुरू होने कारण भी इसे होलाष्टक कहा जाता है। मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरूजी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया इस साल इस साल फाल्गुन मास की शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि का आरंभ 24 फरवरी को सुबह में 7 बजकर 1 मिनट पर होगा और अष्टमी तिथि 25 फरवरी को शाम में 4 बजकर 52 मिनट तक रहेगी। ऐसे में होलाष्टक 24 फरवरी से लगेगा और 3 मार्च को समाप्त होगा।

### होलिका दहन को लेकर गोकाष्ठ कमेटी की बैठक

## गोकाष्ठ की नहीं बढ़ेगी कीमत, कपड़े के बैग में प्रदान किया जाएगा सामान


गोकाष्ठ संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण समिति की बैठक आयोजित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर की हरियाली सहेजने और गऊ माता के संवर्धन को लेकर गोकाष्ठ संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण समिति ने बैठक की। इसमें तय किया की विगत आठ वर्षों से जो कीमत गोकाष्ठ की जनमानस से लेते आ रहे हैं, उसमें बढ़ोतरी नहीं करना है और पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए इसे प्लास्टिक की बोरी की जगह कपड़े के बैग में ही उपलब्ध कराना है और बैग की जो भी कीमत है उसे समिति सदस्य आपस में साझा करेंगे।

गोकाष्ठ परिवार के प्रमुख सलाहकार डॉ योगेंद्र कुमार सक्सेना ने कहा कि हम सभी समिति सदस्यों का दायित्व है कि हम अपनी कॉलोनी में गोकाष्ठ से ही होलिका दहन करे और आसपास की कॉलोनी के सदस्यों को भी इस पर्यावरण हितैषी मुहिम से जोड़े।

### *दायित्व निभाने की जिम्मेदारी*

*हेमंत अजमेरा, सत्यनारायण बांगड़, प्रहलाद दास मंगल ने ओल्ड सिटी के गोकाष्ठ सेंटरों के संचालन का दायित्व निभाने की जिम्मेदारी ली। वहीं आनंद नगर और होशंगाबाद रोड की कालोनियों तक गोकाष्ठ सुगमता से पहुंचे इस दायित्व को निभाने की जिम्मेदारी प्रमोद चुग, किशोर परिहार, चंदन शाह, अभिषेक तिवारी, योगेंद्र हरदेनिया ने ली। कोलार, कोटरा, नेहरू नगर का दायित्व अमित शुक्ला, रजनीश त्रिपाठी, अजय दुबे, पांडुरंग नामदेव ने लिया। मानस भवन और मानस उद्यान की जिम्मेदारी शैलेंद्र निगम, सुनील जेनाविन ने ली। गोकाष्ठ समिति के अध्यक्ष अरुण चौधरी और समन्वयक मम्तेश शर्मा ने बताया की जल्द ही हम अपने सभी गोकाष्ठ विक्रय सेंटरों की सूचना मीडिया के माध्यम से शहरवासियों तक पहुंचाएंगे और हम सबका एक ही लक्ष्य है कि शहर में अधिकाधिक होलिका दहन गोकाष्ठ से हो।*

## बैंक ऑफ इंडिया पेंशनर्स एवं रिटायर्ड एम्प्लॉइज एसो. की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैंक ऑफ इंडिया पेंशनर्स एवं रिटायर्ड एम्प्लॉइज एसोसिएशन (एमपी एवं सीजी यूनिट) की 9वीं वार्षिक आम बैठक रविवार भोपाल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनिट अध्यक्ष कॉम. एके वत्सल ने की।

■ यूनिट अध्यक्ष कॉम . एके वत्सल ने की अध्यक्षता

मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए 150 से अधिक सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पेंशन भोगियों के अधिकारों एवं कल्याण से जुड़े मुद्दों पर गंभीर चर्चा की। महासचिव कॉम. अभय वर्मा ने बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत करते हुए वर्तमान बैंकिंग परिदृश्य और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की चुनौतियों पर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कॉमपीएस पाटकी एवं कॉम. हरविंदर सिंह ने पेंशन अपडेटेशन की प्रगति, स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी में कमी के प्रयासों तथा अधिकारी वर्ग से जुड़े लंबित न्यायालयीन मामलों की जानकारी दी। इस मौके पर कॉम. पट्टनायक, सुबोथ कुमार, कॉम. कुलदीप स्वर्णाकर व कॉम. विकास पांडे आदि लोग मौजूद थे।


बैंक ऑफ इंडिया पेंशनर्स की बैठक आयोजित।

## सीएम डॉ. यादव ने किया कैम्ब्रिज करिकुलम कैंपस का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सागर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सागर पब्लिक स्कूल और सिस्टेक की 25 वर्षों की यात्रा का सिल्वर जुबली समारोह का आयोजन सागर पब्लिक स्कूल गांधी नगर कैंपस में किया गया।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर पब्लिक स्कूल मिसरोद के नव निर्मित होने वाले इंटरनेशनल कैमब्रिज करिकुलम का शिलान्यास किया। सागर ग्रुप के संस्थापक एवं चेयरमैन सुधीर कुमार अग्रवाल ने कहा कि सिल्वर जुबली केवल पूर्व उपलब्धियों का उत्सव नहीं, बल्कि वैश्विक मानकों, तकनीकी एकीकरण और मूल्य आधारित शिक्षा पर केंद्रित विकास के अगले चरण का शुभारंभ है।



## सेंट्रल बैंक ने आयोजित किया मेगा रिटेल क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा मेगा रिटेल क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसएस मूर्ति, महाप्रबंधक एमएसएमई, केंद्रीय कार्यालय मुंबई साथ हीसंजीव कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख भोपाल प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा भोपाल क्षेत्र के शाखा प्रबंधक और ग्राहक उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सर सोराबजी पोचखानवाला की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात संजीव कुमार ने सम्मानित ग्राहकों को संबोधित किया एवं बैंक द्वारा दिए जाने वाले रिटेल उत्पादों की जानकारी साझा की। महीने भर में बैंक ने करीब 68 करोड़ के ऋण स्वीकृत किए महाप्रबंधक एसएस. मूर्ति ने ग्राहकों को संबोधित किया एवं उन्हें कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद दिया। इसी कड़ी में भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा बिल्डर को टाई अप लेटर प्रदान किए गए।



मेगा रिटेल क्रेडिट प्रोग्राम आयोजित।




## गायत्री शक्तिपीठ में महिलाओं के लिए मुफ्त स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के अनुशासन एवं गायत्री शक्तिपीठ भोपाल के मार्गदर्शन में महिलाओं के लिए निःशुल्क होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पिछले तीन वर्षों से निरंतर किया जा रहा है।

यह शिविर प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित होता है, जिसमें परामर्श, स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाइयों का वितरण पूरी तरह निःशुल्क किया जाता है। शिविर में मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए अनुभवी चिकित्सकों की युवा टीम अपनी सेवाएं देती है। इनमें डॉ. योगेंद्र साहू, डॉ. आर.एस. राजपूत, डॉ. अंशुल नेमा, डॉ. पूजा साहू, डॉ. रीना धाकड़ अमृते एवं डॉ. संतोष सहित अन्य सहयोगी चिकित्सक शामिल हैं।


फ्री स्वास्थ्य शिविर।

एआई के उपयोग की दी जानकारी

## बाल भारती में एआई इन क्लास रूम पर सीबीएसई कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बाल भारती पब्लिक स्कूल निशातपुरा में एआई इन क्लास रूम पर विषय पर शिक्षकों के लिए एक दिवसीय सीबीएसई कार्यशाला का आयोजन किया गया।

तत्पश्चात विद्यालय की को ऑर्डिनेटर मृदुलता सिंह ने विषय विशेषज्ञों अर्शी गौहर तथा उर्मिला पंथी का स्वागत किया। इस वर्कशॉप का उद्देश्य शिक्षकों को कक्षा में एआई के उपयोग के बारे में जानकारी देना और उन्हें इसके माध्यम से शिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित करना था। शिक्षकों को एआई से कक्षा में व्यक्तिगत शिक्षा, मूल्यांकन, और प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए रणनीतियों और तकनीकों के बारे में भी जानकारी मिली।



सीबीएसई कार्यशाला का आयोजन।

### रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा भोपाल की वार्षिक आम सभा

## विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने पांच सदस्यीय समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी की जिला शाखा भोपाल की वार्षिक आम सभा रविवार को कलेक्टर कार्यालय भोपाल के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर के प्रतिनिधि एडीएम प्रकाश नायक ने की। उनका स्वागत जिला रेडक्रॉस के चेयरमैन बृजकिशोर सांघी ने किया।

सभा में शाखा सचिव एडवोकेट प्रमोद सक्सेना ने वार्षिक आम सभा का एजेंडा प्रस्तुत किया तथा वर्षभर की गतिविधियों का वार्षिक प्रतिवेदन रखा। प्रतिवेदन में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, आपदा राहत कार्य, प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण तथा सामाजिक सहायता गतिविधियों का उल्लेख किया गया। इस दौरान वित्त समिति अध्यक्ष राकेश वर्मा ने जिला रेडक्रास सोसायटी का कोष संबंधी विवरण प्रस्तुत किया गया जिसे सभा में अनुमोदित किया गया।



वार्षिक आमसभा।

### सभा में इन्होंने की शिरकत

सभा में राज्य प्रतिनिधि कमलाकर सिंह, कोषाध्यक्ष सुनील काले, कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप सिंह, संदीप सिंह परिहार, नेहा भगत, कृष्ण मोहन गुप्ता, प्रमोद शर्मा, नरेद्र मिश्रा, सैफिया सोसाइटी के प्रतिनिधि जैनबुद्दीन सिद्दकी तथा जिला उद्योग केन्द्र के प्रतिनिधि प्रवीण भट्ट सहित भारी संख्या में आजीवन सदस्य उपस्थित रहे।

### *रेडक्रॉस डिस्पेंसरी एवं जन औषधि केन्द्र प्रारंभ करने का प्रस्ताव पारित*

*बैठक के दौरान अध्यक्ष की अनुमति से जिला शाखा का विज़न डॉक्यूमेंट तैयार करने हेतु पांच सदस्यीय समिति के गठन का निर्णय लिया गया। जिसमें कार्यकारणी सदस्य राधेश्याम पाण्डेय, दिनेश शुक्ल, रवि चतुर्वेदी, राहुल पचौरी और ओमशंकर श्रीवास्तव को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही इतवारा सेंट्रल लाइब्रेरी भवन स्थित जिला शाखा भोपाल के पुराने कार्यालय में रेडक्रॉस डिस्पेंसरी एवं जन औषधि केन्द्र प्रारंभ करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। वही सभा अध्यक्ष द्वारा भोपाल जिले की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जन औषधि केन्द्र के साथ एम्बुलेंस सुविधा प्रारंभ करने का सुझाव रखा गया, जिसका सदस्यों ने समर्थन कर प्रस्ताव पारित किया। जबकि नए भोपाल क्षेत्र में शाखा कार्यालय हेतु शासकीय भवन उपलब्ध कराने हेतु शासन से अनुरोध करने का निर्णय लिया गया।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930